आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 11 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 321, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया 16

पूजा ने पूरी की फिल्म देवा की शूटिंग 15

## नगर निकायों की 20 सीटों पर जीते निर्दलीय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**उपचुनाव**

- 19 जिलों के नतीजे घोषित, भाजपा सात व कांग्रेस को दो सीट

**अमृत विचार :** नगर निकायों में 29 सदस्य पद के लिए हुए उप चुनाव में 20 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी हुए, जबकि सात सीट पर भाजपा व दो पर कांग्रेस प्रत्याशी जीते। बुधवार को सभी निकायों में शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना के बाद नतीजे घोषित कर दिए गए।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि जिन सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी जीते हैं, उनमें उन्नाव की नगर पंचायत अचलगंज, गाजीपुर की नगर पालिका परिषद, नगर पालिका परिषद जमानियां, नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद, फतेहपुर की नगर पंचायत कारीकान धाता, रामपुर की नगर पालिका परिषद बिलासपुर व सुल्तानपुर की नगर पंचायत कादीपुर शामिल हैं। नगर पंचायत भदोही व लखीमपुर खीरी नगर पालिका परिषद में कांग्रेस प्रत्याशी जीते हैं। रामपुर के दो निकायों और झांसी व सुल्तानपुर के एक-एक निकायों में कुल चार प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## 7720 चयनित लेखपालों को मिले नियुक्ति पत्र, 4700 पदों पर भर्ती शीघ्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### कर्तव्यों के प्रति रहें सजग, लोगों के बीच अपनी छवि सुधारें लेखपाल : योगी आदित्यनाथ

**अमृत विचार :** मिशन रोजगार कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 7720 लेखपालों को बुधवार को नियुक्ति दिया गया, जबकि 4700 खाली पदों पर जल्द ही भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने चयनित लेखपालों को उनके कर्तव्यों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि लेखपाल लोगों के बीच अपनी छवि सुधारें।



लोकभवन में चयनित लेखपालों को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये नियुक्ति प्रक्रिया पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है। इसमें कहीं कोई भेदभाव नहीं हुआ, कोई सिफारिश की आवश्यकता नहीं पड़ी।

ऐसे में लेखपालों की जिम्मेदारी बनती है कि वे प्रदेश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के साथ ही गरीबों की 'ईज ऑफ लिविंग' के लिए कार्य करें। लोगों को निर्धारित समय सीमा में जाति, निवास व आय प्रमाण पत्र मुहैया कराने में अपनी सक्रिय भूमिका अदा करें।

वरासत, नामांतरण और पैमाइश से जुड़ी कार्यवाही समय से पूरी हों। उन्होंने कहा कि लोगों के बीच में अच्छी छवि बने, ताकि लेखपाल के नाम से लोग घबराएं नहीं।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष मिशन रोजगार को लेकर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। लोकभवन के साथ ही मंडलायुक्त कार्यालयों में कार्यक्रम का लाइव आयोजन किया गया। इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, अध्यक्ष राजस्व परिषद डॉ. रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरु प्रसाद आदि मौजूद रहे।

- मुख्यमंत्री ने लोकभवन में वितरित किए नियुक्ति पत्र

### नई भर्ती के लिए भेजा जा चुका है प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने के लिए 2022 में राजस्व विभाग ने अपना प्रस्ताव अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को दिया था। चयन की प्रक्रिया पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ आयोग ने संपन्न की, लेकिन कुछ लोगों ने इसमें रोड़ा अटकाने का कार्य किया। राजस्व विभाग व अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इसके लिए लड़ा और अंतत: सफलता मिली। उन्होंने कहा कि 4700 और नई नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जल्द ही यह प्रक्रिया भी पूरी होगी। इससे सृजित व खाली पड़े 3837 लेखपालों की संख्या भी पूरी हो जाएगी।

**एक नजर**

### डोडा में आतंकवादियों की तलाशी का अभियान तेज

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के जंगलों में छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने बुधवार को तलाशी अभियान तेज कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि डोडा में आज तड़के फिर तलाशी अभियान शुरू किया गया। कल देर रात अंधेरे के कारण तलाशी अभियान रोका गया था। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के बारे में फिलहाल कुछ पता नहीं चल पाया है। डोडा के जंगलों में अंधेरे और भारी बारिश के कारण तलाशी अभियान निलंबित कर दिया गया था।

### डीजीसीए ने जारी किए सुरक्षा मानदंड

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अनिवार्य सुरक्षा मंजूरी आवश्यकताओं सहित हवाई अड्डों पर विमान संचालन सेवा प्रदाताओं के लिए सुरक्षा मानदंड जारी किए हैं। डीजीसीए ने यह कदम हवाई यातायात में वृद्धि के बीच हवाई अड्डों पर विमानों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत उठाया है। कुछ हवाई अड्डों पर विमान को नुकसान पहुंचने की घटनाओं की पृष्ठभूमि में भी ये नियम बनाए गए हैं। डीजीसीए ने बुधवार को कहा कि नया 'सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स' (सीएआर) विस्तृत परामर्श के बाद तैयार किया गया है जो निगरानी तंत्र को मजबूत करेगा।

# टैंकर से टकराई बस, 18 की मौत

### उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बुधवार को भोर में हुआ हादसा, 19 घायल

### बिहार से दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस ओवरटेक करते समय टैंकर में पीछे से भिड़ी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- तेज धमाके के बाद मची चीत्कार रोड पर बिखरे पड़े मिले शव
- मृतकों के परिजनों को 4 लाख घायलों को 50 हजार दिए जाएंगे

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में जोगीकोट गांव के पास बुधवार भोर में एक डबल डेकर स्लीपर बस आगे चल रहे दूध लदे टैंकर में जा घुसी। जिससे बस, टैंकर चालक सहित 18 यात्रियों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। तेज धमाका सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। एक्सप्रेस-वे पर लाशें बिखरी पड़ी थीं और घायलों में चीख-पुकार मची थी। यूपीडा की रेस्क्यू टीम व पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय सरकारी अस्पताल पहुंचाया। शासन ने मृतकों व घायलों के परिजनों को आर्थिक सहायता के साथ हर संभव मदद देने के निर्देश दिए हैं। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने दुर्घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है।

बुधवार भोर करीब साढ़े 4 बजे गौरीगंज अमेठी से दूध लदा टैंकर दिल्ली जा रहा था। बिहार प्रांत के शिवहर शहर से 70 सवारियां लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर स्लीपर बस ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर टैंकर में पीछे से घुस गई। तेज धमाके के साथ बस के परखचे उड़ गए। यात्रियों में चीख पुकार मच गई। टक्कर इतनी तेज थी कि टैंकर भी पलट गया और ढक्कन खुलने से दूध सड़क पर बह गया। हादसे से बस दो हिस्सों में बंट गई। बाद में यूपीडा के साथ पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और आसपास के सरकारी अस्पतालों से बुलाई गई 10 एंबुलेंस से घायलों को बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया गया। जहां 18 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में बस और टैंकर चालक भी शामिल हैं। डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद्र, सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया फोर्स के साथ पहुंचे। बाद में सीएचसी से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। कुछ गंभीर घायलों को केजीएमयू लखनऊ भेजा गया। हादसे में सुरक्षित बचे यात्रियों को दूसरे वाहन से जिला प्रशासन ने गंतव्य को भेजा। मृतकों में टैंकर चालक सुनील सहित तीन लोगों की ही पहचान हो सकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये देने की घोषणा की। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर चार किमी दूर तक वाहनों की कतार लग गई। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि स्लीपर बस शिवहर बिहार से दिल्ली जा रही थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डीएम गौरांग राठी ने बताया कि डाक्टरों की टीम इलाज में लगी है।



हादसे के बाद क्रेन से हटाई जा रही दुर्घटनाग्रस्त बस। • एजेंसी

उन्नाव में हुई सड़क दुर्घटना में जिन लोगों ने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर उन्हें इस कठिन समय में संबल प्रदान करे। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री।

उन्नाव में सड़क दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। जिला प्रशासन के अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी के निर्देश दिए गए हैं। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। **-योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री

उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में 18 लोगों की मौत का कारण सरकार की लापरवाही है। ये जांच का विषय है कि एक्सप्रेस-वे पर विशेष पार्किंग जोन होते हुए भी कोई वाहन बीच रास्ते में क्यों खड़ा था। सीसीटीवी लगे रहने के बावजूद खड़े वाहन की निगरानी में चूक कैसे हुई। **-अखिलेश यादव**, पूर्व मुख्यमंत्री।

## तलाकशुदा मुस्लिम महिला पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-यह कोई दान नहीं, बल्कि महिला का अधिकार
- अदालत ने कहा-सीआरपीसी की धारा-125 सभी महिलाओं पर लागू

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया कि एक मुस्लिम महिला आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-125 के तहत अपने शौहर से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीआरपीसी का यह धर्मनिरपेक्ष और धर्म तटस्थ प्रावधान सभी शादीशुदा महिलाओं पर लागू होता है, फिर चाहे वे किसी भी धर्म से ताल्लुक रखती हों। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने स्पष्ट किया कि मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 1986 को धर्मनिरपेक्ष कानून पर तरजीह नहीं मिलेगी।

दोनों न्यायाधीशों ने अलग लेकिन समवर्ती आदेश दिए। पीठ ने कहा कि पूर्ववर्ती सीआरपीसी की धारा-125 के दायरे में मुस्लिम महिलाएं भी आती हैं। यह धारा पत्नी के भरण-पोषण के कानूनी अधिकार से संबंधित है। पीठ ने जोर देकर कहा कि भरण-पोषण दान नहीं, बल्कि हर शादीशुदा महिला का अधिकार है और सभी शादीशुदा महिलाएं इसकी हकदार हैं, फिर चाहे वे किसी भी धर्म की हों। शीर्ष अदालत ने तेलंगाना हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली मोहम्मद अब्दुल समद की याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने गुजारे भत्ते के संबंध में परिवार अदालत के फैसले में दखल देने का समद का अनुरोध ठुकरा दिया था। समद ने दलील दी थी कि एक तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा-125 के तहत गुजारा भत्ता पाने की हकदार नहीं है।

## धोखे से किए विवाह को हाईकोर्ट ने घोषित किया शून्य

लखनऊ, विधि संवाददाता

- कोर्ट ने कहा- हिंदू रीति के बिना हुआ विवाह तो मैरिज सर्टिफिकेट का महत्व नहीं
- अंधेरे में रख धर्मगुरु ने युवती से कर लिया था विवाह

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए एक कथित धर्मगुरु द्वारा धोखाधड़ी कर 18 वर्षीय युवती से किए गए विवाह को शून्य घोषित कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि विवाह हिंदू रीति के बिना हुआ है तो उक्त विवाह के लिए मैरिज रजिस्ट्रार द्वारा जारी मैरिज सर्टिफिकेट या आर्य समाज मंदिर द्वारा जारी प्रमाणपत्र का कोई महत्व नहीं रह जाता। यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने युवती की ओर से दाखिल प्रथम अपील पर पारित किया है।

अपील में परिवार न्यायालय, लखनऊ के 29 अगस्त 2023 के निर्णय को चुनौती दी गई थी। युवती ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 12 के तहत वाद दाखिल करते हुए, 5 जुलाई 2009 को हुए कथित विवाह को शून्य घोषित किए जाने की मांग परिवार न्यायालय में की थी। वहीं प्रतिवादी ने भी धारा 9 के तहत वैवाहिक अधिकारों के पुर्नस्थापना के लिए वाद दाखिल किया था। परिवार न्यायालय ने दोनों वादों पर एक साथ सुनवाई करते हुए युवती के धारा 12 के वाद को निरस्त कर दिया, जबकि प्रतिवादी के वाद को मंजूर कर लिया। परिवार न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए अपीलार्थी युवती की ओर से दलील दी गई कि प्रतिवादी एक धर्मगुरु है। युवती की मां व मौसी उसकी अनुयायी थीं। 5 जुलाई 2009 को उसने अपीलार्थी व उसकी मां को अपने यहां बुलाया व कुछ दस्तावेजों पर यह कहते हुए दोनों के हस्ताक्षर करवाए कि वह उन्हें अपने धार्मिक संस्थान का नियमित सदस्य बनाना चाहता है। इसके पश्चात 3 अगस्त 2009 को भी उसने सेल डीड में गवाह बनने के नाम पर रजिस्ट्रार ऑफिस बुलाकर दोनों के हस्ताक्षर करवा लिए। कुछ दिनों बाद उसने अपीलार्थी के पिता को सूचना दी कि 5 जुलाई 2009 को उसका आर्य समाज मंदिर में अपीलार्थी से विवाह हो व 3 अगस्त 2009 को पंजीकरण भी हो चुका है। कहा गया कि सभी दस्तावेज धोखाधड़ी कर के बनवाए गए। अपील का प्रतिवादी ने विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात कोर्ट ने अपने निर्णय में कहा कि विवाह को सिद्ध करने का भार प्रतिवादी पर था। परंतु हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 7 के तहत हिन्दू रीति से विवाह होना वह सिद्ध नहीं कर सका। ऐसे में धारा 7 के तहत विवाह सम्पन्न होना नहीं माना जा सकता।इसलिए इस विवाह को शून्य घोषित किया जाता है।

## आईटीबीपी ने लद्दाख में 108 किलो सोना पकड़ा

**लेह।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने भारत-तिब्बत सीमा पर तस्करी कर लाए गए सोने की 108 ईंटे जब्त की हैं। प्रत्येक ईंट का वजन एक किलोग्राम है। मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बल के एक अधिकारी ने बताया कि सोना के अलावा दो मोबाइल फोन, एक दूरबीन, दो चाकू और कई चीन निर्मित खाद्य सामग्री जैसे केक और दूध भी जब्त की गई है। आईटीबीपी द्वारा सोने की यह सबसे बड़ी जब्ती है। जब्त सामग्री को सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि आईटीबीपी को वास्तविक नियंत्रण रेखा से करीब एक किलोमीटर दूर श्रीरापले में तस्करी की खुफिया जानकारी मिली थी।

## नेपाल व उत्तराखंड से छोड़े गए पानी से आई बाढ़ ने प्रदेश में मचाई तबाही : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेपाल व उत्तराखंड से छोड़े गए पानी के कारण प्रदेश में बाढ़ ने तबाही मचाई है। बुधवार को मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित लखीमपुर खीरी व पीलीभीत का हवाई सर्वे व नाव में बैठकर स्थिति का जायजा लिया। पीड़ितों से मुलाकात कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की। उन्होंने अधिकारियों से राहत कार्यों की जानकारी हासिल कर इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा से प्रभावित बच्चों व महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी और तत्काल समाधान के आदेश दिए। साथ ही लोगों से खुद प्रार्थना पत्र प्राप्त किए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावितों को खुद राहत सामग्री वितरित की और बाढ़ शरणालय पहुंचकर लोगों का हालचाल जाना। बाढ़ से ऊफनाई नदियों का जायजा भी लिया। सीएम ने निरीक्षण के दौरान दोनों जिलों में मीडिया प्रतिनिधियों से राहत कार्यों से संबंधित जानकारी साझा की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद, राज्य के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, बलदेव सिंह औलख समेत स्थानीय विधायक आदि भी मौजूद रहे।



पीलीभीत में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित लखीमपुर व पीलीभीत का किया हवाई सर्वे
- राहत सामग्री बांटी, अफसरों को दिए राहत कार्य में तेजी के निर्देश

**सड़क हादसा** आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से सुरक्षा तंत्र पर उठ रहे सवाल, नवागत एडीजी यातायात ने शुरू किया अभियान, जिलों से मांगी रिपोर्ट

# साढ़े चार वर्ष में 96 हजार से ज्यादा लोगों ने हादसों में गंवाई जान

विनय सिंह, लखनऊ

| वर्ष | कुल हादसे | घायलों की संख्या | मृतकों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2020 | 34200 | 22400 | 19100 |
| 2021 | 37710 | 24800 | 21000 |
| 2022 | 41740 | 28500 | 22500 |
| 2023 | 44500 | 31000 | 23600 |
| 2024 (जून तक) | 18680 | 13600 | 10000 |

**अमृत विचार :** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर बुधवार की सुबह हुई बस दुर्घटना में 18 यात्रियों के मरने के बाद अब सड़क सुरक्षा पर सवाल उठने लगे हैं। यातायात निदेशालय के आंकड़ों के अनुसार साल दर साल हादसों और इससे होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है। जिस गति से सड़कें बन रही हैं, उससे दोगुनी गति से वाहनों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। ऐसी स्थिति में यातायात विभाग दुर्घटनाओं को रोक पाने में असफल साबित हो रहा है। अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जनवरी 2021 से जून 2024 तक (साढ़े चार वर्षों में) हुई सड़क दुर्घटनाओं में 96 हजार से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो चुकी है। एक लाख 20 हजार से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। उक्त वर्षों में एक लाख 76 हजार सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सड़क हादसों को रोकने को भारी-भरकम स्टाफ कार्य कर रहा है। लेकिन, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं सरकारी तंत्र को कठघरे में खड़ा कर रही हैं।

**खुले कट्स हादसों का बड़ा कारण :** जिलों से निदेशालय पहुंच रही रिपोर्ट पर गौर किया जाए तो डिवाइडर पर खुले कट्स हादसों के लिए सबसे बड़े कारणों के रूप में सामने आ रहे हैं। चौराहों पर विद्युत व्यवस्था न होना। सिंगल और डबल लेन सड़क भी असुरक्षित हैं। सड़कों पर अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरे हो गए हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं।

### टूरिस्ट परमिट पर चल रही बसें, जिम्मेदार मौन

टूरिस्ट परमिट पर डबल डेकर बसें धड़ल्ले से चल रही हैं। इन बस संचालकों पर न नियम लागू हो पा रहा न ही कोई कार्रवाई हो पा रही है। डबल डेकर बसें दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बन रही हैं। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के एक व्यावसायी इन बसों को चलवा रहे हैं। यह बसें नेपाल बार्डर से जुड़े जिलों से चलकर पंजाब, दिल्ली और गुजरात तक जाती हैं। लेकिन इन पर कोई कार्रवाई नहीं करता है। बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती आदि जनपदों से भी यह बसें लगातार चल रही हैं।

यातायात व सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग जिस तरह से काम कर रहा, उसका परिणाम एक-दो महीने में देखने को मिलेगा। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिलों के अधिकारियों के साथ बैठकें भी की जा रही हैं। प्रचार के माध्यम से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। कुछ नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। **- के. सत्यनारायण**, एडीजी यातायात।

### संविदा पर रखे गए ड्राइवर भी बड़ी वजह

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि परिवहन विभाग के ज्यादातर ड्राइवर संविदा पर हैं। ऐसे में उन्हें इस जिम्मेदारी का एहसास नहीं होता कि उनके कंधों पर कई जिंदगियां टिकी हुई हैं। उनको पता है कि उनकी नौकरी अस्थायी है, वह कभी भी निकाले जा सकते हैं। ऐसे में दुर्घटनाओं के रूप में उनकी लापरवाही भी सामने आती है।

## सीबीआई जांच के लिए राज्य की सहमति जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने प. बंगाल सरकार की याचिका को सही ठहराया

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर उस वाद को विचारणीय माना जिसमें आरोप लगाया गया है कि राज्य की ओर से 16 नवंबर 2018 को आम सहमति वापस लिए जाने के बावजूद सीबीआई विभिन्न मामलों में जांच जारी रखे हुए है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि राज्य के वाद पर कानून के अनुरूप और गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

पीठ ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 अगस्त की तारीख निर्धारित की। शीर्ष अदालत ने आठ मई को इस संबंध में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था कि राज्य द्वारा दायर वाद सुनवाई योग्य है अथवा नहीं। पश्चिम बंगाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी थी कि राज्य ने 16 नवंबर 2018 को अपनी सहमति वापस ले ली है तो ऐसे में केंद्र जांच एजेंसी को जांच के लिए राज्य में प्रवेश की अनुमति नहीं दे सकता। वहीं केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी थी कि केंद्र सरकार या उसके विभागों का सीबीआई की जांच पर कोई पर्यवेक्षी नियंत्रण नहीं है।

# शहर में हरित जंगल बनाकर रोकें बढ़ता तापमान और प्रदूषण

## मियावाकी पद्धति से जंगल विकसित करने के लिए शासन देगा डेढ़ से 5 करोड़ तक

**उपवन योजना**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शासन की चिंता है कि शहरों में तेजी से जनसंख्या व क्षेत्रफल में वृद्धि के अनुपात में हरित क्षेत्र विकसित नहीं हो रहा है। इससे तापमान और प्रदूषण में वृद्धि के साथ मानव जीवन के लिए अन्य समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम और वन विभाग के सामने हरित क्षेत्र बढ़ाने की चुनौती है।

ऐसे में शासन ने उपवन योजना लांच कर नगरीय क्षेत्र में हरित वातावरण विकसित करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम को शहरी क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से जंगल बनाने को कहा गया है। योजना के मुताबिक नगर निगम को एक एकड़ जमीन पर जंगल का विस्तार करना है। शासन की ओर डेढ़ से पांच करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। शासन ने नगर निगम को इस संबंध में पार्कों व खुली भूमि का चयन कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

मियावाकी पद्धति से नगर निगम ने अभी तक शहर में 8 पार्क विकसित किए हैं। 2 अन्य पार्क लगभग तैयार हैं। 2 नए स्थानों पर ऐसे पार्क और बनाने की तैयारी है।



विजय नगर में मियावाकी पद्धति से तैयार जंगल। अमृत विचार

"शासन का पत्र आया है। उपवन योजना के अंतर्गत मियावाकी पद्धति से पार्क को विकसित किया जाएगा। शहर में नगर निगम पहले ही हरित क्षेत्र विकसित करने के काम लगा है।

– मदन सिंह गर्ब्याल, नगर आयुक्त

**यह पेड़ लगाए जाते**

अर्जुन, शीशम, गुलमोहर, पिलखान,जामुन शहतूत, मेहंदी, अशोक, पीपल, चंपा आदि के पौधे खास तकनीक से लगाए जाते हैं, जिससे यह तेजी से बढ़ते हैं।

**मियावाकी पद्धति के अभी 8 पार्क**

- रूमा में चारागाह भूमि पर भूल-भुलैया (मेज पार्क)
- सराय मीता अखाड़ा पार्क के सामने
- गुप्तार घाट, सिविल लाइंस
- रत्न शुक्ल इंटर कॉलेज, किदवई नगर
- ट्रैफिक चिल्ड्रन पार्क, विजय नगर
- अंबेडकर पार्क, पनकी
- शनेश्वर मंदिर ग्रीन बेल्ट, विजय नगर
- शेखपुरा का जाना गांव

- **आबादी के साथ तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच हरित वातावरण बनाने की कवायद**

### एक एकड़ क्षेत्रफल में बनाना है जंगल

शासन ने नगर निगम से कहा है कि ऐसे पार्क का चयन किया जाए, जिसमें कम से कम एक एकड़ का समर्पित क्षेत्र हो। अगर एक एकड़ से अधिक क्षेत्रफल है, तो ऐसे पार्क को दो भागों में बांट दिया जाए। शासन एक एकड़ भूमि पर जंगल बनाने के लिए डेढ़ से 5 करोड़ रुपये धन का आवंटन करेगा।

### निगरानी के लिए गठित होगी टीम

उपवन योजना विकसित करने और इसकी निगरानी के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। इसमें नगर निगम के जोनल अधिकारी, नामित इंजीनियर व उद्यान अधिकारी रहेंगे। टीम पार्कों का नियमित निरीक्षण कर त्रैमासिक रिपोर्ट पेश करेगी।



लेखपालों को दिए गए नियुक्ति पत्र। अमृत विचार

# राजस्व प्रशासन को मिले 29 लेखपाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **सरसैया घाट नवीन सभागार में 18 को दिए गए नियुक्ति पत्र**

**अमृत विचार।** जनपद में राजस्व प्रशासन को बुधवार को 29 और लेखपाल मिले हैं। सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में एक कार्यक्रम के दौरान जन प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया।

नवीन सभागार में सांसद रमेश अवस्थी, महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक नीलिमा कटियार, महेश त्रिवेदी व सरोज कुरील ने लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कुल 29 लेखपाल राजस्व प्रशासन को मिले हैं। नवीन सभागार में 18 लेखपालों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। पांच लेखपालों को नियुक्ति पत्र लखनऊ में मिला है, बाकी छह लेखपाल कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके। जिलाधिकारी ने बताया कि राजस्व प्रशासन में लेखपालों के शामिल होने से अब राजस्व के मामलों में तेजी आएगी। अभी तक कई लेखपाल दो-दो जगह का काम देख रहे थे। अब एक जगह की ही जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे कामों में विलंब नहीं होगा और सुधार आएगा।

### महिला स्वावलंबन की दिखी झलक

जिलाधिकारी ने बताया कि 29 लेखपालों में 17 महिलाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया है। राजस्व प्रशासन में इतनी संख्या में महिलाओं की भागीदारी से महिला स्वावलंबन की झलक दिखी है।

# 140 करोड़ की जमीन सरकारी खाते में जाएगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्राम समाज की जमीन हथियाने के लिए फर्जी ढंग से अनेक पट्टे किए गए। अपर आयुक्त अजीत कुमार सिंह की कोर्ट में अपील दाखिल होने पर उन्होंने निर्णय सुनाया कि अकबरपुर तहसील के कुंभी गांव की 140 करोड़ रुपये कीमत की जमीन सरकारी खाते में दर्ज होगी।

अकबरपुर तहसील के कुंभी गांव की 200 बीघा ग्राम समाज की जमीन को हथियाने के लिए फर्जी ढंग से पट्टे हुए थे। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व नीरज सिंह सेंगर ने बताया कि कुंभी के मजरा मोहम्मदपुर में विभिन्न गाटा संख्या की भूमि पर 73 लोगों को पट्टे हुए थे। कुछ लोगों ने राजस्व अभिलेखों में फर्जीवाड़ा कर अपने खाते में दर्ज कराकर जमीन की खरीद दिखाई थी। एसडीएम अकबरपुर ने जमीन ग्रामसभा में दर्ज करने के आदेश दिए। मई में लोगों ने अपर आयुक्त अजीत कुमार सिंह की कोर्ट में अपील दाखिल की। जिस पर सुनवाई करते हुए अपर आयुक्त ने एसडीएम के निर्णय को सही पाया। अपर आयुक्त ने 200 बीघा जमीन को ग्राम समाज के खाते में दर्ज रहने का आदेश दिया।

# दो नाबालिग समेत पांच वाहन चोर गिरफ्तार किए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **चोरी की एक स्कूटी और पांच मोटरसाइकिल बरामद की गईं**

**अमृत विचार।** रावतपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार पांच वाहन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, जिसमें दो नाबालिग हैं। चोरों की निशानदेही पर एक स्कूटी, पांच मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस बरामद हुआ है। ये शातिर अपनी अय्याशियों को पूरा करने के लिए वारदात को अंजाम देते थे।

एडीसीपी पश्चिम विजयेंद्र द्विवेदी ने खुलासा करते हुए बताया कि रावतपुर पुलिस ने अवधपुरी तिराहा जीटी रोड पर चेकिंग में बाइक सवार पांच लोगों को रोक कर पूछताछ की। बाइक चोरी की निकली। आरोपियों ने अपना नाम कल्याणपुर निवासी हिमांशु, सुखऊपुरवा नवाबगंज निवासी आदित्य उर्फ मुर्गा, मकड़ीखेड़ा निवासी आकाश प्रजापति बताया वहीं दो चोर नाबालिग हैं। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की पांच मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। आदित्य उर्फ मुर्गा पर पहले से नवाबगंज थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, सभी आरोपी अपनी अय्याशियों को पूरा करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

गिरफ्तार करने वाली टीम में रावतपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज, उप निरीक्षक अंकुर चौधरी, राजकुमार, शैलेंद्र सिंह, विवेक त्यागी, धर्मेंद्र सिंह, निखिल कुमार, कां अनिल कुमार और मोहम्मद अख्तियार की मुख्य भूमिका रही। गुड वर्क करने वाली टीम को पुलिस प्रशासन की ओर से पंद्रह हजार रुपये का पुरस्कार दिया गया है।



चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लाइब्रेरी से छात्र का लैपटॉप चोरी, साथी पर आरोप

**कानपुर।** जूही कलां स्थित अर्थ एकेडमी अकादमी के फतेहपुर निवासी छात्र ने साथी पर लाइब्रेरी में पढ़ने के दौरान लैपटॉप चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। फतेहपुर, चतनपुर अमौली निवासी वैभव ने बताया कि वह 4 जुलाई की सुबह काम से बाहर गया था। इस दौरान उसका लैपटॉप लाइब्रेरी में ही रखा था। वैभव का आरोप है कि बगल सीट पर बैठने वाले साथी छात्र रोहित सिंह गौतम ने लैपटॉप चोरी कर लिया। उसने रोहित से कई दिन तक लैपटॉप वापस देने को कहा, लेकिन उसने नहीं दिया। बर्रा थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### घरेलू विवाद में महिला ने दी जान

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में मंगलवार देर रात नानकारी इलाके में घरेलू विवाद के चलते एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह पति ने फंदे पर लटकते शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। नानकारी निवासी अतुल गौतम ट्रांसपोर्टेशन का काम करते हैं। परिवार में पत्नी 30 वर्षीय अनीता और तीन बच्चे हैं। मंगलवार देर रात अनीता का किसी बात को लेकर पति अतुल से विवाद हो गया था। इसके बाद अनीता दूसरे कमरे में सोने चली गई। देर रात अनीता ने पंखे के सहारे गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पति अतुल ने पुलिस को बताया कि 2018 में दोनों ने लव मैरिज की थी। अनीता को शक था कि पति का किसी दूसरी महिला से संबंध है। कल्याणपुर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

### शहर के कृष्णा आज स्वीडन के लिए होंगे रवाना

**कानपुर।** कैंटोनमेंट बोर्ड प्रेरणा स्कूल के कृष्णा अग्रवाल का चयन गोठिया कप फुटबाल के लिए हुआ है। कृष्णा 11 जुलाई गुरुवार को कोच के साथ स्वीडन के लिए रवाना होंगे। स्वीडन में 14 से 19 जुलाई तक गोठिया कप फुटबाल का आयोजन होना है। जिसमें प्रतिभाग करने 24 देशों की टीम पहुंचेगी। इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए शहर से कैंटोनमेंट बोर्ड प्रेरणा स्कूल के कृष्णा अग्रवाल का भी चयन हुआ है, जो 11 जुलाई को शहर से नई दिल्ली के लिए कोच सत्येंद्र सिंह यादव के साथ रवाना होंगे। दिल्ली से वह स्वीडन के लिए उड़ान भरेंगे। कृष्णा की फुटबाल प्रैक्टिस प्रेम एकेडमी क्राइस्ट चर्च इंटर कालेज मैदान पर हुई है। फुटबाल नेशनल कोच के डेरिक मसीह और कोच सत्येंद्र सिंह यादव ने प्रशिक्षण दिया है। कृष्णा के कोच ने बताया कि गोठिया कप के लिए उसने जबरदस्त प्रैक्टिस की है। उम्मीद है कि शहर का नाम रोशन करेगा।



दोनों कोच के साथ कृष्णा अग्रवाल।



इनरव्हील क्लब की कार्यकारिणी ने शपथ ली। अमृत विचार

# नई कार्यकारिणी ने कार्यभार संभाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **इनरव्हील क्लब आफ कानपुर मेन ने अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया**

**अमृत विचार।** इनरव्हील क्लब ऑफ कानपुर मेन का स्थापना दिवस सिविल लाइन स्थित लिटिलशेफ में मनाया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष संगीता माहेश्वरी ने अपनी कार्यकारिणी के साथ 2024-25 का कार्यभार संभाला।

कार्यक्रम में क्लब की सभी पूर्व प्रेसिडेंट ने अतुल्य भारत थीम को साकार किया। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के अंदाज में साड़ियां पहनकर पहुंचीं। इनरव्हील क्लब की ओर से किए गए सामाजिक कामों का विवरण पेश किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन नीलू ढाकरे, विशेष अतिथि डिस्ट्रिक्ट ईएसओ मनीषा बाजपेई और डिस्ट्रिक्ट आईएसओ आरती मेहरोत्रा रहीं। अतिथि के तौर पर चार्टर प्रेसिडेंट सुशीला सिंघानिया, पीडीसी शोभा अग्निहोत्री, पीडीसी शालिनी खन्ना और पूर्व अध्यक्ष ऊषा झुनझुनवाला रहीं। डॉ. रोचना विष्णोई को सम्मानित किया गया। क्लब की अध्यक्ष ने सभी पूर्व प्रेसिडेंटों का सम्मान किया। स्थापना दिवस में 60 सदस्य, क्लब के पदाधिकारी, जेपीसी सीजीआर मौजूद रहीं। उपाध्यक्ष डॉ. रोचना विस्नोई, सचिव रेनू जायसवाल, क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट सुशीला सिंघानिया की कार्यक्रम में मौजूदगी पर क्लब ने उनका स्वागत किया।

# किशोरी का अपहरण कर फर्जी दस्तावेज से शादी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **पिता का जेवर व नकदी भी ले जाने का आरोप, रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां इलाके में पिता ने आरोप लगाया है कि एक युवक उनकी 16 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर ले गया और आर्य समाज में उसके साथ धोखाधड़ी कर शादी कर ली। आरोप है, कि उनकी बेटी नकदी और जेवरात भी लेकर चली गई है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अहिरवां निवासी पीड़ित पिता के अनुसार उनकी 16 वर्षीय बेटी चार जुलाई की दोपहर से लापता है। पता चला कि सनिगवां कांशीराम कॉलोनी निवासी जितेंद्र कुमार उनकी बेटी को बहला फुसलाकर ले गया है। सचेंडी स्थित आर्य समाज मंदिर में फर्जी दस्तावेज लगाकर बेटी के साथ शादी कर ली। बेटी घर से दस हजार रुपये और दो लाख की कीमत के जेवरात भी लेकर गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### कोचिंग जा रही छात्रा से छेड़खानी, विरोध पर पीटा

कानपुर। कोचिंग पढ़ने जा रही छात्रा को बीच रास्ते में रोक कर शोहदे ने छेड़खानी की। विरोध करने पर आरोपी ने मोबाइल छीन कर धमकाया। पीड़िता का आरोप है कि शिकायत करने वह अपनी मां के साथ आरोपी के घर गई, जहां उसके परिजनों ने अभद्रता कर मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी किशोरी ने बताया कि सोमवार शाम वह कोचिंग जा रही थी। तभी मछरिया स्थित पप्पू टेंट हाउस के पास रहने वाले युवक साजिद शाह ने उसे रोक लिया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसका मोबाइल छीनने लगा।

# सीएसए मेट्रो में गई भूमि के बदले बनाएगा फार्म

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद (सीएसए) कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बिधनू में नया फार्म विकसित करेगा। यहां विश्वविद्यालय को नवाबगंज क्षेत्र में स्थापित 15 हेक्टेयर के फार्म के बदले जमीन मिली है। नवाबगंज के फार्म में उन्नतशील बीज तैयार होते थे। लेकिन यह जमीन मेट्रो प्रोजेक्ट में चली गई है। सीएसए के मीडिया प्रभारी डा. खलील खान ने बताया कि नवाबगंज फार्म के बदले विश्वविद्यालय को बिधनू में हाईवे के निकट 15 हेक्टेयर जमीन मिली है। यह लो-लैंड एरिया है।

यहां फार्म के बीच से नहर निकली है। पहले चरण में बिधनू में कृषि फार्म विकसित कर धान और गेहूं के उन्नतशील उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन होगा, हालांकि संसाधनों की कमी के कारण विश्वविद्यालय के लिए यह काम चुनौती भरा है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि **श्रवण कुमार पुत्र श्री मुंशी लाल पाल, निवासी– ग्राम नगरा पर0 भवली तहसील नवल जिला कानपुर नगर** मैने अपनी पुत्री मोनी पाल से उसके चाल–चलन ठीक न होने के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। यदि मोनी पाल द्वारा किसी की तरह का नैतिक व अनैतिक कार्य या किसी से लेन देन आदि किया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी स्वयं की होगी। मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस नं. UP 20041138509 में मेरा नाम त्रुटिवश धीरज कुमार दर्ज है। मेरा सही नाम आधार कार्ड अनुसार **धीरज कुमार पाण्डेय पुत्र उमेश चन्द्र पाण्डेय (नि.– प्लाट नं. 12, तकरोही, पो.– अमराई गाँव, इन्दिरा नगर, लखनऊ– 226016)** है। मेरा सही नाम रिकाड्र्स में दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रीमती जोहरा पत्नी फारुख, निवासी– ग्राम व परगना खीरों तहसील– लालगंज जनपद रायबरेली,** मेरे चार पुत्र क्रमशः मारूफ, रउफ हारून व शमीम पुत्रगण फारुख है मेरा पुत्र हारून अपनी पत्नी के साथ मिलकर आये दिन मुझे परेशान करता है तथा मेरे साथ मार– पीट किया करता है मैं इन दोनों हारून व उसकी पत्नी के कृत्यों से तंग आ चुकी है इसलिए मैं खूब सोच समझकर हारून व उसकी पत्नी को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज के बाद से हारून वा उसकी पत्नी के किये गये किसी प्रकार के कार्य के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगें, मेरा अथवा अन्य सदस्य का कोई वास्ता सरोकार न होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद अहमद पुत्र मुख्तार अहमद, निवासी– 61/110 हाता ख्वाजा गौहर, हुसैनगंज लखनऊ,** मैं मकान नम्बरी 119/162 के जुजभाग स्थित खन्दारी बाजार, वार्ड जगदीश चन्द्र बोस मार्ग, लखनऊ रकवा 444.68 वर्ग फिट का मालिक हूँ। जिसे मैने जरिये बैनामा 22.5.12 को क्रय किया था। उक्त भूखंड का मूल बैनामा वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र सक्षम शुक्ला के स्कूल में उसकी माता का नाम त्रुटि वश सविता शुक्ला हो गया है जो कि गलत है। सक्षम शुक्ला की माता का सही नाम मनोरमा शुक्ला है इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **मनीष कुमार शुक्ला पुत्र बिन्देश्वरी प्रसाद शुक्ला निवासी – गायत्रीपुरम, सिविल लाईन परगना, तहसील व जिला–गोण्डा।**

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सदई अपने पुत्र व पुत्रबधू को अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं यदि पुत्र व पुत्रवधू के द्वारा कोई अपराधी कृत्य किया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगे मै और मेरे पूरे परिवार से कोई लेना देना नही है। **भवदीय सदई पुत्र फईयादीन ग्राम जोतिया मौजा बेलाहरी थाना धानेपुर जनपद गोंडा**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मोजी लाल (नि.– 538 क /984, श्रीपुरम, त्रिवेणी नगर– III** सीतापुर रोड, लखनऊ) अपने पुत्र अंकित के गलत आचरण के कारण उसे अपनी चल – अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इसके द्वारा किये किसी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल का प्रमाण पत्र / अंक तालिका यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत 2007 का जिसका रोल नंबर 1006960 है जो की रास्ते में कहीं गिर जाने की वजह से वास्तव में खो गई है। **–सतीश कुमार रावत 283/129 भारतपुरी भी तालकटोरा रोड लखनऊ**

हेल्थ अलर्ट | स्वास्थ्य विभाग की टीमें टीबी, फाइलेरिया, मलेरिया के मरीजों को खोजेंगी

# आज से दस्तक अभियान, बताएं कौन बीमार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिले में गुरुवार से दस्तक अभियान की शुरूआत होगी। अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर सेहत का हाल पूछेंगी और संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देंगी। डायरिया रोको अभियान के तहत ओआरएस व जिंक के बारे में बताया जाएगा।

सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर पता लगाएंगी कि किसी को बुखार, दिमागी बुखार, खांसी, एलर्जी, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, मलेरिया, टीबी जैसी बीमारी तो नहीं है। अभियान में उन बच्चों को चिह्नित किया जाएगा, जिनका वजन तय मानक से कम है। लक्षणयुक्त मरीजों का नाम, पता और मोबाइल नंबर आशा कार्यकर्ता ई-कवच पोर्टल पर अपलोड करेंगी। ताकि संबंधित मरीज का इलाज करने के साथ फॉलोअप किया जा सकेगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि अभियान के दौरान उन क्षेत्रों और मकानों की सूची बनाई जाएगी, जहां मच्छरों का प्रजनन अधिक है। वहां मच्छर मारने की दवा का छिड़काव कराया जाएगा। बरसात का मौसम देखते हुए टीमें अपने साथ ओआरएस पैकेट, जिंक टैबलेट और क्लोरीन की गोलियां भी रखेंगी और दस्त से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करेंगी।



आशा कार्यकत्रियों को जानकारी देते जिला मलेरिया अधिकारी एके सिंह व सीएमओ डॉ.आलोक रंजन। अमृत विचार

### हाथों की सफाई से डायरिया पर नियंत्रण संभव

दस्तक अभियान में आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संचारी रोग नियंत्रण के लिए हाथों को स्वच्छता पर जोर देंगी। हाथ की गंदगी रोकने से डायरिया की बीमारी 30 फीसदी और बच्चों में संक्रमण 20 फीसदी तक कम किया जा सकता है।

### सुमन-के का होता यह मतलब

- एस– पहले दोनों हथेलियों को सामने से साबुन लगाकर धोएं।
- यू– हथेलियों को उल्टा कर साफ करें।
- एम– मुट्ठी की सफाई करें।
- ए– अंगूठें की सफाई करें।
- एन– नाखून को रगड़ कर साफ करें।
- के– कलाइयों की सफाई करें।

### मच्छरों के प्रजनन स्रोत नष्ट करने पर रहेगा जोर

जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान के दौरान जहां कहीं भी कमियां मिलेगी, वहां ब्लॉक स्तरीय अधिकारी डैशबोर्ड के जरिए देखकर उन्हें ठीक कराएंगे। इस दौरान लोगों को डेंगू से बचाव के बारे में जागरूक कर मच्छरों के प्रजनन स्रोतों को नष्ट करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# उद्यमी नवीन जैन को नहीं मिली जमानत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **एडीजे-21 की कोर्ट ने खारिज की अर्जी**
- **52 करोड़ की टैक्स चोरी में पकड़े गए हैं**

**अमृत विचार।** 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में बुधवार को एडीजे-21 की कोर्ट ने राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नवीन जैन की जमानत याचिका खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से टैक्स चोरी का आरोप लगाते हुए मामले की जांच प्रचलित होने का हवाला दिया, जिस पर कोर्ट ने आदेश सुनाया।

के ब्लॉक किदवई नगर निवासी नवीन जैन की फतेहपुर, मलवां में राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के नाम से फर्म है। फजलगंज, सिग्मा हाउस प्लॉट नंबर 17 में उनका कार्यालय है। बीते कुछ समय पूर्व टैक्स चोरी की जानकारी पर डीजीजीआई लखनऊ की टीम ने फजलगंज स्थित कार्यालय में छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान टीम ने 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी थी। डीजीजीआई टीम ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए स्पेशल सीजेएम कोर्ट में पेश किया था, जहां से आरोपी नवीन जैन को 9 जुलाई तक के लिए जेल भेज दिया गया था।

9 जुलाई को 14 दिन की न्यायिक हिरासत बढ़ाने की याचिका दाखिल की गई थी, जिसको स्वीकृत किया गया था। अभियोजन अधिवक्ता अंबरीष टंडन ने बताया कि निचली अदालत से जमानत खारिज होने के बाद बचाव पक्ष ने एडीजे-21 विनय सिंह की कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। बुधवार को कोर्ट ने आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

| 35.0° | 28.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 24 | सूर्यास्त 07 : 05 |

**शहर में आज**

- **प्राण प्रतिष्ठा** : सनातन धर्म मंदिर कौशलपुरी में प्राण प्रतिष्ठा समारोह सुबह 8 बजे से।
- **उद्घाटन** : परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह द्वारा सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस स्टेशन का उद्घाटन एवं बसों का संचालन सुबह 11 बजे।
- **सम्मान** : मतदाता अभिनंदन समारोह में मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग सुरेश कुमार खन्ना बीएनसएसडी शिक्षा निकेतन में शाम 5 .20 बजे।
- **बैठक** : मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग सुरेश कुमार खन्ना सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेंगे शाम 6 .50 बजे।

**एक नजर**

### पांच अपराधी जिलाबदर

**कानपुर।** बिल्हौर थाने के खजुरिया निवादा निवासी संदीप और रावतपुर थाने से सरवन कुमार दिवाकर बर्रा से अंकित पंडित उर्फ अभिषेक शुक्ला निवासी विश्वबैंक, कलक्टरगंज से आकाश श्रीवास्तव उर्फ नन्कू को तीन-तीन माह के लिए जिलाबदर किया गया है। बादशाहीनाका से अरमान अहमद कुरैशी निवासी कुलीबाजार को चार माह के लिए जिलाबदर किया गया है।

# ग्रीनपार्क मलिन बस्ती सा बदहाल, पालिका हो रहा गुलजार

कभी देश-विदेश के क्रिकेट प्रेमियों को लुभाने वाला ग्रीनपार्क स्टेडियम बदहाल पड़ा है। अच्छी एयर कनेक्टिवटी न होने और बड़े होटल न होने के कारण ग्रीनपार्क को मैच मिलना कम हो गए तो देखरेख भी घट गई। इससे स्टेडियम की हालत खस्ता है। इसकी निरीक्षण करने पहुंचे सांसद रमेश अवस्थी नाराजगी जताकर बोले क्या हाल बना रखा है, ये स्टेडियम है या कोई मलिन बस्ती। उन्होंने अफसरों से जल्द सुधार प्रस्ताव मांगे हैं। यहां तीन साल बाद भारत और बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से टेस्ट मैच होना है। दूसरी ओर शहरियों के लिए एक खुशखबरी है कि पालिका स्टेडियम आवश्यक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार हो रहा है। यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुख-सुविधाओं के बीच खिलाड़ी क्रिकेट प्रशिक्षण लेंगे। यहां अल्प आय वर्ग के 500 बच्चों को प्रतिवर्ष क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों और कोच द्वारा क्रिकेट की निशुल्क कोचिंग दिलवाई जाएगी। ग्रीनपार्क की तरह लाइटें लगेंगी और डे-नाइट मैच भी हो सकेंगे।


ग्रीनपार्क का निरीक्षण करते सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार


ग्रीनपार्क की गैलरी में नई कुर्सियां लगेंगी। अमृत विचार

## सांसद रमेश अवस्थी ग्रीनपार्क की हालत देखकर बिफरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **यूपीसीए और खेल विभाग के अधिकारियों को फटकारा, दर्शक क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव मांगा**

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले तैयारियों का जायजा लेने बुधवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचे नगर के सांसद रमेश अवस्थी व्यवस्था देखकर बिफर पड़े। उन्होंने कहा कि 'यह स्टेडियम है या कोई मलिन बस्ती।' यूपीसीए और खेल विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सांसद ने कहा कि जुलाई के अंत तक यहां सब कुछ ठीक होना चाहिए।

उन्होंने दर्शक क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव जल्द देने के निर्देश दिए। ग्रीनपार्क स्टेडियम को तीन साल बाद भारत और बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से होने वाले टेस्ट मैच की मेजबानी का मौका मिला है। मैच के लिए तैयारी देखने के लिए सांसद रमेश अवस्थी स्टेडियम का निरीक्षण करने पहुंच थे। उन्होंने स्टूडेंट गैलरी, पवेलियन, डायरेक्ट्रेट व वीआईपी पवेलियन का निरीक्षण किया।

पवेलियन की तीसरी मंजिल पर गंदगी देख नाराज हुए। यूपीसीए व खेल विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए बोले, स्टेडियम है या कोई मलिन बस्ती। सांसद ने स्टेडियम की लगातार घटती दर्शक क्षमता पर सवाल पूछा कि किस कारण से 45 हजार से घटकर दर्शक क्षमता 15 हजार रह गई है। ग्रीन पार्क के डिप्टी डायरेक्टर आरएन सिंह ने बताया कि लगातार निर्माण कार्य व दीर्घाओं की जर्जर हालत के कारण ये स्थिति आई है। कई दीर्घाओं की स्थिति खराब है, यूपीसीए मरम्मत नहीं कराता है। सांसद ने यूपीसीए के नोडल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव से पूछा कि टेस्ट मैच में दर्शक क्षमता कैसे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि खराब कुर्सियों को बदला जा रहा है। सांसद ने दर्शक क्षमता बढ़ाने के लिए जल्द प्रस्ताव देने को कहा और निर्देश दिए कि जुलाई के अंत तक सभी काम हो जाने चाहिए। निरीक्षण में उप क्रीड़ाधिकारी अमित पाल, मनोज शामिल रहे।

**विजिटर गैलरी में देर रात तक रेस्टोरेंट बंद करें**

सांसद ने दर्शक क्षमता समेत अन्य कार्यों को लेकर खेल विभाग और यूपीसीए के बीच चल रही खींचतान तुरंत बंद करने को कहा। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि स्टेडियम की विजिटर गैलरी में देर रात रेस्टोरेंट चलता है। अब से यह रेस्टोरेंट 11 बजे तक हर हाल में बंद हो जाना चाहिए। स्टेडियम में खेल का माहौल रहना चाहिए।

## पालिका में तैयार होगी क्रिकेट की नई पौध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


पालिका स्टेडियम का निरीक्षण करके विशेषज्ञ। अमृत विचार

- **पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर शशीकांत खांडेकर व उनकी टीम ने किया निरीक्षण**

**अमृत विचार।** नगर निगम के पालिका स्टेडियम में क्रिकेटरों की नई पौध तैयार होगी। अंतर्राष्ट्रीय मानक की सुख-सुविधाओं के बीच खिलाड़ी क्रिकेट प्रशिक्षण लेंगे। यह बात बुधवार को पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी शशीकांत खंडेकर एवं उनके साथ निरीक्षण पर आई टीम ने स्टेडियम के जीर्णोद्धार का कार्य देखने के दौरान कही। पालिका स्टेडियम का काम अपने अंतिम चरण में है और जल्द ही यह क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होगा।

इसके निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्य की ड्राइंग और टेक्निकल स्पेशिफिकेशन पर टीम ने संतुष्टि जताई है। इस दौरान क्रिकेट विशेषज्ञ आशु मेहरोत्रा भी मौजूद रहे। टीम ने कहा कि पालिका स्टेडियम के विकसित होने से आसपास के जनपदों से आने वाले खिलाड़ियों को भी भरपूर फायदा मिलेगा। पालिका स्टेडियम का तैयार होने के बाद यहां पर अल्प आय वर्ग के 500 बच्चों को प्रतिवर्ष क्रिकेट के अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों और कोच के द्वारा क्रिकेट की निशुल्क कोचिंग दिलवाई जाएगी। ग्रीन पार्क के बाद पालिका स्टेडियम दूसरा ऐसा मैदान होगा जहां फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में क्रिकेट का खेल हो सकेगा।

कानपुर नगर निगम ने पालिका स्टेडियम में आउटडोर खेलों के मैदान का विकास और आधुनिकीकरण करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय पालिका स्टेडियम में इंडोर खेलों के द स्पोटर्स हब के रूप में सफल संचालन के बाद नगर निगम ने लिया है जिसमें पालिका स्टेडियम के शेष हिस्से को आउटडोर खेल क्षेत्रों के रूप में विकसित करने का काम किया जा रहा है।

**जीर्णोद्धार में यह भी होने हैं काम**

- क्रिकेट मैदान 120 मीटर वृत्ताकार का होगा, जिसमें तीन पिच होंगी, हैरिंगबोन क्रिकेट ड्रेनेज सिस्टम, नया हाई-टेक स्प्रिंकलर सिस्टम, और स्तर 1 फ्लड लाइट सिस्टम के साथ विकसित किया जाएगा। क्रिकेट के लिए 4 प्रैक्टिस नेट पिच भी होंगी।
- लॉन टेनिस कोर्ट 2 लॉन टेनिस कोर्ट्स भी विकसित किए जाएंगे।
- मल्टी-एक्टिविटी क्षेत्र : वॉलीबॉल, कबड्डी, आदि जैसे विभिन्न खेलों के लिए मल्टी-एक्टिविटी क्षेत्र भी होगा।
- डे नाइट मैच आसानी से आयोजित हों इसके लिये मैदान में चार फ्लड लाइटें भी लगाई जाएंगी।
- पालिका स्टेडियम का जीर्णोद्धार कार्य होते ही एनआईएस स्तर के दो-दो कोच नियुक्त किए जाएंगे।

# आज से फिर तेजी पकड़ेगा मानसून शहर में झमाझम बारिश के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **11 से 13 जुलाई के बीच भारी बारिश की संभावना**
- **बुधवार को कहीं हुई बारिश तो कहीं नहीं हुई**

**अमृत विचार।** तीन दिन का ब्रेक लेने के बाद कानपुर मंडल में एक बार फिर मानसून की बारिश शुरू होने के आसार हैं। हालांकि इस बीच शहर के कई हिस्सों में बारिश हुई है, लेकिन उमस कम होने का नाम नहीं ले रही है।

बुधवार को भी शहर के कुछ हिस्सों में बारिश हुई और कई इलाकों में सिर्फ बादल घुमड़ते रहे पानी नहीं बरसा। मौसम विभाग का कहना है कि लगातार बारिश से ही उमस कम होगी। मानसून एक बार फिर वापसी की तैयारी कर रहा है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विशेषज्ञ सीबी सिंह ने बताया कि मानसून की दोबारा वापसी दक्षिण मध्य प्रदेश और निकटवर्ती विदर्भ पर विकसित हो रहे चक्रवाती परिसंचरण के कारण होगी। मानसून ट्रफ की धुरी मध्य भारत की ओर शिफ्ट हो रही है। 10 या 11 जुलाई तक मानसून ट्रफ की धुरी उत्तर की ओर बढ़ेगी, जिससे इंडो-गंगा के मैदानों में मानसूनी बारिश फिर से शुरू हो जाएगी। 11 से 13 जुलाई के बीच कानपुर मंडल सहित प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की संभावना है। इस बीच शहर में बुधवार को करीब 1 डिग्री ऊपर चढ़कर अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री ज्यादा 28 डिग्री सेल्सियस रहा। दक्षिण के कुछ मोहल्लों में दोपहर 12 बजे के बाद आधा घंटे तेज बारिश हुई वहीं दक्षिण और उत्तर के तमाम मोहल्लों में पानी नहीं बरसा। शाम तक पूरे शहर पर घने बादल मंडराते रहे। सुबह धूप भी निकली।

# न्यू कानपुर सिटी के लिए 28 बीघा जमीन कराई खाली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


अवैध निर्माण को तोड़ता बुलडोजर। अमृत विचार

- **केडीए ने प्रस्तावित जमीन पर हुये कच्चे-पक्के निर्माणों पर चलवाया बुलडोजर**
- **बिठूर-हिन्दुपुर में भी गरजा बुलडोजर, 42 बीघा में बनी अवैध प्लाटिंग ध्वस्त**

**अमृत विचार।** केडीए ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना न्यू कानपुर सिटी के लिये प्रस्तावित जमीन पर हुये कब्जों को गिरा दिया। केडीए अधिकारियों ने 28 बीघा जमीन पर बने निर्माणों पर बुलडोजर चलाया और जमीन को खाली करा लिया। केडीए ने बिठूर-हिन्दुपुर डूब क्षेत्र में हुये कब्जों पर भी कार्रवाई की। यहां 42 बीघा जमीन को खाली कराया है। दोनों जगह मिलाकर केडीए ने कुल 70 बीघा जमीन अवैध निर्माणकर्ताओं से खाली कराई है।

केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश के क्रम में जोन-1 के अन्तर्गत अवैध प्लाटिंग तथा निर्माणो के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की सबसे बड़ी कार्रवाई की गयी। जोन-1 के अन्तर्गत विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला के नेतृत्व में केडीए की महत्वाकांक्षी योजना न्यू कानपुर सिटी के प्रस्तावित क्षेत्र तथा अन्य क्षेत्रों में अवैध प्लाटिंग और निर्माणों का ध्वस्तीकरण कराया गया। यहां केडीए ने आराजी संख्या-02 गंगपुर केडीए ग्रीन्स के पीछे आलोक कटियार, शहजादे लाल व हरिशंकर द्वारा किये गये कब्जों को धराशायी करा दिया। यहां आराजी सं-757 सिंहपुर कछार में अजय यादव व भूपेन्द्र सिंह भदौरिया कब्जा किये थे। इसी तरह आराजी सं-787 में हरिकिशन कटेरिया, राम खिलावन कटेरिया, अशोक कुमार कटेरिया ने कब्जा कर निर्माण करा रखा था। अधिकारियों ने कानपुर सिटी के अन्तर्गत 28 बीघा में अवैध प्लाटिंगों में सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवाल, खम्बे, निर्माण इत्यादि पूर्णत ध्वस्त करा दिया। प्लाटिंग के अतिरिक्त लगभग 6 निर्माणाधीन भवन का भी ध्वस्त किये गये।

**बैराज मार्ग पर 42 बीघा जमीन कराई खाली**

बैराज मुख्य मार्ग बिठूर हिन्दुपुर के अन्तर्गत केडीए अधिकारियों ने 42 बीघा में हुये अवैध निर्माण, सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवाल, खम्बे, ध्वस्त कराये। प्लाटिंग के अतिरिक्त लगभग 8 निर्माणाधीन भवनों का भी ध्वस्तीकरण किया। यहां आराजी संख्या -510, 511 हिन्दुपुर नया डल्लापुरवा बिठूर में हाकिम सिंह, आराजी सं-505, 506(क), 507, 579, 580, 581, 582, 599, 600 हिन्दुपुर नया डल्लापुरवा बिठूर में किशोर निषाद निर्माण कराये हुये थे। दूसरी ओर इस संबंध में प्रवर्तन जोन-1 के विशेष कार्याधिकारी सत शुक्ला ने अवैध प्लाटिंग करने वालो के विरूद्ध जांच के बाद एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। इसके साथ ही दोनों हही क्षेत्र में सतत निगरानी रखने को भी कहा है।


जलकल अफसर भाग गए तो पार्षद ने कुर्सी की आरती उतारी। अमृत विचार

# जलकल अफसरों की घी-गुड़ से पूजा-आरती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **गंदे पानी से परेशान भाजपा पार्षद ने किया अनोखा प्रदर्शन, अधिकारी कुर्सी छोड़ भागे**
- **जूही क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई और शिकायतों पर कार्रवाई न होने से नाराजगी**

**अमृत विचार।** जूही में गंदे पानी की सप्लाई और अधिकारियों द्वारा सुनवाई ने करने पर भाजपा की महिला पार्षद ने अनोखा प्रदर्शन किया। जलकल कार्यालय में पार्षद शालू कनौजिया ने अधिकारियों के सामने देसी घी और गुड़ चढ़ाया, इसके साथ ही 101 रुपये की दक्षिणा भी चढ़ाई और आरती की।

वार्ड-14 से महिला पार्षद शालू कनौजिया के प्रदर्शन से जलकल कार्यालय में हड़कंप मच गया। पार्षद ने अधिशासी अभियंता जलकल जोन-3 राजकुमार सिंह के सामने देसी घी का दिया जलाकर उनकी आरती उतारी और क्षेत्र में दूषित जलापूर्ति को ठीक करने की मांग उठाई। पार्षद के प्रदर्शन से अधिशाषी अभियंता समेत अन्य अधिकारी और बाबू कुर्सी छोड़कर भाग गए। इसके बाद पार्षद ने खाली कुर्सियों को आरती उतारी और मेज पर गुड़ और देसी घी रख दिया। पार्षद ने कहा कि समस्या से निजात नहीं मिली तो इस तरह का प्रदर्शन जारी रहेगा।

**ये है समस्या**

पार्षद शालू कनौजिया ने बताया कि जूही गढ़ा, राखी मंडी, संत रविदास नगर और नया पूर्वा में महीनों से गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। क्षेत्र में मेट्रो ने लाइन ट्रांसफर के नाम पर तमाम जगह सीवर और पानी की लाइन क्षतिग्रस्त कर दी है और कहीं-कहीं जलकल की भी पुरानी लाइनों के लीकेज नहीं ठीक किया जा रहे हैं। बारादेवी जोनल पंपिंग स्टेशन सफेद हाथी बना खड़ा है जो 25 सालों में अभी तक नहीं चालू हो पाया है। ओ-ब्लॉक सब्जी मंडी के लिए केडीए से जलकल और नगर निगम को जो धनराशि दिलाई थी, इस धनराशि से जलकल ने दो साल पहले ओ ब्लॉक सब्जी मंडी में ट्यूबवेल लगाया था। लेकिन वह ट्यूबवेल भी आज तक चालू नहीं हो पाया।

## बाइक सवार लुटेरों ने बुजुर्ग का मोबाइल लूटा

**कानपुर।** रतन लाल नगर में बुधवार सुबह बाइक सवार लुटेरों ने बुजुर्ग का मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने गोविंद नगर पुलिस को जानकारी दी।

दबौली वेस्ट निवासी नवरतन कुमार (62) सुबह करीब 8 बजे शास्त्री चौक से घर लौट रहे थे। दबौली मोड़ से हरमिलाप मिशन स्कूल की ओर फोन पर बात करते हुए जा रहे थे तभी पीछे से आए बाइक सवार लुटेरे मोबाइल छीन कर फरार हो गए। गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# नए स्थान पर ताजिये रखने को लेकर हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **जाजमऊ थानाक्षेत्र का मामला, पुलिस ने मामला शांत कराया**

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में ताजिये रखने को लेकर दो समुदायों में विवाद हो गया। इस दौरान दोनों ओर से मौके पर भीड़ लग गई। पुलिस ने काफी देर समझाबुझाकर मामले को शांत कराया। इसके बाद दोनों समुदायों की सहमति से ताजिये रखने के स्थान को भी निश्चित किया।

जाजमऊ के ओमपुरवा नई बस्ती में दो समुदायों की मिली जुली आबादी रहती है। रुकसाना, वसीम आदि ने बताया कि उनके समुदाय के लोग हर साल मोहर्रम पर ताजिया इलाके में रखते थे। लेकिन इस बार उन्होंने ताजिये को दूसरे स्थान पर रखने की तैयारी की। इस पर दूसरे समुदाय के अवनीश कुमार, गौरव शुक्ला समेत अन्य लोगों ने विरोध किया। उनका कहना था कि हर बार जहां ताजिया रखा जाता है उसे वहीं पर रखा जाए। इसी बात को लेकर दोनों समुदाय के लोग आमने सामने आ गये और विवाद होने लगा। दोनों समुदाय के लोगों की बात सुनकर जाजमऊ पुलिस ने ताजिये को पुराने स्थान पर ही रखने की सहमति बनाई। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

# सूरत में मिली कारीगर की लोकेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


एसीपी कोतवाली से मिलते सराफा कारोबारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली थानाक्षेत्र में चार सर्राफ कारोबारियों का 12 लाख का सोना और तीन किलो चांदी लेकर फरार सोना कारीगर की लोकेशन सूरत निकली है। पुलिस उसे ट्रेस कर रही है।

उत्तर प्रदेश ज्वैलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री पुष्पेंद्र जायसवाल ने बताया कि धोबी मोहाल चौक सर्राफा इलाके में गौरव वर्मा, अमन वर्मा, संतोष सिंह, राजीव वर्मा और आदित्य वर्मा का सर्राफा कारोबार है। शहर में ज्वैलरी बनाने का काम करने वाले गोरखपुर के गजपुर गगहा निवासी कारीगर कृष्ण वर्मा उर्फ अरुण कुमार इनकी लगभग 12 लाख रुपये का 45 ग्राम सोना और 3 किलो चांदी लेकर भाग गया है। बुधवार को एसोसिएशन के पदाधिकारी कारोबारियों के साथ कोतवाली पहुंचे।

कोतवाली एसीपी आशुतोष कुमार और इंस्पेक्टर संतोष शुक्ला ने बताया कि उसकी लोकेशन सूरत की दिख रही है, उसके फोन में लगातार घंटी जा रही है, लेकिन वह फोन नहीं रिसीव कर रहा है। एसीपी ने सर्राफा कारोबारियों से अपील की कि जिस व्यापारी से व्यापारिक लेनदेन करें तो उसे उसकी आईडी प्रूफ जरूर ले लें या चेक जरूर ले लें और उसको थाने से एक बार वेरीफाई जरूर करा लें। इस मौके पर किशोर सक्सेना, शिवनारायण कुशवाहा, सत्यम वर्मा, सूरज सिंह, पिंटू तिवारी व अन्य कारोबारी उपस्थित रहे।

**दहशत** | गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस के सेंट्रल स्टेशन पहुंचते ही कोच से उतरकर भागे यात्री, सांप नहीं मिला, कोच बदला गया

# 80 किमी तक ट्रेन यात्रियों ने सांप के साथ किया सफर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कोच से बाहर निकले यात्रियों ने आक्रोश जताया। अमृत विचार


तमाम यात्री सामान समेत कोच से उतर गए। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गोरखपुर-बांद्रा एक्सप्रेस 15067 के थर्ड एसी कोच में सांप निकलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। कुछ यात्री तो दूसरे कोच में चले गए, वहीं कई यात्रियों ने दहशत के बीच लखनऊ से कानपुर तक का 80 किमी का सफर सांप के डर में किया। ट्रेन के सेंट्रल स्टेशन पर पहुंचते ही यात्री कोच से उतरकर प्लेटफार्म पर आ गए। सूचना पर पहले से मौजूद आरपीएफ, जीआरपी व रेलवे कर्मियों ने सांप को तलाश की, लेकिन सांप नजर नहीं आया। इस पर एसी कोच बदलकर ट्रेन को करीब सवा दो घंटे विलंब से रवाना किया गया। यात्रियों ने अधिकारियों को वीडियो दिखाया कि 45 नंबर बर्थ पर हाथ से ठोंकने पर सांप पूंछ लहराता है।

गोरखपुर से बांद्रा जा रही गोरखपुर बांद्रा एक्सप्रेस बुधवार को लखनऊ स्टेशन से जैसे रवाना हुई, उसके बाद ही कोच बी-थ्री में सफर कर रहे यात्री बिट्टू ने सीट नंबर 56 के पास सांप देखा और शोर मचा दिया। कोच में सांप होने की खबर पर यात्रियों में दहशत फैल गई। कुछ यात्री पैर उठाकर सीट पर बैठ गए तो कुछ कोच के दूसरी ओर चले गए। कई यात्री कोच बी-टू में चले गए। इसके बाद एसी कोच में सांप निकलने की सूचना टीटीई को दी गई। उन्होंने कंट्रोल को मैसेज किया। खबर पाकर सेंट्रल स्टेशन पर रेलवे के अधिकारी पहले से प्लेटफार्म चार पर पहुंच गए। ट्रेन शाम करीब 5.22 बजे प्लेटफार्म पर जैसे पहुंची, वहां पहले से मौजूद रेलवे स्टाफ ने सांप की तलाश शुरू कर दी। इस दौरान यात्रियों ने हंगामा भी किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद भी सांप नजर नहीं आया। यात्रियों के अनुसार बी-वन और बी-टू में भी सांप देखा गया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। आखिर मे बी-थ्री का नया कोच लगाकर ट्रेन रवाना की गई। इस बीच ट्रेन करीब सवा दो घंटे तक स्टेशन पर खड़ी रही। एसीएम रेलवे संतोष त्रिपाठी ने बताया कि तलाश कराई गई, लेकिन सांप कहीं नजर नहीं आया।

**प्लेटफार्म से भाग खड़े हुए यात्री**

प्लेटफार्म चार पर दूसरी ट्रेनों के इंतजार में बैठे यात्रियों को जब पता चला कि ट्रेन में सांप है और उसकी तलाश की जा रही है तो मौजूद यात्री भाग निकले। गोरखपुर बांद्रा एक्सप्रेस के यात्रियों को छोड़कर वहां अन्य कोई यात्री नहीं बचा। वहीं गोरखपुर बांद्रा एक्सप्रेस के बी-थ्री में सवार महिलाएं और बच्चे डरे हुए थे। ट्रेन के रुकते ही धक्का-मुक्की कर नीचे उतरे।

# ओवरटेक कर कार लूटी, नकदी जेवर भरा बैग लेकर भागे लुटेरे

## पनकी में सीएनजी पंप के पास मुंबई से लौट रहे कथावाचक के साथ वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- खाली बैग आगे चाय की दुकान पर छोड़ा, फोन करके कहा, ले जाओ

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में स्थित सीएनजी पंप के पास कार सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर युवक से कार छीनी और फरार हो गए। कार सवार पनकी निवासी कथावाचक का बैग भी कार में था। कुछ आगे जाकर कार में रखे कथावाचक का विजिटिंग कार्ड देखकर बदमाशों ने उन्हें कॉल की और किसी दुकान से बैग ले जाने को कहा। कथावाचक जब मौके पर पहुंचे तो बैग से ढाई लाख नकदी, 15 ग्राम सोने की एक चेन और एक पंचरत्न अंगूठी गायब थी। कथावाचक ने थाने पहुंचकर पनकी पुलिस को जानकारी दी। पीड़ित का आरोप है कि सुबह 10:30 बजे हुई वारदात के बाद पुलिस ने देर शाम तक कोई कार्रवाई नहीं की।



कथावाचक रूद्र प्रकाश द्विवेदी।

बिठूर थानाक्षेत्र के ब्रह्मनगर निवासी कथावाचक पंडित रूद्र प्रकाश द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि वह 3 जुलाई को पड़ोसी दीपक की कार से मुंबई गए थे। औरंगाबाद में होने वाली कथा का एडवांस 2 लाख 51 हजार रुपये लिए और कानपुर के लिए वापस निकले। 10 जुलाई को सुबह 10:30 बजे पनकी स्थित सीएनजी पंप के पास पहुंचे थे कि उनकी कार को तेजी से ओवरटेक कर सफेद ब्रेजा आगे निकली और कार के आगे गाड़ी लगाकर रोक लिया। इस दौरान कार चला रहा दीपक भाग निकला। दूसरी कार में सवार पांच लोगों ने उन्हें कार से उतारा और कार लेकर फरार हो गए। कथावाचक ने घटना की सूचना पीआरवी को दी। मौके पर पहुंची पीआरवी कर्मी घटना की जानकारी ले ही रहे थे कि रूद्र प्रकाश के मोबाइल पर कॉल आई और दूसरी तरफ से कहा गया कि उनका सामान हाईवे पर चाय की दुकान में रखा है। वह जब बताई दुकान पर पहुंचे तो उनका बैग मिला जिसमें कपड़े अस्त व्यस्त थे, बैग से दो लाख 51 हजार रुपये, सोने की चेन और एक नवरत्न अंगूठी गायब थी।

इस संबंध में पनकी एसीपी श्वेता कुमारी ने कहा कि कार ड्राइवर दीपक गुप्ता व गाड़ी ले जाने वाला व्यक्ति आशु मिश्रा एक दूसरे से भली भांति परिचित थे। इन दोनों के बीच 4 लाख रुपये व गाड़ी के लेनदेन का विवाद चल रहा था। जांच की जा रही है।

### रावतपुर और सीसामऊ में मोबाइल लुटेरों का सुराग नहीं

**कानपुर।** रावतपुर और सीसामऊ थानाक्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर बाइक और स्कूटी सवार लुटेरों ने युवतियों का झपट्टा मारकर मोबाइल लूट लिया था। दोनों ही वारदात में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज और बाइक का नंबर तक मिल गया। इसके बावजूद अब तक पुलिस लुटेरों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। रावतपुर सुरेन्द्र नगर निवासी रानी शर्मा मोबाइल पर बात करते हुए पैदल ही घर लौट रही थीं। तभी पीछे से आए स्कूटी सवार लुटेरे मोबाइल लूटकर भाग निकले। घटना पास के एक सीसी कैमरे में कैद हो गई। वहीं सीसामऊ में बाबा सिंह की ढाल के पास ट्यूशन पढ़ाकर घर लौट रही अनन्या वर्मा का भी बाइक सवार लुटेरों ने मोबाइल लूट लिया था। युवती ने बाइक का नंबर नोट कर लिया वह गोविंद नगर के पवन शुक्ला के नाम पर पंजीकृत है। यह बाइक चोरी हो चुकी है।

## हत्या के मामले में आरोपी का सरेंडर

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर इलाके में नाली के विवाद में पड़ोसी से विवाद के बाद भाजपा नेता समेत अन्य ने युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने वीडियो के आधार पर मुकदमे में दो नाम और बढ़ाए हैं। जिसमें से एक आरोपी ने बुधवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। श्यामनगर के रामपुरम निवासी गिरजा देवी का पड़ोसी कमलेश पासवान से नाली को लेकर विवाद हो गया था। 26 मई 2024 की रात को कमलेश ने अपने परिवारीजन आकाश पासवान, विकास, राम वर्मा व भाजपा नेता चंदन सिंह राजावत समेत आधा दर्जन साथियों के साथ मिलकर उनके बेटों को लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। सोनू की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले मे दो आरोपी विकास और कमलेश पासवान को जेल भेजा था। पुलिस ने वीडियो के आधार पर गया सिंह और सागर श्रीवास्तव के नाम मुकदमे में बढ़ाए। गया सिंह ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

# अब डफरिन में भी थैलेसिमिया और एचसीवी की जांच होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अस्पताल में थायराइड व स्किल सेल एनीमिया के लिए भी लिए जाएंगे सैंपल
- अभी जांच के लिए गर्भवती को दौड़ना पड़ता था उर्सला या निजी पैथोलॉजी

“डफरिन अस्पताल में थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, थायराइड और एचसीवी की जांचें की जाएंगी, जो जननी सुरक्षा योजना के तहत नि:शुल्क होंगी। इसके लिए सैंपल डफरिन अस्पताल में ही लिया जाएगा, जिसे बाद में उर्सला की पैथोलॉजी में भेजा जाएगा। उर्सला अस्पताल के सहयोग से यह सुविधा अगस्त माह में शुरू की जाएगी।

–डॉ.सीमा श्रीवास्तव, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, डफरिन अस्पताल

**अमृत विचार।** डफरिन अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए राहत भरी खबर है। अब यहां थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, थायराइड और एचसीवी जैसे महत्वपूर्ण जांचें भी हो सकेंगी। अभी इन जांचों की सुविधा डफरिन अस्पताल में नहीं है, जिसकी वजह से गर्भवतियों को जांच कराने के लिए उर्सला या निजी अस्पताल की ओर दौड़ना पड़ता है।

बड़ा चौराहा स्थित डफरिन अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 500 महिलाएं इलाज के लिए पहुंचती हैं, इनमें अधिकांश गर्भवती महिलाएं होती हैं। अस्पताल में अभी गर्भवतियों की सीबीसी, एलएफटी, केएफटी, बिलुरुबिन, एसजीओटी, एसजीपीटी, यूरिक एसिड, सीआरपी आदि जांचें की जाती हैं। लेकिन गर्भवतियों की थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, थायराइड और एचसीवी जैसी महत्वपूर्ण जांचें नहीं हो पाती हैं। इन जांचों के लिए उन्हें उर्सला अस्पताल




भेजा जाता है या निजी पैथोलॉजी में जांच कराने की सलाह दी जाती है।

इस दिक्कत को देखते हुए गर्भवतियों की सभी प्रकार की जांच डफरिन अस्पताल में संभव हो सके, इसके लिए डफरिन अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सीमा श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रूचि जैन और अस्पताल प्रबंधक डॉ.दरख्सा परवीन ने उच्चाधिकारियों और उर्सला अस्पताल के निदेशक डॉ.एचडी अग्रवाल से वार्ता की। इसी के बाद तय हुआ कि गर्भवतियों को थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया, थायराइड और एचसीवी की जांच कराने उर्सला नहीं आना पड़ेगा।

डफरिन अस्पताल में ही उनके सैंपल लिए जाएंगे। अस्पताल प्रशासन उन सैंपलों को एकत्र कर उर्सला अस्पताल की पैथोलॉजी में जांच के लिए भेजेगा।

# धोखाधड़ी कर सिपाही ने कारोबारी का फ्लैट बेचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रियल स्टेट कारोबारी से किराये पर सिपाही ने लिया था फ्लैट

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक रियल स्टेट कारोबारी ने सिपाही पर आरोप लगाया है कि किराये पर रह रहे सिपाही ने फर्जी दस्तावेज बनवाकर उनका फ्लैट पड़ोसी को बेच दिया। उन्होंने विरोध किया तो सिपाही समेत उसके साथियों ने धमकाना शुरू करा दिया। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से मामले की शिकायत की। जिनके आदेश पर रेलबाजार थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

मोती विहार सोसायटी निवासी गगनदीप सेठी रियल स्टेट कारोबारी हैं। खपरा मोहाल में उनके फ्लैट हैं। गगनदीप ने पुलिस को बताया कि परिचित नवल किशोर बाजपेई को एक फ्लैट रहने के लिए दिया। इसके बाद वर्ष 2008 में हरबंश मोहाल थाने में तैनात सिपाही कमाल अहमद सिद्दीकी को एक फ्लैट किराये पर रहने के लिए दे दिया। सिपाही फ्लैट में करीब छह वर्ष तक रहा। इसी बीच उसने फ्लैट के फर्जी दस्तावेज तैयार कर नवल किशोर को फ्लैट बेच दिया। 2014 में सिपाही का उन्नाव में स्थानांतरण होने के बाद वह सारा सामान लेकर चला गया और फ्लैट की चाबी गगनदीप को सौंप दी। उधर नवल किशोर ने फ्लैट की दीवार को तुड़वाकर अपने फ्लैट में मिला लिया। उन्होंने नवल किशोर से विरोध किया तो आरोपी ने अपनी पत्नी शोभना बाजपेई, भीमशंकर बाजपेई व सोहम बाजपेई समेत तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर उन्हें मारापीटा और जेब में पड़े 15 हजार रुपये लूट लिए। उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मामले की शिकायत की। इस संबंध में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि आरोपी सिपाही में समेत अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# ‘मतदाता अभिनन्दन’ से भाजपा सीसामऊ में बूथ करेगी मजबूत

उप चुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा उप चुनाव का लेकर भाजपा ने बूथों पर मजबूत पकड़ बनानी शुरू कर दी है। इसके लिए गुरुवार को बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में ‘मतदाता अभिनन्दन समारोह’ आयोजित होगा। इसमें सीसामऊ सीट के प्रभारी और मंत्री सुरेश खन्ना भी शामिल होंगे। बुधवार को सीसामऊ के तीनों भाजपा मंडल अध्यक्षों ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की।

सीसामऊ विधानसभा उप चुनाव के लिए भाजपा ने बुधवार को तीनों मंडल चुन्नीगंज, कौशलपुरी, रायपुरवा के अन्तर्गत आने वाले सभी शक्ति केन्द्र संयोजको की बैठक बुलाई। जिला महामंत्रियों की बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सेक्टर प्रभारी की जिम्मेदारी दी गयी। वे सेक्टर प्रभारी एवं सेक्टर संयोजक के साथ मिलकर सेक्टर के सभी बूथों पर चुनावी गतिविधियों का संचालन करेंगे। बूथ में छूटे हुए मतदाताओं एवं अनावश्यक रूप से विलोपित किये गये मतदाताओं को बूथवार सूचीबद्ध करने का कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय ने कहा कि यह संकल्प लें कि बूथ पर एक भी मतदाता ऐसा नहीं बचना चाहिए जिसका नाम मतदाता सूची में न हो।



नवीन मार्केट स्थित कार्यालय में बैठक करते जिलाध्यक्ष दीपू पांडेय। अमृत विचार

- बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में आज समारोह में शामिल होंगे विधानसभा चुनाव प्रभारी, मंत्री सुरेश खन्ना

बैठक में राघवेंद्र मिश्रा, जितेन्द्र विश्वकर्मा, अवधेश सोनकर, संतोष शुक्ला, आनंद मिश्रा, अनुराग शर्मा, कपिल गुप्ता, अभिमन्यु सक्सेना, गौरव पाण्डेय, करन यादव, जन्मेजय सिंह, सुनील जायसवाल, धीरज बाल्मीकि, राजकिशोर तिवारी, दिलीप अवस्थी उपस्थित रहे।

# नशीला पदार्थ पिलाकर सिपाही ने किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महाराजपुर थाना क्षेत्र की पीड़िता, सिपाही अयोध्या जिले में तैनात
- महिला का अश्लील वीडियो बनाकर तीन वर्ष से कर रहा शोषण

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर अयोध्या जिले में तैनात सिपाही पर शारीरिक शोषण और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। महिला ने आरोप लगाया कि सिपाही अश्लील वीडियो वायरल करने की लगातार धमकी दे रहा है।

महिला ने पुलिस कार्यालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका पति से पारिवारिक मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बीच अयोध्या जिले के एक थाने में तैनात सिपाही से उनकी मुलाकात हुई। इसके बाद मदद करने के बहाने सिपाही उनके घर आने-जाने लगा। इसके बाद एक दिन मौका पाकर सिपाही ने उसे नशीला पदार्थ चाय में मिलाकर पिला दिया। उसके बेसुध होने आरोपी सिपाही ने उनका शारीरिक शोषण किया और वीडियो बना



लिया। करीब तीन वर्ष से आरोपी उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कई बार सिपाही उन्हें अपने तैनाती स्थल स्थित आवास में भी ले गया, जहां उसके साथ संबंध बनाए। पुलिस अफसरों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, महाराजपुर थाना प्रभारी संजय पांडेय ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

## स्कूलों के प्रधानाचार्य डीएम से मिलेंगे

**कानपुर।** बिन बिजली के चल रहे माध्यमिक स्कूलों में सोलर पैनल लगाने की मांग को लेकर प्रधानाचार्य जल्द ही जिलाधिकारी से मिलेंगे। बुधवार को प्रधानाचार्य परिषद की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रधानाचार्य परिषद की बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश मिश्रा ने कहा कि शहर में 17 ऐसे अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय हैं जहां पर लंबे समय से बिजली कटी हुई है। इन विद्यालयों में फीस के रूप में बिजली शुल्क नहीं लिया जाता है। इन विद्यालयों में बिजली के बिल का कोई मद नहीं है। वे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कॉलेज में 5 किलो वॉट का सोलर पैनल लगाए जाने की मांग कर रहे हैं। परिषद के जिलाध्यक्ष मनप्रीत सिंह व डॉ. अजय पाठक ने भी विचार रखे। कहा कि डीएम से मुलाकात के दौरान आर्य नगर इंटर कॉलेज और महात्मा गांधी गोपीनाथ हायर सेकेंड्री स्कूल को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इन दोनों स्कूलों में लगभग 3 वर्षों के बगैर बिजली पढ़ाई हो रही है।

# बस स्टेशन का उद्घाटन आज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लखनऊ, अयोध्या समेत कई जिलों के लिए मिलेंगी बसें

**अमृत विचार।** विकास नगर में चिड़ियाघर के बगल में सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस स्टेशन का गुरुवार को सुबह 11 बजे परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह उद्घाटन करेंगे। इस बस अड्डे से मंत्री अयोध्या की बस को हरी झंडी दिखाएंगे। उसके बाद लखनऊ समेत विभिन्न जिलों की बसों का संचालन शुरु हो जाएगा। इस बस अड्डा के शुरु होने से एक ओर जहां झकरकटी बस अड्डे पर बसों की भीड़ का बोझ कम होगा, वहीं जाम से बड़ी राहत मिलेगी।

झकरकटी बस अड्डे पर प्रतिदिन करीब 1400 बसों का आवागमन है, ये डीजल चालित बसें शहर




के विभिन्न मार्गों को चीरते हुए झकरकटी बस अड्डा पहुंचती हैं। ऐसे में प्रदूषण बढ़ने के साथ ही जाम भी लगता है। एक अनुमान के मुताबिक सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस स्टेशन से लगभग सौ से डेढ़ सौ बसों का संचालन होगा जिससे झकरकटी में इतनी बसें कम हो जाएंगी। कानपुर परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि इस बस अड्डे से विभिन्न जिलों के लिए बसें संचालित होंगी। लखनऊ, बिधूना, फर्रुखाबाद, अयोध्या समेत विभिन्न जिलों की बसों का संचालन यहां से किया जायेगा। अयोध्या, लखनऊ की ओर से झकरकटी बस अड्डा आने वाली बसों को रामादेवी से टाटमिल होते हुए कई जगह जाम से जूझना पड़ता है, ऐसे में ये बसें सीधे गंगा बैराज, सरैया क्रासिंग, मरहला चौराहा होते हुए लखनऊ रूट पर पहुंच जाएंगी। गंगा पुल से झकरकटी तक बसों को पहुंचने में बसों को एक से डेढ़ घंटे लगते हैं जबकि सिग्नेचर ग्रीन सिटी बस स्टेशन पहुंचने में बसों को आधा घंटा लगेगा। ऐसे में यात्रियों का लगभग एक घंटे का समय भी बचेगा।

# खंभे से टकराई कार, चालक की मौत पर किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रेलबाजार की घटना, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार।** रेलबाजार थानाक्षेत्र मे मंगलवार की रात कार बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे कार चालक घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे टाटमिल स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगा हंगामा काटा। पुलिस ने मामले को शांत कराया।

रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि बाबूपुरवा निवासी 25 वर्षीय शमशाद आलम मंगलवार की रात को टाटमिल से अपने घर की तरफ जा रहे थे। चौराहे के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। जिससे शमशाद गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायल को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान शमशाद की मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। परिजनों का बवाल देख अस्पताल कर्मचारी भाग निकले।

# आंधी आने से गिरा पेड़, टूटे तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आंधी आने के कारण बुधवार को हर्ष नगर क्षेत्र में एक पेड़ बिजली के तारों पर गिर गया, जिसकी वजह से बिजली खंभा टेढ़ा हो गया और तार टूटकर सड़क पर गिर गए। इसी बीच पास में मौजूद लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर जाकर अपने आप को सुरक्षित किया और केस्को कर्मियों को मामले की जानकारी दी। तार टूटने की वजह से आसपास के क्षेत्रों की बिजली भी गुल हो गई। इसके अलावा नौबस्ता के तौधकपुर, कलक्टरगंज, गुडमंडी, यशोदा नगर, विजय नगर, बांसमंडी, प्रेम नगर, फूलबाग, राम नारायन बाजार, तिलक नगर समेत



आंधी आने की वजह से गिरा पेड़ व टूटे तार। अमृत विचार

आदि क्षेत्रों में भी बिजली संकट रहा। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक ट्राली में फॉल्ट होने से दादा नगर के एमटीसी ओल्ड फीडर, इस्पात नगर, जी-29 फीडर, 11केवी की लाइन पर पेड़ की डाल आने व जंपर क्षतिग्रस्त होने से एमटीसी न्यू फीडर, नगर निगम फीडर, इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से टेलीफोन एक्सचेंज फीडर व एचटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से रावतपुर गांव की बिजली कुछ समय के लिए बाधित हो गई थी, मरम्त कार्य के बाद आपूर्ति बहाल की गई।



विधायक अभिजीत सिंह सांगा को मांग पत्र सौंपा गया। अमृत विचार

# 22 वर्ष से गड्ढा युक्त है मार्ग विधायक से सड़क की मांग

**कानपुर।** गुजैनी क्षेत्र में रहने वाले क्षेत्रीय लोगों ने बिठूर विधानसभा से विधायक अभिजीत सिंह सांगा को ज्ञापन दिया। बताया कि गुजैनी क्षेत्र के रविदास पुरम, छठ पूजा स्थल, मर्दनपुर व एकता पार्क होते पांडु नदी के ऐतिहासिक पुल से समाधा घाट, भगवान श्री झूलेलाल घाट, समाधा आश्रम , एकता पार्क के सामने से होते हुए गोपालपुर पुल को जाने वाली सड़क करीब 22 वर्षों से जगह-जगह टूटी है। इस वजह से हजारों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क के बीचों-बीच बने गहरे गड्ढें, राहीगरों व वाहन चालकों के लिए खतरा बने हैं। मनीष वसंदानी ने बताया कि इस सड़क से वाहन लेकर गुजरना खतरे से खाली नहीं है। अनेक प्रयास के बाद भी अभी तक नहीं बन सकी है। विधायक ने जल्द ही सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। इस दौरान मनीष वंसदानी, मुकेश कुमार, अमरनाथ, हरीश बजाज, सुशील खत्री, महावीर प्रजापति समेत आदि क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

दुर्दशा — सेंट्रल स्टेशन पर रीडेवलपमेंट कार्य और मेट्रो निर्माण का डीआरएम ने किया निरीक्षण

# वीआईपी प्लेटफार्म-1 पर पानी टपक रहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर बुधवार को रीडेवलपमेंट और मेट्रो स्टेशन के निर्माण कार्य की प्रगति देखने के साथ यात्रियों को हो रही परेशानी का जायजा लेने आए डीआरएम हिंमाशु बडोनी प्लेटफार्म नंबर -1 पर टिन से पानी टपकता देखकर अधिकारियों से बोले, इसे तुरंत दुरुस्त कराया जाए। सिटी साइड और मेट्रो के काम के कारण यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि कार्यों की नियमित प्रगति देखी जा रही है। बारिश के कारण लेट हुआ मेट्रो का काम जल्द ही पूरा होगा। रेल यात्रियों को जल्दी ही सहूलियत के साथ मॉल और बेहतर पार्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



स्टेशन पर निरीक्षण करते डीआरएम हिमांशु बडोनी। अमृत विचार

**सिटी साइड में मॉल, पार्किंग सुविधा खत्म करेगी भीड़भाड़ :** डीआरएम ने सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर सबसे पहले मेट्रो कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि रीडेवलपमेंट कार्य पूरा होने पर सेंट्रल स्टेशन पूरी तरह से बदल जाएगा। यात्रियों को कोई दिक्कत नहीं होगी। सिटी साइड में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में मॉल में कई तरह की दुकानें होंगी। पार्किंग की अच्छी व्यवस्था रहेगी। इससे भीड़भाड़ खत्म होगी। कॉनकोर्स निर्माण के लिए प्लेटफार्म पर सपोर्ट के लिए पोल लगेंगे। जहां बैठकर यात्री ट्रेनों की प्रतीक्षा करेंगे। निरीक्षण के दौरान कमियां मिलने पर उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

### मेट्रो का काम लेट होने के कारण बढ़ी दिक्कत

- डीआरएम ने सिटी साइड की तरफ चल रहे कामों का निरीक्षण करते हुए कहा कि जब कोई बड़ा काम होता हैं तो काफी दिक्कतें आती हैं। बार-बार इसीलिए निरीक्षण करने आते हैं, ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो। बारिश की वजह से मेट्रो का काम लेट हुआ है। इससे थोड़ी दिक्कत है। डीआरएम गोविंदपुरी और अनवरगंज स्टेशन भी गए और वहां चल रहे कामों को देखा।

# पिकअप की टक्कर से वृद्धा की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बर्रा छह 80 फिट रोड पर हुआ हादसा
- दूर तक घसीटते ले गया पिकअप चालक

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में सास ससुर बाइक पर बिठा कर दवा दिलाने ले जा रहे युवक को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। अनियंत्रित होने से बाइक सवार काफी दूर तक घिसटते हुए चले गए। राहगीरों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने वृद्ध महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर पिकअप जब्त की।

जरौली वसुधा विहार निवासी फैक्ट्रीकर्मी शिवमंगल सिंह के परिवार में पत्नी चंद्रप्रभा (62), बेटा हर्ष सिंह और शादीशुदा बेटी है। शिवमंगल ने बताया कि बुधवार शाम वह पत्नी के साथ बर्रा छह निवासी दामाद ज्ञानेंद्र सिंह के घर गए थे। जहां से ज्ञानेंद्र दंपत्ति को बाइक पर बिठा कर शुगर की दवा दिलाने जा रहे थे। वह बर्रा छह अस्सी फीट रोड पर पहुंचे ही थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे तीनों उसमें फंसकर काफी दूर घिसटते हुए चले गए।

राहगीरों ने उन्हें अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान चंद्रप्रभा की मौत हो गई। दामाद ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि चालक नशे में धुत था। बर्रा इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# 12 साल के बच्चे बनेंगे पैकी, बड़े हथियारों पर रोक

## कल से इमामबाड़ों पर खलीफा करेंगे बच्चों की कमर बंधाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोहर्रम की पांच तारीख शुक्रवार शाम से पैकियों के इमामबाड़ों पर एक साल से 12 साल के बच्चों की कमर बंधाई की जाएगी। बड़े लोग पैकी नहीं बन सकेंगे। सिर्फ कलावा या कमर में बद्धी डाल सकेंगे, यदि कोई भी शख्स पैकी बना और तलवार या बड़े हथियार लेकर निकला तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नायब खलीफा कफील अहमद ने बताया कि ये मामला अदालत में होने की वजह से 12 साल के बच्चों की ही कमर बंधाई की जाएगी। इमामबाड़ों पर फातिहा होगी, कोई भी शख्स कमर में बद्धी लगा सकता है, कलावा बांध सकता है लेकिन तलवार या कोई भी हथियार नहीं लेकर निकले। हरे रंगे के कपड़े पहनने पर भी कोई पाबंदी नहीं है। हर साल एक से डेढ़ लाख लोग हजरत इमाम हुसैन के दूत की याद में पैकी बनते हैं। इनमें 90 प्रतिशत पैकी ऐसे होते थे जिनके हाथों में तलवार या हथियार होता था लेकिन तीन लोगों ने खलीफा होने का दावा अदालत में ठोंक दिया जिससे ये मामला अदालत में पहुंच गया।



जुलूस निकालकर मातम करते अकीदतमंद।

## न जाने क्यों मेरी आंखों में आ गए आंसू

- फूल वाली गली से निकाला गया 111 साल पुराना अलम जुलूस
- इमामबाड़ों पर मजलिस, शहादतनामा मातम का सिलसिला जारी

**कानपुर।** सिर-ए-हुसैन मिला है यजीद को लेकिन शिकस्त ये है कि फिर भी झुका हुआ न मिला। न जाने क्यों मेरी आंखों में आ गए आंसू-सिखा रहा था मैं बच्चे को कर्बला लिखना। करबला में शहीद हुए हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की याद में ये शेर पेश किये गये तो लोगों के आंसू छलक पड़े। उधर फूलवाली गली से 111 साल पुराना अलम जुलूस उठा जिसमें कैसेट बज रहे थे कि हुसैन तुमको जमाना सलाम करता है। इसी प्रकार शहर के हजारों इमामबाड़ों पर मजलिस, मातम, नौहाख्वानी, शहादतनामा का सिलसिला जारी है।

बुधवार मोहर्रम की तीन तारीख को फूलवाली गली इमामबाड़ा सादिक अली रजबी रोड से आशिक अली का 111 साल से उठने वाले कदीमी अलम जुलूस को देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह जुलूस इफ्तिखाराबाद, टुकनियापुरवा, इकबाल लाइब्रेरी, बांसमण्डी होता हुआ बेकनगंज, नई सड़क से परेड, यतीमखाना रोड, कंघी मोहाल, नाला रोड, मोहम्मद अली पार्क, से गुजरता हुआ मूलगंज, तलाक महल से दादामियां चौराहा होता हुआ हीरामन का पुरवा करीब दस बजे रात को पहुंचा। यहां से वापस सादिक शाह बाबा मजार फूलवाली गली मे पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में घोड़े व ऊंट मोहर्रमी रंगों से सजे हुए चल रहे थे जिन पर बच्चे नारे-ए-तकबीर, नारे-ए-रिसालत, नारे-ए-हुसैनी, नारे-ए-हैदरी के नारे लगा रहे थे। लाउडस्पीकर के द्वारा नौहा और नात पाक के रिकार्ड बजाये जा रहे थे।

दूसरी ओर शिया और सुन्नी समुदाय के इमामबाड़ों, मस्जिदों और घरों में मजलिसे हुसैन व जिकरे शहादतैन और मातम शहीदाने कर्बला का सिलसिला जारी है। इमाम बारगाह आगामीर मकबरा ग्वालटोली की मजलिस को सम्बोधित करते हुए मौलाना नसीम अब्बास हसनी ने जनाबे जैनब के दोनों बेटों हजरत औन और मोहम्मद की कर्बला के मैदान में शहादत बयान की। नगर पार्षद हाजी मुन्सिफ अली रिजवी, मिर्जा शहनशाह हुसैन नजरे आलम, डा० जुल्फिकार अली रिजवी, ताज कानपुरी, आसिफ अब्यास, पप्पू मिर्जा, नवाब मुमताज, नकी हैदर, मिर्जा हैदर रजा, कुमैल नमाजी, अफसर हुसैन, एहसान हुसैन ,जवाज हैदर रिज़वी आदि थे।

### जन्नती नौजवानों के सरदार हैं हजरत इमाम हुसैन

**कानपुर।** हजरत इमाम हुसैन जन्नती नौजवानों के सरदार हैं। हर शख्स पढ़ रहा है कसीदा हुसैन का-किरदार ही था ऐसा निराला हुसैन का। बाबा अली हैं भाई हसन मां हैं फात्मा-मुख्तारे कायनात है नाना हुसैन का। बुधवार को हाशमी तिराहा चमनगंज में आयोजित दस दिवसीय इजलास बयादगार शहीद-ए-आजम में हाफिज मोहम्मद आमिर ने करबला शहीदों की याद में कलाम पेश किए। मौलाना याकूब रहमानी ने कहा कि हजरते इमामे हसन व इमामे हुसैन जन्नती नौजवानो के सरदार हैं। पैगम्बरे इस्लाम अपने नवासों से बेपनाह मोहब्बत करते हैं और कहते हैं जिसने इन दोनों से मोहब्बत की, उसने मुझसे मोहब्बत की। संचालन मौलाना असरार अहमद बकाई ने किया। हाफिज मोहम्मद आमिर, नईम चिश्ती, मोहम्मद वलीद ने कलाम पेश किए। हाफिज सैयद मोहम्मद फैसल जाफरी( मीडिया इंचार्ज), हाफिज रिजवान बरकाती, सैयद ओसामा हाशमी, तौहीद खान, शेखू खान आदि लोग मौजूद थे।

## 20 तक शिक्षकों के आवेदन छात्रों के नामांकन 15 तक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में पात्र विद्यार्थियों को यूपीएससी, यूपीपीएससी, नीट, जेईई, एनडीए इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं सिविल सर्विसेज परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग मिलती है। समाज कल्याण विभाग में योजना के लिए शिक्षकों की चयन प्रक्रिया जारी है। अभ्युदय में पढ़ाने के लिए शिक्षकों को ट्रायल देना होगा। यह जानकारी देते हुए कोर्स को-आर्डिनेटर हरिहर मिश्र ने बताया कि यूपीएससी, यूपीपीएससी एवं एसएससी की तैयारी के लिए इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, विज्ञान और तकनीक, भारतीय राज व्यवस्था एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध, सीसेट-(हिंदी, अंग्रेजी, गणित), पर्यावरण एवं आपदा प्रबंधन, समसामयिक व यूपी स्पेशल ज्ञान, नीति शास्त्र तथा मानवीय अन्तः संबंध एवं सत्यनिष्ठा विषयों में शिक्षकों के आवेदन लिए जाएंगे। इसके लिए संबंधित विषय में परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण और कोचिंग में तीन साल पढ़ाने का अनुभव होना आवश्यक है। नेट, जेआरएफ, पीएचडी धारक के साथ मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। जेईई एवं नीट की कोचिंग में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं गणित विषय में 60 फीसद अंकों के साथ बीटेक, एमटेक एवं परास्नातक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। संबंधित विषय में प्रख्यात कोचिंग में पढ़ाने का अनुभव होना अनिवार्य है। नेट, जेआरएफ, पीएचडी धारक अभ्यर्थी नीट, जेईई में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में अध्यापन कार्य के लिए इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 20 जुलाई तक समाजकल्याण विभाग में जमा कर सकते हैं। शिक्षकों की नियुक्ति चयन समिति की अनुशंसा पर होगी। इसके लिए 90 मिनट के व्याख्यान का ट्रायल होगा। जरूरतमंद विद्यार्थी फ्री कोचिंग के लिए 15 जुलाई तक विभाग में नामांकन करा सकते हैं।

## एक नजर

### पॉलिमरिक सेमीकंडक्टर्स की दी जानकारी

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज में सेंट्रल लेदर रिसर्च इंस्टीट्यूट चेन्नई के उप निदेशक प्रोफेसर सोमनाथन नारायण शास्त्री ने छात्रों को पॉलिमरिक सेमीकंडक्टर्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पॉलिमर विज्ञान और प्रौद्योगिकी और कार्बनिक अर्धचालकों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने मुद्रण योग्य लचीले ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स के लिए पॉलिमरिक सेमीकंडक्टर्स पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आगामी रोल ऑन लैपटॉप, मोबाइल और एलसीडी और पॉलिमरिक सेमीकंडक्टर्स के कई अन्य अनुप्रयोगों के पीछे की तकनीक के बारे में भी जानकारी दी।

### कार पर रखकर तलवार से काटा केक

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र के गंगागंज इलाके में कुछ युवकों का एसयूवी कार के बोनट पर तलवार से एक साथ सात केक काटते हुए वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें दर्जन भर से अधिक लोगों के बीच खड़े सात युवक तलवार से एक साथ केक काटते हुए नजर आ रहे हैं। अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस संबंध में पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

### सांसद रमेश अवस्थी ने लगाये पौधे

**कानपुर।** भाजपा के एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बुधवार को रायपुरवा मैदान में सांसद रमेश अवस्थी ने इमली, जामुन, नीम, अशोक, पीपल सहित 50 पेड़ लगाकर चल रहे अभियान को गति प्रदान की। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, रायपुरवा मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे ने भी पौधरोपण किया। विमल तिवारी, प्रमोद विश्वकर्मा, सूरज मिश्रा, अनंत मिश्रा, हर्षित तिवारी, दिव्यांश मिश्रा, अंकित मिश्रा, नीति बाजपेई, विनय त्रिपाठी ने भी एक-एक पेड़ लगाया।

## बेहतर रिटर्न से अमीरों की पसंद बना पीएमएस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- देश भर में 9.52 लाख करोड़ रुपये का पीएमएस में निवेश, न्यूनतम निवेश होता 50 लाख
- कई पीएमएस ने 5 से 10 वर्ष की अवधि में 25 से 35 फीसदी तक का रिटर्न दिलाया

**अमृत विचार।** कानपुर निवासी एक आईटी पेशेवर द्वारा लगातार निवेश करने से उनके पोर्टफोलियो में काफी वृद्धि हो गई, ऐसे में अपना पोर्टफोलियो और बेहतर बनाने के लिए उन्होंने पीएमएस (पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज) का रुख किया। अब यह सेवा उनके पोर्टफोलियो से रिटर्न बढ़ाने के लिए रास्ता बना रही है। शेयर बाजार के लगातार हाई रिकार्ड बनाने और म्यूचुअल फंड में निवेश तेजी से बढ़ने के साथ ही शहर में हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (एचएनआई) की संख्या भी बढ़ रही है। इन एचएनआई निवेशकों के बीच पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज की मांग का दायरा बढ़ता जा रहा है। बेहतर रिटर्न से पीएमएस देश भर में अमीरों की पसंद बन रहा है। उनका इसमें 9.52 लाख करोड़ रुपये का निवेश है।

पीएमएस में निवेश की न्यूनतम राशि 50 लाख और एआईएफ में 1 करोड़ होने से इसमें निवेश करना सबके बस की बात नहीं है। शुरुआती दौर में पीएमएस में निवेश की न्यूनतम राशि 5 लाख थी, जो अब 25 लाख से बढ़कर 50 लाख है। सेबी के रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2024 तक देश के 1,64,723 निवेशकों ने 33,64,732 करोड़ रुपये का निवेश पीएमएस में कर रखा है। रिपोर्ट के अनुसार इसमें 24,12,290 करोड़ रुपये का योगदान ईपीएफओ / पीएफ से प्राप्त फंड का है। मतलब साफ है कि देश के अमीरों ने 9,52,442 करोड़ रुपये का निवेश पीएमएस में कर रखा है।

### निवेश पर जोखिम कम और अधिकतम रिटर्न देने वाली पेशेवर वित्तीय सेवा



राजीव सिंह।

आर्थिक विशेषज्ञ और पीएमएस डिस्ट्रीब्यूटर राजीव सिंह के अनुसार ज्यादातर बड़ी म्यूचुअल फंड कंपनियां जैसे आईसीआईसीआई, एक्सिस, एचडीएफसी, एसबीआई, कोटक आदि एएमसी (एसेट मैनेजमेंट कंपनी) और पीएमएस की सेवाएं प्रदान करती हैं। इनके अलावा सेबी रजिस्टर्ड सैकड़ों फर्म/कंपनियां भी पीएमएस सेवाएं देती हैं। सबका अपना अलग इनवेस्टमेंट स्टाइल और टीम है। उनके मुताबिक पीएमएस निवेश पर जोखिम कम करते हुए अधिकतम रिटर्न सुनिश्चित करने वाली पेशेवर वित्तीय सेवा है। यहां कुशल पोर्टफोलियो प्रबंधक और शेयर बाजार के पेशेवर एक शोध टीम की सहायता से इक्विटी पोर्टफोलियो का प्रबंधन करते हैं। यह सेवा शोध और डेटा के जरिए ठोस निर्णय लेने में सक्षम बनाने के साथ बाजार की प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार भी करती है। म्यूचुअल फंड में जहां निवेश करने पर यूनिट्स आवंटित किए जाते हैं, वहीं पीएमएस में निवेश वाले शेयर्स दिखते हैं। पीएमएस को हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स (एचएनआई) के लिए तैयार किया गया है। इक्विटी म्यूचुअल फंड की तुलना में पीएमएस केंद्रित पोर्टफोलियो हैं।

## राम नारायन निषाद बने अध्यक्ष और कुलदीप उपाध्यक्ष

**कानपुर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देश पर बुधवार को राम नरायन निषाद को महानगर अध्यक्ष, कुलदीप भदौरिया को उपाध्यक्ष, जितेंद्र पाल को महासचिव, सुमित बाल्मीकि को सचिव व संदीप भगत को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

नई कमेटी के गठन के लिए कानपुर, झांसी व चित्रकुट मंडल के मुख्य सेक्टर इंचार्ज व पूर्व एमएएलसी नौशाद अली, मुकेश अहिरवार, प्रवेश कुरील, जितेंद्र संखवार व अनिल पाल ने अपनी संस्तुति रिपोर्ट भेजी थी, जिसके बाद महानगर कमेटी का गठन हुआ।

## 24 तक पूरे करें प्रवेश, 11 नवंबर से सेमेस्टर परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शासन की ओर से जारी हुए शैक्षिक कैलेंडर के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी साथी निर्देश भी जारी किए हैं।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक राकेश कुमार ने बताया कि शासन से आए शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार पढ़ाई, परीक्षा और रिजल्ट को निकालने का प्रयास किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन में पहले ही परीक्षा को 30 दिन के अंदर करने की तैयारी पर मंथन शुरू कर दिया है। बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव की ओर से शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया गया है। सेमेस्टर की शुरुआत से लेकर परीक्षा का रिजल्ट तक की तैयारी शुरू करते हैं। कैलेंडर के अनुसार प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया 24 जुलाई तक पूरी करनी है। सेमेस्टर का शिक्षण कार्य 2 नवंबर तक पूरा करना है। 11 नवंबर से 12 दिसंबर के बीच सेमेस्टर परीक्षाएं करनी होगी। सभी पाठ्यक्रम का रिजल्ट 5 जनवरी 2025 तक जारी करना होगा। वहीं सम सेमेस्टर की पढ़ाई 15 अप्रैल को पूरी करनी होगी। परीक्षाएं 11 अप्रैल से 10 में के बीच होगी। कैलेंडर में 1 जून से 30 जून के बीच ग्रीष्म अवकाश है।

### ओरिएंटेशन में दी जानकारी

एसएन सेन पीजी कालेज में छात्राओं ने जाना ओरिएंटेशन का महत्व। सेन बालिका पीजी कॉलेज में नव प्रवेशित छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को महाविद्यालय के इतिहास और उपलब्धियां के बारे में बताया गया। शिक्षा शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर चित्रा सिंह तोमर ने संचालन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुमन ने कहा कि अनुशासन के साथ शिक्षिकाओं के दिखाएं मार्ग पर चलकर छात्राएं कामयाबी हासिल कर सकती हैं।




### 15 जुलाई तक करें आवेदन

*वीएसएसडी कॉलेज में एलएलबी की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। 3 वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। छात्र कॉलेज की वेबसाइट पर पंजीकरण करा लें। प्राचार्य प्रोफेसर विपिन चंद्र कौशिक ने बताया कि पहले मेरिट सूची 19 जुलाई को जारी होगी।*

### पब्लिक हेल्थ की करें पढ़ाई

सीएसजेएमयू के स्कूल आफ आर्ट्स ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज में मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ नया कोर्स शुरू हुआ है। चार सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में स्नातक छात्र प्रवेश ले सकते हैं। यह जानकारी देते हुए प्रभारी डॉक्टर संदीप सिंह ने बताया कि इसमें प्रवेश की 40 सीट निर्धारित की गई है। इसमें रोजगार के अच्छे अवसर हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार पब्लिक हेल्थ का कोर्स शुरू किया गया है।

## नयागंज तक थर्ड रेल सिस्टम लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर मेट्रो ने बुधवार को कॉरिडोर-1 के चुन्नीगंज-नयागंज सेक्शन की अप-लाइन में थर्ड रेल सिस्टम लगाने का काम पूरा कर लिया। इसके साथ ही अब आईआईटी से नयागंज तक लगभग 15 किलोमीटर लंबे मेट्रो रूट की 'अप-लाइन' पूरी तरह से तैयार हो गई है। अब कानपुर मेट्रो दो दिनों के भीतर इस लाइन पर सिस्टम में करंट की सप्लाई शुरू करेगा। इस बीच 'डाउनलाइन' पर भी ट्रैक निर्माण के साथ थर्ड रेल लगाने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि थर्ड रेल प्रणाली मां पारंपरिक तौर पर प्रयोग होने वाली ओएचई (ओवर हेड इक्विपमेंट) प्रणाली की जगह ट्रैक के समानांतर बिछी हुई थर्ड रेल का प्रयोग किया जाता है। 750 वोल्ट डीसी करंट पर चलने वाली कानपुर मेट्रो ट्रेन परिचालन के लिए इसी थर्ड रेल का प्रयोग करती है। इसमें मेंटेनेंस कम होता है, क्योंकि ट्रैक के समानांतर बिछे होने से इसमें बिजली की सप्लाई ट्रिप या बाधित होने की आशंका नहीं होती है। इसके साथ ही इस प्रणाली में बिजली के तारों का कोई सेटअप बाहरी तौर पर दिखाई नहीं देता, इससे शहर को सुंदर बनाए रखने में मदद मिलती है। कानपुर मेट्रो टीम की निर्माण कार्य की गति प्रशंसनीय है। दोनों लाइनों पर ट्रैक निर्माण खत्म होते ही आईआईटी से नयागंज तक मेट्रो ट्रेन के लिए रास्ता तैयार हो जाएगा। कॉरिडोर-1 के शेष सेक्शन पर भी निर्माण कार्य सुनियोजित ढंग से पूरे किए जाएंगे।



नयागंज स्टेशन तक थर्ड रेल सिस्टम लगाने का काम पूरा हो गया। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### लाल इमली चालू कराने व ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में भर्ती की मांग

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने युवाओं के साथ बैठक की, जिसमे आकलन प्रस्ताव जिलाध्यक्ष ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव को भेजा। भेजे गए प्रस्ताव में लाल इमली चालू कराना, ऑर्डिनेंस फैक्ट्रिरियों में युवा भर्ती और सरकारी उपक्रमों में मुनाफा बढने के बावजूद सरकार की उदासीनता पर गंभीर चिंता व्यक्त की। जिलाध्यक्ष फजल महमूद ने प्रस्ताव में भेजा है कि आर्डिनेंस फैक्ट्रियों में अधिकांश कर्मचारी रिटायर हो गए हैं। उन फैक्ट्रियों में आईटीआई व पॉलीटेक्निक उत्तीर्ण युवाओं को भर्ती कर लिया जाए तो बेरोजगारी से निजात पाई जा सकती है। प्रस्ताव में यह भी लिखा कि आर्डिनेंस फैक्ट्रियों में पीडीए को भर्ती मे महत्व दिया जाए। सरकार लाल इमली को चलाने में भी पीछे हट रही है। जबकी लाल इमली के संचालन होने पर कानपुर का कपड़ा दुनियाभर में अपनी गुणवत्ता से पहचाना जाता रहा है। यदि लाल इमली मिल दोबारा चालू कर दी जाए तो हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, रजत मिश्रा, सत्यनारायण गहरवार, परमवीर सिंह गंभीर, हाजी अयूब आलम, आनंद शुक्ला, इशरत इराकी, निशांत गुप्ता, राजेंद्र जयसवाल, संजय निषाद, रामू वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



जेल में बंदी का नेत्र परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### 160 बंदियों का नेत्र परीक्षण कर दी दवा

**अमृत विचार।** जेल में नेत्र शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बंदियों का परीक्षण कर दवा दी गईं। जेल अधीक्षक डॉक्टर बीडी पांडेय ने बताया कि एसोसिएशन ऑफ ह्यूमन लाइफ केयर तथा जवाहर लाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय सर्वोदय नगर के संयुक्त तत्वाधान में जेल में नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुल 160 बंदियों ने अपना परीक्षण कराया। डॉ परवेज अख्तर, सुरेन्द्र पाल सिंह, मंजीत सिंह, जगजीत सिंह, चन्द्रलेखा, नेत्र चिकित्सक डॉ अरुण कुमार, डॉ शुभम सिंह, नेत्र परीक्षक शुभम साहू, श्वेता सिंह, जनरल फिजिशियन डॉ प्रिंश पांडेय, डॉ आनन्दमणि तथा कारागार चिकित्साधिकारी डॉ समीर नारायण, जेलर अनिल कुमार पांडेय, इन्द्रजीत सिंह राना, जितेन्द्र कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर प्रदीप कुमार सिंह व अरुण कुमार सिंह उपस्थित रहे।

### आईटीआई की टाटा लैब में 4 कोर्स, सीटों का हुआ निर्धारण

**कानपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में टाटा के सहयोग से बन रही लैब में प्रशिक्षण के लिए सीटों का निर्धारण हो गया है। आईटीआई पांडु नगर और घाटमपुर में टाटा टेक्नोलाजीज कंपनी और राज्य सरकार के बीच हुए एमओयू के बाद यह आधुनिक लैब बनी है। लैब में जल्द ही प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। आईआईटी के प्रधानाचार्य अमित कुमार पटेल ने बताया कि पांडु नगर में बनी लैब में दो साल की अवधि के इंडस्ट्रियल इंटरनेट ऑफ थिंग्स कोर्स में 20 सीटों, दो साल के मैकेनिक मोटर व्हीकल कोर्स में 24 सीटों, एक साल के एडवांस टूल टेक्नीशियन कोर्स में 20 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इसके साथ ही एडवांस सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन और मैन्यूफैक्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल एंड आटोमेशन कोर्स की 27 सीटों पर 400 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा। घाटमपुर में बनी आधुनिक लैब में दो साल के एडवांस सीएंडसी मशीनिंग कोर्स में 24 सीटें, एक साल के मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल एंड आटोमेशन कोर्स में 20 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इसी तरह एडवांस सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन और सीएनसी लेदर मशीन जूनियर टेक्नीशियन एंड प्रोग्रामर कोर्स की 27 सीटों पर 400 घंटे के प्रशिक्षण सत्र संचालित होंगे।

**नमन** आचार्य गोरेलाल त्रिपाठी की 35वीं निर्वाण जयंती पर श्रद्धांजलि स्मृति गोष्ठी

## प्रतिभाशाली नाट्यकर्मी, सफल शिक्षक रहे गोरेलाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आचार्य गोरेलाल त्रिपाठी प्रतिभाशाली नाट्यकर्मी, सफल शिक्षक और कुशल प्रधानाचार्य रहे। ऐसे लोग समाज में कम ही होते हैं। बुधवार को यह उद्गार कवि डॉ. सुरेश अवस्थी ने आचार्य जी की 35वीं निर्वाण जयंती में देवनगर स्थित श्रद्धांजलि स्मृति गोष्ठी में प्रकट किये।

डॉ. अवस्थी ने कहा कि वे अपने समय के विद्वान परशुराम अभिनेताओं में अद्वितीय मार्गदर्शक रत्न थे। अपनी ओजस्वी वाणी, स्वरचित कविताओं से विद्वत समाज में वाहवाही लूट लेते थे। वे सभी को प्रोत्साहित करते और कला की बारीकियों से अवगत भी कराते रहते थे। डॉ. रामआश्रय साहू ने कहा आचार्य गोरेलाल हम सबके पथप्रदर्शक रहे। जयराम सिंह 'जय' ने कहा कि आचार्य प्रवर का परिचय क्षेत्र बड़ा व्यापक था। डॉ. विजयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि आचार्य छात्रों के बड़े-बड़े समूह को नियंत्रित करने की कला जानते थे। सिद्धांत प्रिय, कड़ा अनुशासन के वे पक्षधर रहे।

प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि आचार्य गोरेलाल का जीवन संघ को समर्पित रहा। संघ कार्य को कानपुर में विस्तार कार्य देने की उनमें अद्भुत क्षमता थी। अध्यक्षता करते हुए अशोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि उनका आदर्शमय जीवन लोगों को हृदय की गहराई तक भिगो देता था। संजर कानपुरी समाजसेवी मोहन मिश्र 'दाऊ' डॉ. मनीष द्विवेदी सुरेश गुप्त 'राजहंस', विद्याशंकर अवस्थी 'पथिक', वेदप्रकाश शुक्ल, राजकुमार सचान, जयराम सिंह ' जय ', हरीलाल 'मिलन' आदि ने भी विचार रखे। संचालन संजर कानपुरी ने किया।

इस अवसर पर राष्ट्रवादी पत्रिका 'जयतु हिन्दू विश्व' मासिक का लोकापर्ण किया गया। अनिलराज वाजपेयी, डॉ. सुभाष मिश्रा , शेषकुमार शुक्ल, सुजीत द्विवेदी, सुनील वाजपेयी, सत्यप्रकाश , श्याम कुमार, नंदू यादव, सत्या द्विवेदी आदि मौजूद रहे। आभार डॉ. विजयप्रकाश त्रिपाठी ने व्यक्त किया।



कार्यक्रम में जयतु हिन्दू विश्व पत्रिका के अंक का विमोचन किया गया। अमृत विचार

## डूबने से मौतों पर मांगी रिपोर्ट

**कानपुर।** गंगा में नहाने के दौरान हुए हादसों को राज्य मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान में लिया है। आयोग ने डीएम से गंगा में डूबने के हादसों की जांच कर 30 अगस्त तक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। मामले में 2 सिंतबर को सुनवाई होगी।

गंगा में नहाने के दौरान के डूबने से कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं। लगातार हुए हादसों पर सेंट्रल बार एसोसिएशन महामंत्री प्रवीण फाइटर ने 27 जून को राज्य मानवाधिकार आयोग में याचिका दाखिल कर मामले में कार्रवाई करने की मांग की थी। याचिका में जिक्र किया गया था कि घाटों की सुरक्षा के नाम पर जिले में मात्र 3 जल पुलिसकर्मियों की तैनाती है। आयोग ने मामले को संज्ञान में लेकर डीएम को जांच कर 30 अगस्त तक रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं।

# चेक डैम बनाने वाली फर्म को नोटिस

संवाददाता, बिल्हौर

विभागीय जांच शुरू

- लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता जांच के लिए पहुंचे
- पहली बारिश में बह गया महिगवां में बनाया गया चेक डैम

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के महिगंवा गांव में वर्षा के जल संचयन के लिए बनाए गए 55 लाख रुपये के चेक डैम के पहली ही बरसात में बह जाने के मामले को जिलाधिकारी आरके सिंह ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से जांच के आदेश दिए हैं। डीएम की सख्ती के बाद चेक डैम बनाने वाले राजेश कटियार की फर्म को विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया है।

वर्ष 2023 में लघु सिंचाई विभाग की ओर से बारिश के पानी को एकत्रित करने के लिए महिगवां गांव में गंगा की कटरी में एक चेक डैम बनाया गया था, जो पहली ही बरसात में बह गया। चेक डैम का लगभग 40 फीसदी हिस्सा पानी में बहा है। 'अमृत विचार' अखबार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया, जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने लघु सिंचाई विभाग के अधिकारियों को जांच के आदेश दिए। इसके बाद आनन-फानन में चेक डैम बनाने वाली फर्म को नोटिस जारी कर दिया गया है।



जांच करने पहुंचे लघु सिंचाई विभाग के एई राजेश कुमार सिंह। अमृत विचार

मौके पर जांच के लिए पहुंचे लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता ने कहा कि अगले 3 साल तक चेक डैम बनाने वाली फर्म की ही रखरखाव की जिम्मेदारी है। चेक डैम में हुए नुकसान का खर्च फर्म ही वहन करेगी। मौजूदा समय में गंगा का जलस्तर बढ़ने से चेक डैम में पानी ही पानी नजर आ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गंगा की कटरी में 55 लाख रुपये खर्च करने से पहले सही स्थान का चयन करना जरूरी था। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते ऐसी जगह निर्माण कराया गया, जहां गंगा की बाढ़ का पानी आता है। इस पूरे मामले में मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने जांच के निर्देश दिए हैं।

# बाढ़ से निपटने की तैयारी में जुटा तहसील प्रशासन

संवाददाता, घाटमपुर

- एसडीएम ने राजस्व विभाग के साथ बैठक की

**अमृत विचार:** बारिश होते ही यमुना नदी का लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। इसको लेकर एसडीएम ने बुधवार को राजस्व विभाग के साथ अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक कर फीडबैक लिया। फिलहाल बाढ़ जैसे हालात नहीं है, लेकिन पिछली बार जिन गांवों में बाढ़ चौकियां बनाई गई थीं, उनका स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ से निपटने के लिए तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए गए।

घाटमपुर तहसील क्षेत्र में यमुना नदी की कछार पट्टी में बसे दर्जनों गांव यमुना नदी में बाढ़ आने से प्रभावित होते हैं। बाढ़ से निपटने के लिए तहसील प्रशासन तैयारी में जुट गया है। यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने की सुगबुगाहट के बीच एसडीएम यादवेंद्र सिंह वैस ने बाढ़ से प्रभावित वाले गांवों के राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों के साथ बैठक कर बाढ़ से निपटने की रणनीति तय की। उन्होंने यमुना नदी के जलस्तर पर नजर रखने और खतरे के हालात पैदा होने पर तुरंत अवगत कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ आने की स्थिति में कटार, हरदौली, रामपुर, कोटरा, मऊ नखत में राहत कार्य के लिए जो बाढ़ चौकियां बनाई जाती रही हैं, उनका बारीकी से निरीक्षण कर तैयारी पूरी कर ली जाए।

## सार-संक्षेप



क्लीनिक में छापे के दौरान छानबीन करते एसीएमओ। अमृत विचार

### छापेमारी में एक क्लीनिक सीज, दो को नोटिस

**बिल्हौर।** कस्बे के नगर पालिका चौराहे पर बंगाली डॉक्टर के इलाज से एक बच्चे की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग की नींद टूटी। बुधवार को एसीएमओ डॉ. यूवी सिंह और सीएचसी अधीक्षक डॉ. दिलीप कटियार ने कई कस्बों में छापा मारा। इस दौरान एक क्लीनिक को सीज कर दिया गया, जबकि दो को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। छापेमारी से पहले ही सूचना लीक होने से ज्यादातर प्राइवेट डॉक्टर अपनी क्लीनिक बंद करके भाग निकले। एक प्राइवेट डॉक्टर को क्लीनिक का संचालन करते पकड़ा गया, जिसे सीज कर दिया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. दिलीप कटियार के अनुसार बकोठी में प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉ. नागर की क्लीनिक सीज कर दी गई है, जबकि डॉ. एनके सिंह के नाम से संचालित क्लीनिक को कागजात दिखाने की नोटिस जारी की गई है। वहीं उत्तरीपूरा कस्बे में संचालित एक क्लीनिक में डॉ. अनिरुद्ध यादव को भी अपने कागजात दिखाने के लिए नोटिस जारी की गई है। हालांकि डॉ. अनिरुद्ध यादव की ओर से बताया गया कि वह रजिस्ट्रेशन के बाद ही लोगों का इलाज कर रहे थे। खास बात यह है कि छापेमारी से पहले ही प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले कई डॉक्टर अपनी दुकानों का शटर गिराकर मौके से भागने में कामयाब रहे।

### सड़क निर्माण के लिए ब्लॉक प्रमुख को सौंपा ज्ञापन

**बिठूर।** क्षेत्र के बगदौधी बांगर के ग्रामीण कीचड़ से होकर निकलते हैं। सड़क निर्माण कराने के लिए ग्रामीणों ने विकास खंड कार्यालय पहुंचकर ब्लॉक प्रमुख को समस्या से अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। बगदौधी बांगर, मंधना, सिंहपुर मार्ग के सामने नई बस्ती में खड़ंजा और सड़क न बनने से ग्रामीणों को कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है। इसको लेकर क्षेत्रीय लोगों ने कल्याणपुर ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी से मिलकर क्षेत्र की समस्या से अवगत कराते हुए 600 मीटर सड़क निर्माण कराने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस समस्या को लेकर रजनीकांत दीक्षित, सरवन त्रिपाठी, नरेंद्र यादव, मनीष शुक्ला, अशोक सिंह आदि लोगों ने रात में आने-जाने की समस्या बताई।

### सड़क हादसे में युवक घायल, कानपुर रेफर

**घाटमपुर।** जहानाबाद रोड स्थित एक पंप के सामने नशे की हालत में एक युवक हादसे में घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत में उसे कानपुर रेफर किया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के बांग्ला गोपालपुर गांव निवासी बाबी सचान (40) पुत्र जगदेव सचान अपनी बाइक से गांव जा रहा था, तभी सड़क पर किसी वाहन से टकराकर गिर गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर उसे कानपुर रेफर कर दिया।

# खनन माफिया ने ग्रामीणों को दौड़ा कर पीटा

## शिवराजपुर क्षेत्र के सखरेज गांव में उत्पात, ग्रामीणों को लाठी और कट्टा लेकर दौड़ाया

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार:** शिवराजपुर में खनन माफिया अब खूनखराबे पर उतारू हो गए हैं। बुधवार को सखरेज गांव में अवैध खनन और डंपरों से रास्ते खराब होने को लेकर एतराज जताने पर खनन माफिया ने ग्रामीणों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। हाथ में लाठी-डंडा और तमंचा लहराते हुए माफिया के गुर्गों ने कई ग्रामीणों को लहूलुहान कर दिया। गांव वालों के एकजुट होने के बाद माफिया भाग निकले।

अवैध खनन रोकने लेकर सखरेज गांव के ग्रामीणों और खाना माफिया के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि खूनखराबे की नौबत आ गई। खनन रोकने की खबर मिलने पर खनन माफिया कुछ ही देर में लग्जरी गाड़ियों से असलहे लेकर मौके पर पहुंच गया। इसके बाद माफिया के गुर्गों ने ग्रामीणों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। ग्रामीणों के मुताबिक माफिया के गुर्गों के हाथ में लाठी-डंडों के साथ तमंचे भी थे।





इसी गाड़ी से पहुंचे थे खनन माफिया । अमृत विचार



माफिया के हमले के बाद एकजुट हुए ग्रामीण। अमृत विचार

खनन माफिया के हमले की खबर जैसे ही गांव में फैली तो ग्रामीण इकट्ठा हो गए और एकजुट होकर माफिया से मोर्चा संभाल लिया। ग्रामीणों से अपने को घिरा देखकर खनन माफिया और उसके गुर्गे भाग निकले। गांव वालों का कहना है कि मोटी कमाई के चक्कर में कई खनन माफिया जेसीबी से खनन कराकर ट्रैक्टर और डंपरों से ढुलाई करवाते हैं, जिससे रास्ते खराब हो गए हैं। ग्रामीण खनन का विरोध करते हैं, लेकिन अब माफिया खूनखराबे पर उतारू हो गए हैं।

### गांव में कई दिन से चल रहा खनन

ग्रामीणों के मुताबिक सखरेज गांव में कई दिनों से खनन चल रहा है। डंपरों और ट्रैक्टरों से मिट्टी की ढुलाई की जा रही है। ओवरलोड डंपर निकलने से इलाके की सड़कें खराब हो रही हैं। ग्रामीणों की ओर से जब इसका विरोध किया जाता है तो खनन माफिया झगड़ा-फसाद पर आमादा हो जाते हैं। बुधवार को यही हुई। कुछ ग्रामीणों ने रास्ता खराब होने की दुहाई दी तो खनन माफिया आगबबूला हो गए और हमला कर दिया। इससे पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

गांव वालों में गुस्सा

- गांव वालों के एकजुट होने पर भागे खनन माफिया
- डंपरों से रास्ता खराब होने पर जता रहे थे एतराज

### 'उत्तर प्रदेश सरकार' लिखी गाड़ी से पहुंचे माफिया

ग्रामीणों ने बताया कि विरोध पर खनन माफिया और उसके गुर्गे लग्जरी गाड़ियों से असलहे लेकर पहुंचे। एक गाड़ी में पीछे 'उत्तर प्रदेश सरकार' भी लिखा था। यह गाड़ी इलाके के एक जनप्रतिनिधि की बताई जाती है। गाड़ी से उतरे गुर्गों ने ग्रामीणों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटना शुरू कर दिया, जिससे कुछ ग्रामीण लहूलुहान होकर घायल हो गए। खूनखराबा होने पर ग्रामीण एकजुट हुए, तब माफिया भागा। घायलों को शिवराजपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

### ग्रामीणों ने जेसीबी के शीशे तोड़े, थाने में दी तहरीर

सखरेज गांव के सुशील कुमार शुक्ला ने थाने में तहरीर दी है। उसने बताया कि गांव का एक प्रभावशाली ठाकुर और एक जिला पंचायत सदस्य अपने 10 साथियों के साथ लाठी-डंडा और कट्टा लेकर खनन करा रहे थे। ओवरलोड डंपर निकलने से सड़क खराब होने का हवाला देने पर खनन माफिया गालीगलौज करते हुए आगबबूला हो गए और उनके साथ गांव के कई लोगों को जमकर पीटा। गुस्साए ग्रामीणों ने जेसीबी के शीशे तोड़ डाले।

> ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर जाकर जांच की गई है। खनन कर रहे लोग मौके से फरार हो गए थे। तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -सुबोध कुमार, थाना प्रभारी शिवराजपुर

# कोचिंग के लिए निकलीं सहपाठी छात्राएं लापता

संवाददाता, बिधनू

- दोनों छात्राओं के पिता ने थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी

**अमृत विचार:** सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के सागरपुरी से मंगलवार दोपहर कोचिंग के लिए निकली रिटायर्ड फौजी की बेटी स्कूटी सवार सहपाठी छात्रा के साथ लापता हो गई। दोनों 11वीं की छात्राएं हैं। पता चला है कि दोनों कोचिंग सेंटर नहीं पहुंचीं। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की है।

सेन पश्चिम पारा क्षेत्र के सागरपुरी निवासी रिटायर्ड फौजी देवेंद्र सिंह की 16 वर्षीय बेटी मुस्कान 11वीं की छात्रा है। वह हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के नारायणपुरी निवासी सहपाठी छात्रा कृति के साथ किदवई नगर स्थित कोचिंग में पढ़ती है। पिता के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे मुस्कान घर से पैदल कोचिंग के लिए निकली थी। इसके बाद वह ऑटो से वसंत विहार दासूकुआं चौराहा पहुंची और ऑटो से उतर गई। वहां से वह नारायणपुरी निवासी स्कूटी सवार सहपाठी छात्रा कृति साहू के साथ कोचिंग के लिए निकली। देर शाम तक कोचिंग से नहीं लौटने पर मुस्कान के पिता देवेंद्र ने कृति के पिता अमित साहू से संपर्क किया। इसके बाद दोनों लोग कोचिंग सेंटर पहुंचे, जहां पता चला कि दोनों कोचिंग पहुंची ही नहीं। छात्राओं का पता नहीं चला। देवेंद्र ने सेन पश्चिम पारा और अमित ने हनुमंत विहार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि छात्राओं की तलाश की जा रही है।

# बिजली गिरने से किसान और बकरी की मौत

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** साढ़ थाना क्षेत्र के भीतरगांव पुलिस चौकी के अंतर्गत तिवारीपुर में खेत पर काम करते समय बिजली गिरने से किसान और उसकी बकरी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



परदेशी निषाद।

भीतरगांव विकास खंड के तिवारीपुर निवासी परदेशी निषाद (60) गांव के बाहर अपने खेत पर सब्जी की खेती करता था। बुधवार दोपहर को वह खेत पर था। लगभग चार बजे तेज हवा के साथ पानी बरसने लगा, जिससे बचने के लिए परदेशी आम के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। पास में चर रही उसकी बकरी भी आ गई। इसी बीच तेज धमाके के साथ बिजली आम के पेड़ पर आ गिरी, जिससे परदेशी निषाद और बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साढ़ थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



हादसे के बाद मौके पर गांव वालों की भीड़ एकत्र हो गई। अमृत विचार

### हथेही में बिजली गिरने से भैंस की चली गई जान

**घाटमपुर।** तहसील क्षेत्र के भगवन्तपुर के मजरा हथेही निवासी योगेंद्र सिंह यादव खेत पर अपनी भैंस चराने ले गया था। इसी दौरान तेज बारिश के चलते बिजली गिरने से उसकी भैंस की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्सक ने पोस्टमार्टम किया। किसान योगेंद्र सिंह ने बताया कि लगभग 3 बजे वह अपने खेत पर भैंस चरा रहा था, तभी बारिश शुरू हो गई। योगेश सिंह ने बताया कि भैंस की कीमत एक लाख रुपये थी। मामले की सूचना राजस्व विभाग को दी गई है।

### बैंक में गिरी बिजली सभी उपकरण जले

**पतारा।** तरगांव स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में बिजली गिरने से बैंक का कामकाज ठप हो गया और ग्राहकों व बैंक कर्मियों में हड़कंप मच गया। बैंक में लगे सारे उपकरण जल गए। पतारा विकास खंड की ग्राम पंचायत तरगांव में बुधवार को बारिश के दौरान बिजली बैंक ऑफ बड़ौदा में गिर गई। बिजली की धमक से बैंक में मौजूद ग्राहकों व बैंक कर्मियों में हड़कंप मच गया। लोग कुछ देर के लिए सहम गए। बैंक प्रबंधक व कैशियर रामजी, इलेक्ट्रीशियन सुरेश विश्वकर्मा, मोहित सिंह, नीलू सिंह ने बताया कि बैंक में बिजली गिरने से सारे उपकरण जल गए हैं और बैंक का कामकाज ठप हो गया है। देर शाम तक उपकरण दुरुस्त किए जाते रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# कृषि रक्षा अधिकारी ने दुकानों में बीज व दवा के नमूने भरे

**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी सलीमुद्दीन ने कई खाद, बीज की दुकानों पर छापेमारी कर सैंपल भरे हैं। खास बात यह है कि तहसील क्षेत्र में कई बार नकली दवा और बीज के दुकानदार पकड़े गए, लेकिन वह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं।

शासन के निर्देशानुसार जिला कृषि रक्षा अधिकारी सलीमुद्दीन ने तहसील क्षेत्र के कई कस्बे में पहुंचकर छापेमारी की। इस दौरान कई दुकानदार दुकान बंद कर भाग निकले। उन्होंने बताया कि दुर्गा बीज भंडार बरौली, कुशवाहा बीज भण्डार के विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान आदर्श बीज भण्डार, सोनू बीज भंडार, शुक्ला बीज भंडार, आर्यन बीज भंडार से नमूने लेकर लैब में जांच के लिए भेजे गए। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट आने के बाद अगर गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

नाराजगी — नलकूपों के लिए कम से कम 10 घंटे आपूर्ति की मांग उठाई

# बिजली कटौती पर उपकेंद्र का घेराव

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** शंभुआ में नकलूपों को बिजली आपूर्ति कम मिलने से नाराज आधा दर्जन गांवों के किसानों ने बुधवार को उपकेंद्र का घेराव कर हंगामा किया। किसानों का कहना था कि नलकूपों के लिए सिर्फ पांच घंटे टुकड़ों में आपूर्ति मिल रही है, जिसकी वजह से फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही। दिन में कम से कम 10 घंटे आपूर्ति की जाए। किसानों ने जर्जर लाइन दुरुस्त करने के साथ रात में आपूर्ति देने के लिए अवर अभियंता को ज्ञापन सौंपा।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम शंभुआ उपकेंद्र से क्षेत्र के 80 से अधिक गांवों को बिजली आपूर्ति की जाती है। क्षेत्र में बिजली आपूर्ति का समय सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक निर्धारित है, लेकिन पूरी आपूर्ति नहीं मिलती। बुधवार को क्षेत्र के खड़ेसर, कठारा, बकौली, कड़री, दहेली, ढरहरा आदि गांवों के किसान शैलेंद्र कुमार, दिनेश शुक्ला, पप्पू सिंह चंदेल, रामबाबू तिवारी, रवि सिंह, सचिन शुक्ला, पुत्तन पासवान, श्रीराम यादव, वीरेंद्र कुमार समेत करीब 50 किसानों ने शंभुआ उपकेंद्र का घेराव कर हंगामा किया।



शंभुआ उपकेंद्र में जूनियर इंजीनियर को मांग पत्र सौंपते ग्रामीण। अमृत विचार

किसानों ने बताया कि क्षेत्र में ट्यूबवेल लाइन के तार जर्जर हैं, जिसकी वजह से हर रोज कई बार फाल्ट होते हैं। फाल्टों की वजह से 10 घंटे की जगह मात्र पांच घंटे ही टुकड़ों में आपूर्ति हो पाती है, जिसका प्रभाव सिंचाई व्यवस्था पर पड़ता है। किसान कई दिन तक एक बीघे खेत की फसल नहीं सींच पाता है। किसानों का कहना है कि पहले रात में आपूर्ति दी जाती थी तो बिना की किसी रुकावट के आपूर्ति मिलती थी। किसानों ने अवर अभियंता घनश्याम दुबे को जर्जर लाइन को सही कराने के साथ नलकूपों को दिन की जगह रात में आपूर्ति देने की मांग की। अवर अभियंता घनश्याम दुबे ने बताया कि बिजली आपूर्ति का समय लखनऊ मुख्यालय से निर्धारित हुआ है। उच्चाधिकरियों को किसानों की समस्या से अवगत कराकर निस्तारण किया जाएगा।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) — Indian Bank (A Govt. of India Undertaking)
इलाहाबाद — ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, (उ. प्र.)– 210001
परिशिष्ट IV प्रतिभूति हित प्रर्वतन नियम 2002 के नियम 8(1) के अर्न्तगत
कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकन्सट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड इफोरसमेंट आफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट के अंतर्गत इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोरसमेन्ट) रूल्स 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (12) में प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए ऋणी को नीचे दी गई तिथि को डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें आगे यह कहा गया था कि उक्त नोटिस की प्राप्ति के 60 दिनो के भीतर बकाया ऋण राशि चुकता कर दी जाए। ऋणी द्वारा बकाया ऋण राशि चुकता न करने पर एतदद्वारा ऋणी एवं जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियम के नियम 8 के साथ पठित उपर्युक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपतियों का कब्जा ले लिया है। ऋणी को विशेष रूप से और जनसाधारण को सामान्य तौर पर सचेत किया जाता है कि इन संपतियों का सौदा न करें। इन संपतियों के बारे में किसी भी प्रकार का सौदा नीचे उल्लिखित राशि और ब्याज के लिए इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक), शाखा महोबा, जिला महोबा के प्रभार के अधीन होगा।
साथ ही ऋणी का ध्यान अधिनियम की धारा 13(8) की तरफ आकर्षित किया जाता है जो प्रतिभूति सम्पत्ति के मोचन के लिये उपलब्ध समय से सम्बन्धित है।

| क्र. सं. | ऋणी/बंधककर्ता/जमानतकर्ता नाम व पता | बंधक सम्पत्ति का विवरण (समस्त प्रकार की सम्पत्तियाँ) | डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि / कब्जा तिथि तक बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| | शाखा: महोबा, जिला महोबा, मो. नं. 7007274658 | | |
| 1. | **ऋणी एवं बंधककर्ता:** मेसर्स बिहारी फूड कॉरपोरेशन, **व्यावसायिक पता:** मौजा – भटीपुरा, गाटा संख्या 456 एवं 459, महोबा उत्तर प्रदेश– 210424। **प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता:** अंजली गुप्ता पत्नी नवीन कुमार गुप्ता, **निवासी** 15, तहसील रोड, छिपियाना पुरा, महोबा, उत्तर प्रदेश–210427 **जमानतकर्ता एवं बंधककर्ता:** नवीन कुमार गुप्ता उर्फ प्रमोद गुप्ता पुत्र बिहारी लाल गुप्ता, **निवासी** 18, छिपियाना पुरा, महोबा, उत्तर प्रदेश–210427 **जमानतकर्ता:** 1. प्रमोद कुमार गुप्ता पुत्र बिहारी लाल गुप्ता, **निवासी** 18, छिपियाना पुरा, महोबा, उत्तर प्रदेश – 210427 2. बेबी परवीन पुत्री अब्दुल मजीद, **निवासी:** नयापुरा नैकाना, महोबा, उत्तर प्रदेश–210427 | **संपत्ति संख्या 1.** भूमि एवं भवन जो मकान संख्या 236, (पुरानी संख्या–16), मोहल्ला–छिपयाना, वार्ड संख्या 15, महोबा में स्थित है। और जो नवीन कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय बिहारी लाल गुप्ता के नाम पर है। क्षेत्रफल 52.00 वर्ग मीटर **चौहद्दी:** पूर्व: प्रभा रानी का मकान, पश्चिम: दरवाजा एवं कुलिया, उत्तर: कुलिया, दक्षिण: शंकर लाल का मकान, **संपत्ति संख्या 2.** भूमि एवं फैक्ट्री भवन जो गाटा संख्या 456 एवं 459, मौजा–भटीपुरा, मोहल्ला–कल्याण नगर, वार्ड नं. 04, में स्थित है। जो मेसर्स बिहारी फूड कॉरपोरेशन के नाम पर है। और प्रोपराइटर श्रीमती अंजली गुप्ता पत्नी नवीन कुमार गुप्ता के द्वारा बंधक है। क्षेत्रफल 827.12 वर्ग मीटर **चौहद्दी:** पूर्व: प्लॉट यशोदा आदि एवं केशव, पश्चिम: सड़क 20 फीट, उत्तर: फील्ड, दक्षिण: सड़क 20 फीट, बंधक संपत्तियां:– मौजा–भटीपुरा, मोहल्ला–कल्याण नगर, वार्ड नं. 04, महोबा में गाटा संख्या 456 एवं 459 पर प्लांट साइट पर स्थापित अचल संपत्तियां, स्टॉक, प्लांट एवं मशीनरी, चल संपत्तियां | 07.03.2024 रूपये 72,47,327.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय / 06.07.2024 रूपये 72,47,327.00 + ब्याज एवं अन्य व्यय |

दिनांक: 11.07.2024 स्थान: महोबा प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# 110 मीटर के ऊपर पहुंचा गंगा का जलस्तर, बढ़ने लगीं धड़कनें

## 24 घंटे में 96 सेंटी मीटर बढ़ा गंगा का जलस्तर, घाट हो गए लबालब


जलस्तर बढ़ने पर उफान मारता गंगा का पानी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पश्चिम के बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है और शुक्लागंज की ओर पानी फैलने लगा है। जिससे नगर के घाटों तक पानी पहुंच गया है। बुधवार को जलस्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जिससे जलस्तर 110 मीटर तक पहुंच गया। जलस्तर बढ़ने से लोगों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है।

पश्चिमी के बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण पिछले एक सप्ताह से लगातार गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग ने बताया कि मंगलवार शाम पांच बजे गंगा का जलस्तर 109.820 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद बुधवार सुबह जलस्तर 110 मीटर के ऊपर पहुंच गया और सुबह नौ बजे 110.400 मीटर दर्ज किया गया। जिसके बाद शाम पांच बजे 110.780 मीटर तक पहुंच गया। चौबीस घंटे में 96 सेंटीमीटर गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

आयोग ने बताया कि शुक्लागंज की ओर 112 मीटर चेतावनी बिंदु हैं। जबकि 113 मीटर खतरे का निशान है। यदि इसी तरह गंगा का जलस्तर बढ़ता रहा तो जल्द ही गंगा चेतावनी बिंदु तक पहुंच सकती हैं। वहीं जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की धड़कनें तेज हो गई हैं।

जलस्तर बढ़ने के कारण नगर के नमामि गंगे घाट, पर्यावरण घाट के अलावा अन्य घाटों तक पानी पहुंच गया है। जिससे शुक्लागंज से कानपुर तक गंगा का पानी चारों ओर दिखाई दे रहा है।

### तटवर्ती इलाकों में शुरू हुई कटान

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगा का जलस्तर इधर कई दिनों से तेजी से बढ़ रहा है। जिस कारण रविदास नगर और चंपापुरवा बस्ती के सामने पिछले सालों की तरह इस साल भी कटान तेज हो गया है। जिससे तट के किनारे रहने वाले लोगों को अपने आशियाने उजड़ने का डर सताने लगा है। वहीं कटान को लेकर जिला प्रशासन की ओर से अभी कोई कदम नहीं उठाये गये हैं। गंगा का जलस्तर 110 मीटर के ऊपर पहुंच गया है। जिस कारण रविदास नगर, इंद्रा नगर, शक्ति नगर बस्ती के सामने तेजी से कटान शुरू हो गया है। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को अपने कटान का खतरा सताने लगा है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि पिछले कई सालों से बाढ़ आने के पहले ही जिला प्रशासन की ओर से कटान रोकने की कवायद शुरू हो जाती थी लेकिन इस बार किसी ने कटान के बारे में नहीं सोचा। इधर जलस्तर बढ़ने लगा है। जिससे एक बार फिर बस्ती के सामने कटान शुरू हो गया है। जिससे हम लोगों को अपने आशियाने उजड़ने का डर सताने लगा है। वहीं चंपापुरवा और गोताखोर बस्ती के सामने भी घेरावदार कटान चालू हो गया है।


चंपापुरवा बस्ती के सामने होती कटान। अमृत विचार

## अगस्त के प्रथम सप्ताह में कराई जाएं खेलकूद प्रतियोगिताएं

**नवाबगंज।** ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं को लेकर बीआरसी कार्यालय पर बीईओ इंद्रा देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें ब्लॉक के सभी एआरपी, नोडल शिक्षण संकुल, खेल अनुदेशक मौजूद रहे।

बैठक में जिला व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम यादव, जिला व्यायाम शिक्षिका निशा तोमर ने विभाग के विभिन्न निर्देशों की जानकारी दी। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक राकेश तिवारी ने बताया कि अगस्त के प्रथम सप्ताह में हर न्याय पंचायत में न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं अवश्य कराई जाएं।

वहीं अगस्त के अंतिम सप्ताह व सितंबर के प्रथम सप्ताह में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं भी होनी हैं। जिसके लिए सभी अध्यापक अनुदेशक, एआरपी, शिक्षक संकुल अपने-अपने स्तर से खेल की गतिविधियां विद्यालयों में संचालित करना सुनिश्चित करें।

# आईआईए उन्नाव के चैप्टर चेयरमैन बने मोहन बंसल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



नए चेयरमैन को बधाई देते उद्यमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उद्यमियों के इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन उन्नाव के चैप्टर चेयरमैन पद पर मोहन बंसल को मनोनीत किया गया। उनके नाम का प्रस्ताव इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंहल ने किया। मोहन बंसल को नए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का चैप्टर चेयरमैन व जीएन मिश्र को केंद्रीय कार्यकारिणी समिति में मनोनीत किया गया।

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के दही चौकी स्थित सभागार में बुधवार को स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अरूण कुमार माहेश्वरी के 3 वर्ष के चैप्टर चेयरमैन पद के सफल कार्यकाल को उद्यमियों द्वारा याद करते हुए सराहा गया। उपस्थित उद्यमियों द्वारा कहा गया कि माहेश्वरी के कार्यकाल में उद्योग एवं उद्यमियो की विभिन्न समस्याओं का समाधान हुआ हैं। माहेश्वरी के सरल स्वभाव एवं सर्वसुलभ होने के कारण उद्यमियो में आपसी समन्वय बेहतर हुआ है। माहेश्वरी द्वारा कहा गया कि संस्था के चेयरमैन पद को सम्भालने में दौरान कई चुनौतियां तथा उद्यमियों की समस्याएं आई हैं। जिनका समाधान इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्य उद्यमियों के सहयोग से कराने का प्रयास किया गया है। माहेश्वरी द्वारा अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में प्रमुख रूप से कराये गये कार्यों से अवगत कराया गया, और मोहन बंसल के नये चेयरमैन बनने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयीं। इस मौके पर संदीप शुक्ला, अशोक गर्ग, एके अग्रवाल, आरएस रूफी वकी, राकेश जैन, कांति माहेन गुप्ता, वकारुल अमीन, राजीव त्रिपाठी, शशांक गुप्ता, राजेश गुप्ता, आनंद जैन, पीएन सिंहल, अबुल कासिम, अभिमन्यु तिवारी, एनएन खान, बृज किशोर यादव, खुर्शीद अहमद, मुदित लाहोटी आदि मौजूद थे।

## पानी की मोटर में उतरा करंट चपेट में आकर युवक झुलसा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले में बुधवार सुबह एक युवक घर में लगी पानी की मोटर का तार जोड़ रहा था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन उसे इलाज के लिये ले नगर के एक निजी अस्पताल ले गये। जहां उसका इलाज चल रहा है। गांधी नगर निवासी संजय दीक्षित का बेटा अनमोल दीक्षित बुधवार सुबह मोटर का तार ठीक कर रहा था, तभी नंगे पैर होने के कारण वह करंट की चपेट में आ गया। जिससे गंभीर रूप से झुलस गया और फर्श पर जा गिरा। यह देख परिजन दौड़े और आनन फानन उसे इलाज के लिये एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसा इलाज शुरू किया। डॉक्टरों ने बताया कि अनमोल खतरे से बाहर है।


अस्पताल में भर्ती अनमोल दीक्षित। अमृत विचार

## आरटीई के तहत चयनित 737 में 551 को मिला प्रवेश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को निजी स्कूलों में उपलब्ध कराई जाती है शिक्षा

**अमृत विचार।** आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। चालू शिक्षा सत्र में आवेदन करने वालों में चयनित 737 में अब तक 551 बच्चों को विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जा चुका है। बीईओ मुख्यालय केएल वर्मा के मुताबिक बाकी 186 बच्चों के प्रवेश प्रक्रियाधीन हैं, जो जल्दी ही पूर्ण हो जाएंगे।

आपको बताते चलें कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छोटे बच्चों को बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाता है। इस बार तय प्रक्रिया के तहत लाटरी के माध्यम से 737 बच्चों का चयन कर विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश देने को कहा जा चुका है। शहर सहित जिले में संचालित अधिकांश विद्यालयों ने उपलब्ध कराई गई सूची के आधार पर अब तक पहुंचे 551 बच्चों को प्रवेश देते हुए अध्यापन कार्य शुरू करा दिया है। बीईओ के अनुसार चयनित शतप्रतिशत बच्चों को प्रवेश दिलाने के सतत प्रयास हैं। विद्यालयों के संपर्क में रहकर मॉनीटरिंग की जा रही है। बाकी बचे 186 बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि आरटीई के तहत जागरूकता के अभाव में अभी 99 फीसदी प्रवेश के लिए जिला मुख्यालय पर ही आवेदन करते हैं।

# महिला समेत दो ने फांसी लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- माखी थानांतर्गत दो गांवों में हुईं घटनाएं

**अमृत विचार।** माखी थानांतर्गत अलग-अलग गांवों में महिला समेत दो लोगों के शव फंदे से लटके मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। साथ ही पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि माखी थानाक्षेत्र के गांव पुरवा के मजरा आपमऊ निवासी मनोज की 31 वर्षीय पत्नी रीमा का शव घर के कमरे में पंखे के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। देररात सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति को हिरासत में लिया। पति ने पुलिस को बताया कि शाम को कुछ कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह गांव में एक शादी में शामिल होने चला गया था। रात करीब 11 बजे जब वह लौटा तो पत्नी का शव फंदे से लटका मिला। आनन-फानन वह उसे अस्पताल ले गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगा हंगामा किया। बताया कि उसकी 13 साल पहले सफीपुर के मत्तूखेड़ा में शादी हुई थी। उसके दो बेटे आयुष (11) व उत्कर्ष (8) हैं। वह चंडीगढ़ में मजदूरी करता था। डेढ़ माह पूर्व ही गांव आया था। दूसरी घटना में थानाक्षेत्र के कोटरा गांव निवासी सुधीर (30) पुत्र रामबहादुर शर्मा गांव में ही मजदूरी करता था। देररात उसने घर में ही साड़ी के फंदे से फांसी लगा ली। देररात ही इसकी जानकारी पिता ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर कार्रवाई में जुट गई। किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

### तालाब में उतराता मिला युवक का शव

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत कस्बा स्थित तालाब में संदिग्ध परिस्थिति में युवक का शव उतराता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। लेकिन, परिजनों ने उसका पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। बता दें कि हसनगंज कस्बा निवासी रवींद्र (24) पुत्र रामखेलावन का शव घर से 100 मीटर दूर स्थित तालाब में उतराता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया। परिजनों के अनुसार मृतक चार भाई थे। छोटे भाई अरविंद, प्रवीण व अनमोल अविवाहित हैं। ग्रामीणों ने बताया कि रवींद्र नशे का आदी था। कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि शव तालाब में मिला है। परीजनों ने पीएम कराने से मना कर दिया है।


मौके पर जानकारी लेते मोहान चौकी इंचार्ज दीपक कुमार। अमृत विचार

## बिजली गिरने से पांच लोग गंभीर

- धौरा गांव का मामला, दो बकरियों की हुई मौत

**हसनगंज उन्नाव।** धौरा गांव में मवेशी चराते समय बिजली गिरने से चार महिलाओं सहित एक लड़का गंभीर रूप से झुलस गया और दो बकरियों की मौत हो गई है।

कोतवाली क्षेत्र के धौरा गांव में कमला पत्नी कमलेश, जगदेई पत्नी जगदीश, माया पत्नी बाबूलाल, रामकली पत्नी रामनरेश व मानसिंह पुत्र रामअवतार खेत में मवेशी चरा रहे थे। अचानक उसी समय तेज बारिश के चलते बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से सभी लोग गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें हसनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हादसे में दो बकरियों की भी मौके पर मौत हो गई। हसनगंज एसडीएम रामदेव निषाद ने बताया कि मौके पर नायब तहसीलदार को भेजकर नुकसान का आकलन कराया जा रहा है।

## पड़ोसियों में मारपीट रिपोर्ट हुई दर्ज

**औरास उन्नाव।** औरास थानाक्षेत्र के नशीरपुर सामद गांव निवासी उमेश पुत्र मोहन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके खेत में पड़ोसी नरेश द्वारा कूड़ा डाला जा रहा था। जिसे समझौता के तहत वहां से हटाने के लिए कहा था। अब वह झोपड़ी डाल रहा था। इस पर विमला व उसकी चाची सावित्री ने मना किया तो वह महिलाओं को लाठी-डंडे से पीट दिया। जिससे वे गंभीर घायल हो गईं। पीड़ितों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर नरेश कुमार, शांति के पति नरेश, दामाद राम सहाय व अन्य पर रिपोर्ट दर्ज कर शांतिभंग में कार्रवाई की है। वहीं दबंगों द्वारा लगातार पीड़ितों को धमकाया जा रहा है। एसओ अश्वनी मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## मारपीट का आरोप

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का बुधवार को एक सोशल मीडिया पर वीडीओ वायरल हुआ। इसमें महिला ने पड़ोसी युवक पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप लगाया है। रिश्तेदार घर में आने पर कूड़ा फेंकता है। साथ ही दही पुलिस पर कार्रवाई न करने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडीओ की पुष्टि नहीं करता है। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि दूसरे की जगह में महिला दीवाल बनाना चाह रही है। दो बार समझौता भी कर लिया है।

# डकारी में अवैध खनन, अधिकारी ने जेसीबी सीज की

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- पुलिस और खनन अधिकारी को देखकर खनन कर रहे लोग जेसीबी छोड़कर भागे

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के डकारी गांव में रात से लेकर भोर पहर तक धड़ल्ले से मिट्टी का अवैध खनन कार्य चल रहा था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने डीएम से की। जिस पर बुधवार भोर पहर खनन अधिकारी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस के साथ मौके पर छापेमारी की। जहां खनन करा रहे खनन माफिया और उसके गुर्गे मौके से भाग निकले। खनन विभाग ने जेसीबी को सीज कर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

डकारी गांव में पिछले कई दिनों से धड़ल्ले से रातों दिन मिट्टी का अवैध खनन कराया जा रहा था। कई बार ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो खनन माफिया ने उन्हें धमकी दी।

वहीं इसी खनन का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वॉयरल हो चुके हैं। इसके बावजूद स्थानीय पुलिस और खनन विभाग ने कोई कार्यवाही नहीं की। इधर डीएम और एसडीएम से शिकायत की गई। जिस पर डीएम और एसडीएम के निर्देश पर बुधवार भोर पहर खनन अधिकारी के बी सिंह ने गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति को जाजमऊ चौकी क्षेत्र में अवैध खनन होने की जानकारी दी। कोतवाल ने जाजमऊ चौकी के खनन अधिकारी के साथ पुलिस फोर्स भेजा। जहां अधिकारी ने डकारी में हो रहे खनन स्थल पर छापा मारा।


जाजमऊ चौकी में खड़ी जेसीबी। अमृत विचार

खनन और पुलिस की गाड़ियां देख खनन कर रहे लोग मौके पर जेसीबी छोड़कर भाग निकले। जिस पर पुलिस ने जेसीबी को कब्जे में लिया। गंगाघाट इंस्पेक्टर ने बताया कि खनन अधिकारी ने जेसीबी सीज कर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं उन्होंने बताया कि खनन कराने वाले का पता लगाया जा रहा है, जल्द ही उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## सार-संक्षेप

### गंगा में छलांग लगाने जा रही महिला को लोगों ने बचाया

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कंचन नगर निवासी एक महिला का उसके पति से विवाद हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर वह नवीन गंगा पुल पर पहुंची। जहां रेलिंग पर चढ़कर गंगा में कूदने जा रही थी, यह देख राहगीरों ने उसे बचा लिया और पुलिस को सूचना दी। कंचन नगर निवासी प्रीती का बुधवार सुबह अपने पति से अजय से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। जिस पर प्रीती दोपहर करीब बारह बजे नवीन गंगा पुल पर पहुंची। जहां उसने नवीन पुल से गंगा में छलांग लगाने के लिये रेलंग पर चढ़ने लगी। यह देख पुल से गुजर रहे राहगीरों की उस पर नजर पड़ी और उसे पकड़ लिया। जिसके बाद डॉयल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसके पति को बुलाया और समझा बुझाकर घर भेज दिया। महिला ने बताया कि आये दिन उसका पति से विवाद होता है। उसी से परेशान होकर वह आत्महत्या करने जा रही थी।

### विषखापर निकलने से तीन घंटे रही दहशत

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के भातू फार्म मोहल्ले में मध्य रात्रि घर में एक विषखापर निकल आया। जिसे देख घर के लोग घर से बाहर की ओर भागे। वन विभाग को सूचना देने के बाद भी कोई कर्मी नहीं पहुंचा। तीन घंटे तक परिवार के सदस्यों में दहशत रही। नगर के भातूफार्म निवासी सुनील यादव ने घर पर रात लगभग 12 बजे कमरे में विषखापर को बैठा देखा। जहरीला जन्तु देखकर घर लोग शोर मचाते हुये बाहर की ओर बाहर भागे। शोर सुन आस पास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। सूचना के बाद भी वन कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। इसी बीच क्षेत्रीय सभासद अतुल अग्निहोत्री भी कुछ साथियों के साथ पहुंच गये और किसी तरह बड़े बांस के सहारे विषखापर को बाहर निकाला। जिसके बाद पास के एक बगीचा में चला गया। इस दौरान तीन घंटे तक लोगों में दहशत रही।

### उड़ गए बादल, हल्की बारिश और हवा ने दिलाई राहत

**उन्नाव।** कई दिनों से उमस झेल रहे शहर वासियों को आखिर शाम होते ही राहत मिल गई। आसमान पर बादल छाने के साथ ठंडी हवा चलनी शुरू हुई। वहीं, कुछ समय के बाद बारिश भी शुरू हुईं। हालांकि हवा चलने से बहुत देर तक तेज बारिश नहीं हुई, लेकिन काफी हद तक राहत जरूर दे गई। पिछले सप्ताह रात करीब नौ से आधी रात तक बारिश का सिलसिला जारी रहने पर मौसम की तल्खी काफी कम हो गई थी, लेकिन इधर चार-पांच दिन से धूप निकलने के साथ उमस वाली गर्मी लोगों को परेशान किए थी। उन्हें न तो कूलर-पंखे पूरी तरह राहत दे पा रहे थे। इसीलिए लोग ऊपर वाले से रहम की भीख मांगने को मजबूर थे। अन्य दिनों की तरह बुधवार को भी सुबह दिन चढ़ने के साथ उमस वाली गर्मी का प्रकोप बढ़ता रहा, लेकिन शाम करीब चार बजे आसमान पर काले बादल छाने का सिलसिला शुरू हो गया। साथ ही हवा चलने से मौसम खुशगवार होने पर सभी ने राहत की सांस ली, लेकिन कुछ देर बाद ही आसमान पर छाए बदलों को हवा उड़ा ले गई। इससे गर्मी से पूरी तरह निजात नहीं मिल सकी। हालांकि लोगों का कहना है कि वातावरण को देखते हुए देर-सबेर बारिश होना तय है, जिससे अपेक्षाकृत मौसम ठीक हो जाएगा। बारिश वाले बादल रात तक शहर को पानी से सराबोर कर सकते हैं।


बारिश का छतरी से बचाव करते युवक-युवती।

**ऑनलाइन हाजरी** आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर अमृत विचार ने टटोली अभिभावकों की नब्ज

# शिक्षक की लेट-लतीफी होगी कम, व्यवस्थाएं भी हों

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शिक्षक-शिक्षिकाओं की ऑनलाइन उपस्थिति को अभिभावकों का कहना है कि इससे शिक्षकों की लेट लतीफी दूर हो जाएगी। हालांकि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले अधिकांश बच्चों के अभिभावकों इस बात से अंजान हैं। उनका कहना है कि विद्यालय खुल रहे हैं और बच्चे पढ़ने भी जा रहे हैं। इसलिए वह कोई प्रतिक्रिया नहीं जता पाते हैं। उल्लेखनीय है कि आठ जून से आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश पर अमल न करने वाले जिले के तमाम परिषदीय शिक्षकों का बीएसए संगीता सिंह ने एक दिन का वेतन रोक दिया था। हालांकि शिक्षकों के विरोध को विपक्ष द्वारा लोकने की कोशिशों के साथ कुछ सांसद व एमएलसी की ओर से शिक्षकों का समर्थन किए जाते ही मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से डीजी स्कूल शिक्षा का संबधित आदेश स्थगित कर दिया गया। डिजिटल उपस्थिति पर अमृत विचार ने अभिभावकों की नब्ज टटोलने की कोशिश की।


उच्च प्राथमिक विद्यालय करौली की विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रह चुके बिंदा प्रसाद कहते हैं कि अधिकारियों को बेहतर काम लेने के लिए शिक्षकों का भरोसा जीतना चाहिए, न कि उन्हें शक की नजर से देखते हुए स्वयं की पीठ ठोकने पर अमल सही है। विद्यालय पहुंचने के बाद भी नेटवर्क की समस्या से हाजरी न दर्ज कराने वालों को बाद में सफाई देनी पड़ेगी। इसलिए पहले व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाएं। **-बिंदा प्रसाद।**


नसीमगंज बांगरमऊ में ही रहने वाले इस्माइल ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय ग्रामीण में उनकी बेटी हुमैरा कक्षा तीन में पढ़ती जहां, जहां शिक्षक-शिक्षिकाएं बच्चों को ठीक पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि दूरस्थ गांवों से शिक्षकों के समय पर विद्यालय न पहुंचने की शिकायतें मिलती हैं। आनलाइन उपस्थिति लागू होने से इस समस्या से निजात मिल जाएगी। **-इस्माइल।**


इसी तरह औरास की रूपा मौर्या ने कहा कि ग्रीष्मावकाश समाप्त होने के बाद से बच्चे तो प्रतिदिन विद्यालय जा रहे हैं। साथ ही पूरे समय विद्यालय में रहकर पढ़ते भी हैं। इसलिए आंदोलन को लेकर वह कुछ कह नहीं सकती हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि पहले की अपेक्षा अब विद्यालयों का अधिक बेहतर संचालन हो रहा है। **-रूपा मौर्या।**


स्टेशन रोड बांगरमऊ निवासी लता देवी ने आनलाइन उपस्थिति को लेकर अनभिज्ञता जताई। कहा उनका कक्षा चार में पढ़ने वाला बेटा सचिन रोज परिषदीय विद्यालय में पढ़ने जाता है, जहां उसे एमडीएम प्राप्त होता है। साथ ही ड्रेस, जूता-मोजा व स्वेटर खरीदने के लिए बैंक एकाउंट में पैसे भी प्राप्त होते हैं। **-लता देवी।**

# दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाएगी सरकार, तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दुकान निर्माण के लिए ऋण, शादी के लिए प्रोत्साहन राशि मिलेगी

**अमृत विचार।** दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाने के लिए दुकान निर्माण को ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। पात्रता की आर्हता पूरी करने वाले दिव्यांगजन इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा दिव्यांग से विवाह करने वालों को भी प्रोत्साहन धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

डीएम गौरांग राठी ने बताया कि दिव्यांगजनों को दुकान निर्माण के लिए 20 हजार रुपए ऋण दिलाया जाएगा, जिसमें पांच हजार रुपए की अनुदान राशि शामिल होगी। उलब्ध कराई जाने वाली 15 हजार रुपए धनराशि पर लाभार्थी को चार प्रतिशत दर से ब्याज देना होगा। इसी तरह खोखा, गुमटी, हाथ ठेलिया आदि खरीदने के लिए 10 हजार रुपए ऋण प्राप्त होगा, जिसमें 2500 रुपए अनुदान होगी, जबकि 7500 रुपए धनराशि पर चार फीसदी ब्याज देय होगा। योजना का लाभ पाने के लिए प्रदेश में रहने वाले 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग के सभी दिव्यांगजन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की वार्षिक आय गरीबी रेखा के लिए निर्धारित आय सीमा से दो गुना से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को आर्थिक सहित किसी आपराध में सजा न हुई हो और आवेदक के पास दुकान बनवाने के लिए 110 वर्ग फीट भूमि हो। विवाह प्रोत्साहन योजना के माध्यम से दिव्यांगजनों से शादी करने वालों को लाभांवित किया जाना है। इसके तहत युवक के दिव्यांग होने पर 15 हजार, युवती के दिव्यांग होने पर 20 हजार और युवक-युवती दोनों दिव्यांग होने की दशा में 35 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाती है।


एक्सप्रेस-वे पर पलटे पड़े टैंकर को हटाती क्रेन।। अमृत विचार


हादसे के बाद मौके पर जमा भीड़। अमृत विचार


पोस्टमार्टम हाउस के बाहर जमा भीड़।। अमृत विचार

नींद व रफ्तार ने छीन लीं 18 जिंदगियां ● हादसे के बाद मचा हाहाकार ● घटना के बाद लगा जाम

# 18 मृतकों में 6 लोग एक ही परिवार के

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के जोगीकोट गांव बुधवार सुबह हुए हादसे में 18 जिंदगी काल के गाल में असमय समा गई। हादसे के पीछे बस की तेज रफ्तार और चालक को झपकी आना वजह माना जा रहा है। हादसे के बाद मची चीख पुकार और 18 शवों को देख लोगों की आंखें नम हो गईं। हादसे में एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। वहीं हादसे में एक मां-बेटी व बहू सहित दुधमुही बच्ची को भी चोटें आई हैं। डीएम के निर्देश पर कई दरोगाओं को पंचनामा की कार्रवाई के लिए लगाया गया। इसके साथ पोस्टमार्टम के लिए चार डाक्टरों की ड्यूटी लगाई गई। जिससे पहचान के बाद शवों को परिजनों को सुपुर्द किया जाए।


घायल महिला से जानकारी लेते जिलाधिकारी गौरंग राठी। अमृत विचार


घटना के बाद सुबह एक्सप्रेस-वे पर लगा जाम। अमृत विचार

जोगीकोट गांव के पास एक्सप्रेस-वे स्थित किमी संख्या-247 पर हुए भीषण हादसे के पीछे तेज रफ्तार और नींद को प्रमुख कारण माना जा रहा है। यात्रियों के मुताबिक बस बिहार से पांच बजे शाम को चली थी। एक ही चालक बस चला रहा था। इससे यह माना जा रहा है कि चालक को झपकी लगी और इससे लोगों की जानें चली गईं। मंजर इतना खौफनाक था कि इसे देख लोग कांप उठे। हर ओर केवल लोगों के कराहने की आवाज गूंजने लगी। हादसे में मृत 16 यात्रियों में एक ही परिवार के छह लोग शामिल हैं। सभी मेरठ में रह कर काम करते थे और गांव में मकान बनवाकर लौट रहे थे। इसी परिवार के दो युवक भी हादसे में घायल हुए। इनमें एक को शिनाख्त के लिए लाया गया तो मोर्चरी में अपने माता-पिता, चाचा-चाची और छोटे भाई व बहन का शव देख बदहवास हो गया। उसे वहां मौजूद सीओ सोनम सिंह ने ढांढस बंधाकर शांत कराया। इसी तरह पति की मौत के बाद दिल्ली में घरों में काम करने वाली महिला उसकी बहू, बेटी व दूधमुही बच्ची को भी चोटें आई हैं।

### बेटे के लिए गिफ्ट लाने का सुनील ने किया था वादा

◆ उन्नाव। हादसे में रायबरेली जिला के लालगंज थानांतर्गत गड़रियन पुरवा गांव निवासी टैंकर चालक सुनील (34) पुत्र रामगणेश पाल की भी मौत हो गई। उसके इकलौते बेटे आर्यन (5) का मंगलवार को जन्मदिन था। काम की वजह से वह जा नहीं सका था। उसने फोन से वादा किया था कि घर आयेगा तो उसके लिए गिफ्ट लायेगा। लेकिन उसकी मौत की खबर पहुंची तो एक क्षण में सब सपने बिखर गए। मौत की खबर से पत्नी प्रियंका बेहाल है। तीन भाइयों में बड़े सुनील के शव की शिनाख्त छोटे भाई संजय ने की। उसकी मां श्यामा देवी भी जवान बेटे की मौत से सदमे में है। वहीं हादसे में बिहार के शिवहर निवासी हिमांशु (25) पुत्र विजय सिंह हरियाणा के फरीदाबाद में अपने चचेरे भाई चंदन की फैक्ट्री में काम देखता था। वह बस से दिल्ली जा रहा था। भाई चंदन ने उसकी पहचान की।

### कोई घर से काम पर जा रहा था तो कोई लौट रहा था घर

**उन्नाव।** बिहार प्रांत के मोतिहारी जिला के पिनहरा गांव निवासी अशफाक का परिवार मेरठ के मोदी नगर मोहल्ले में रहता था। उन्होंने गांव में अपना मकान तुड़वाकर बनवाया था। इस पर वह पत्नी रूबी बेटे दिलशाद, साहिल, सुहैल व बेटी गुलनाज, छोटे भाई सोनू व उसकी पत्नी सोनी के गांव गए थे। सभी वापस मेरठ लौट रहे थे। हादसे में अशफाक, रूबी, गुलनाज, सुहैल व सोनी की मौत हो गई। वहीं दिलशाद व साहिल घायल हो गए। दिलशाद ने बताया कि वह मेरठ में सैलून खोले है और साहिल बाइक मिस्त्री का काम सीख रहा है।

### नई दिल्ली में काम ढूंढने जा रहे रामचंद्र की हुई मौत

**उन्नाव।** रामचंद्र (40) बिहार के गोपालगंज का निवासी था। वह प्लम्बर था और ओमान में काम करता था। होली पर घर लौटा था। किसी काम से दिल्ली जाने के लिए बस से निकला था। लेकिन, वह हादसे का शिकार हो गया। सदर क्षेत्र के अकरमपुर में एक फैक्ट्री में काम करने वाले पड़ोसी धर्मेंद्र ने उसकी पहचान की। उसकी मौत की खबर से पत्नी सीता रो-रोकर बेहाल है। इसके साथ ही इकलाख (49) पुत्र मुदस्सर सपरी सिरकहिया पूर्व चंपारण बिहार की मौत हुई। स्थानीय रिश्तेदार मो. अहमद ने उसकी पहचान की और बताया कि वह बस चालक था।

## इनकी थम गईं सांसें


सोनू व सोनी।


सुनील।


रूबी।


गुलनाज।


अशफाक।


सुहैल।


रामचंद्र।


शिवदयाल।

### परिजन पहुंचे मृतकों की हुई शिनाख्त

◆ उन्नाव। बस हादसे में दिनभर चली शिनाख्त की कार्रवाई के बाद देरशाम सभी को उनके परिजनों ने पहचान लिया। हादसे में जान गंवाने वालों में दीपक कुमार, शिवदयाल पंडित, मो. अशफाक आलम, रूबी, सुहैल, सुनील, हिमांशू, गुलनाज, सोनू, सोनी, मुर्तजा, भरत राय, सतेंद्र राय, रामचंद्र, माहिद अली, अनिल राय, नौशाद आलम व बस चालक अखलाक शामिल रहे। शवों को रखने के लिए शव घर में जगह कम पड़ गई। इससे उन्हें एक कमरे में रखवाया गया और सीएमओ डा. सत्यप्रकाश के निर्देश पर उसमें तुरंत एसी लगवाया गया। शवों के अधिक होने से स्वयंसेवी संगठनों ने फ्रीजर मंगाए। वहीं निजी अस्पतालों से स्ट्रेचर भी मंगाने पड़े।

### तमाशबीनों को रोकने के लिए पुलिस ने की कड़ाई

**बांगरमऊ।** घटना के बाद घायलों को बांगरमऊ सीएचसी लाया गया तो वहां लोगों की भीड़ पहुंचने लगी। इस पर गेट पर फोर्स तैनात कर तमाशबीनों को बाहर किया गया। यहां तक मरीजों को भी अस्पताल नहीं जाने दिया गया। 11 बजे के बाद जब शवों को मोर्चरी भेज दिया गया तब स्वास्थ्य सेवाएं शुरू हो सकीं।

## मौत बनकर दौड़ी बस के कागजों में झोल

**उन्नाव।** चर्चा है कि इस पूरे मामले में एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। दुर्घटनाग्रस्त बस के दस्तावेज चेक किए गए तो बस का बीमा व फिटनेस खत्म मिला है। जबकि, बस की आरसी की जांच में यह भी पता चला कि बस केसी जैन ट्रैवल के नाम से पंजीकृत है। जिसमें केयर ऑफ किसी पुष्पेंद्र सिंह का नाम दर्ज है। जबकि वह महोबा जिले से पंजीकृत है। पुलिस की जांच में पता चला है कि महोबा जिले में जिस पते पर केसी जैन ट्रैवल पंजीकृत है वो फर्जी पाया गया है। इस बस का संचालन बिहार से किसी बबलू सिंह व दिल्ली के पहाड़गंज से चंदन जयसवाल द्वारा किया जा रहा था।

### मिस्त्री की भी गई जान

◆ उन्नाव। बिहार प्रांत के शिवहर जिले के श्यामपुर भताहा थानाक्षेत्र के लालगढ़ छावनी गांव शिव दयाल (28) पुत्र कामेश्वर पंडित नोएडा में रहकर टायल लगाने का काम करता था। सात जुलाई को दादी की बरसी में शामिल होने गांव गया था। जहां से लौटते समय वह भी काल के गाल में समा गया। वह अपनी बाइक भी नोएडा ले जा रहा था जो बस की छत पर रखी थी। वह भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। छोटे भाई रवि ने उसकी पहचान की। उसकी मौत से पत्नी रानी बेहाल है। उसके एक बेटी रिशू और बेटा रुद्र है।

### हादसे में ये हुए घायल

- दिलशाद पुत्र अशफाक निवासी गांव पिनहरा जिला मोतिहारी बिहार।
- साहिल पुत्र अशफाक निवासी गांव पिनहरा जिला मोतिहारी बिहार।
- रजनीश पुत्र विनय निवासी थाना श्यामपुर मटहा शिवहर बिहार।
- लालबाबू दास पुत्र रामसूरज दास निवासी थाना हिरागा शिवहर बिहार।
- राम प्रवेश कुमार निवासी थाना हिरागा शिवहर बिहार।
- भरत भूषण कुमार पुत्र लाल बहादुर दास निवासी थाना हिरागा शिवहर बिहार।
- मो. सद्दाम पुत्र पुत्र मो. बशीर निवासी गमरोली थाना शिवहर बिहार।
- शबाना पत्नी मो. शहजाद निवासी गमरोली थाना शिवहर बिहार।
- चांदनी पत्नी मो. शमशाद निवासी शिवोली मुलहारी।
- मो. शकील पुत्र अब्दुल बजीर निवासी बस्ती ख्वाजा कमला मार्केट दिल्ली।
- मुन्नी खातून पत्नी अब्दुल बजीर निवासी बस्ती ख्वाजा कमला मार्केट दिल्ली।
- तौफीक आलम पुत्र अब्दुल बजीर निवासी बस्ती ख्वाजा कमला मार्केट दिल्ली।
- बीटू पुत्र राजेंद्र निवासी थाना भादूर शिवहर बिहार।
- कुममामान पुत्र नसरुल्लाह निवासी नबी करीब थाना पेनाटा दिल्ली।
- सलीम पुत्र मो. अस्लम थाना पिपरा सिटी मोतिहारी बिहार।
- सनामा पुत्री मो. शहजाद निवासी भजनपुरा दिल्ली।
- राज प्रसाद पुत्र जैईसा निवासी जमुआ थाना बगिनिया सीतामढ़ी।
- उरसेद पुत्र बजीर निवासी चांदनी चौक दिल्ली।
- संतोष पुत्र राजू राम थाना पिपरानी जिला शिवहर बिहार।

### बोले जिम्मेदार

परिवहन आयुक्त चन्द्र भूषण सिंह ने बताया कि उन्नाव बस दुर्घटना की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। अगर बस की बॉडी कोड एआईएस-119 से भिन्न पाई जाती है तो संबधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति शासन को भेजी जाएगी। इसी तरह जांच में अन्य बिंदुओं जैसे रम्बल स्ट्रिप, ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स व ओवरस्पीडिंग की संस्तुति पर भी संबंधित विभागों द्वारा सुधार कार्य कराया जाएगा। ताकि भविष्य में दुर्घटनाएं घटित न हो। कहा कि दुर्घटना की त्वरित जांच के लिए परिवहन विभाग ने तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस दिया जाएगा। यूपी में जिस रूट से गाड़ी चलती थी उन सभी जिलों के अधिकारियों को नोटिस दिया जाएगा। इसमें किसी भी अधिकारी की अगर संलिप्तता पाई जाती है तो उन्हें भी सजा दी जाएगी। गाड़ी मालिक पर भी एफआईआर दर्ज होगी।

### अनुदेशक के परिवार की मदद को शिक्षकों ने बढ़ाए हाथ

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक सघं ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले अनुदेशक के परिवार की आर्थिक सहायता करने का बीड़ा उठाया। इसके लिए संगठन के व्हाट्स एप ग्रुप पर विवरण साझा करते ही शिक्षकों ने आन लाइन माध्यम से खाते में पांच सौ रुपए प्रति शिक्षक के हिसाब से रकम भेजने की शुरुआत की है। संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार पांडेय ने साथियों की इस सकारात्मक पहल की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि आन लाइन उपस्थिति दर्ज कराने के जारी आदेश के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल होने के लिए जाते समय सिकंदरपुर कर्ण ब्लाक क्षेत्र के खन्नापुरवा गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत अनुदेशक मनोज कुमार की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। वह कोरारीकलां गांव के निवासी थे। अब परिवार में उनकी पत्नी व बच्चों व वृद्ध मां के सामने भरण-पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। इसलिए शिक्षकों ने आगे बढ़कर परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने का बीड़ा उठाया है। प्राथमिक शिक्षक विश्वजीत द्विवेदी के मुताबिक संगठन के व्हाट्स एप ग्रप सहित शिक्षकों से संबंधित अन्य गुप में इस मुहिम की जानकारी उपलब्ध कराते हुए आर्थिक सहयोग जुटाने के प्रयास शुरू हुए हैं। अनुदेशक की पत्नी बीना देवी के इंडियन बैंक के खाता संख्या-6999515158 को साझा करते हुए सहयोग की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि सिकंदरपुर कर्ण सहित जिले के विभिन्न ब्लाकों में कार्यरत शिक्षक आगे बढ़कर सहयोग की शुरुआत कर चुके हैं। प्राय: विद्यालय स्तर पर सहयोग राशि जुटाकर तीन से पांच हजार रुपए राशि बैंक खाते में भेजी जा रही है। आमतौर पर शिक्षक न्यूनतम 500 रुपए की सहयोग राशि उपलब्ध करा रहे हैं।

## घायलों का हालचाल लेने पहुंचे जनप्रतिनिधि


घायल का हालचाल लेतीं जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह। अमृत विचार


घायल का हालचाल लेते विधायक, भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** हादसे के बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व यूपी के मुख्यमंत्री तक के घटना को संज्ञान लेने बाद जन प्रतिनिधियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। भर्ती मरीजों से मिले और हादसे के बारे में जानकारी ली। इनमें विधायक पंकज गुप्ता, आशुतोष शुक्ला, श्रीकांत कटियार, अनिल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार वरिष्ठ नेता आनंद अवस्थी, विमल द्विवेदी शामिल रहे। विधायक पंकज गुप्ता ने घायलों को भोजन पानी की व्यवस्था कराने के निर्देश प्रभारी सीएमएस विवेक गुप्ता को दिए।

### सार-संक्षेप

#### बीएसए ने अनुपस्थित मिले दो शिक्षकों व शिक्षामित्र का रोका वेतन

**उन्नाव।** बीएसए संगीता सिंह ने विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए अनुपस्थित मिले दो सहायक शिक्षकों सहित तीन का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश जारी किया है। शिक्षक पहले से ही निरीक्षण के नाम पर शिक्षकों का उत्पीड़न किए जाने की आशंका जता रहे थे। गौरतलब हो कि शिक्षक-शिक्षिकाएं आनलाइन आदेश का विरोध कर रहे थे। शिक्षक संगठनों का कहना है कि उनकी लंबित मांगों को पूरा करने के बाद ही वह आन लाइन उपस्थिति दर्ज करेंगे। लोकसभा चुनाव में मुंह की खाई भाजपा सरकार अब विपक्ष को किसी मामले को तूल देने अवसर नहीं देना चाहती है। माना जा रहा है कि इसीलिए उच्च स्तरीय दबाव के चलते विभागीय उच्चाधिकारियों को पिछले शिक्षा सत्र से जारी इस मुहिम को स्थगित करना पड़ा। शिक्षक नेता पहले से शिक्षकों का निरीक्षण के नाम पर उत्पीड़न किए जाने की आशंका जताते हुए साथियों से दबाव में न आने की अपील कर रहे थे। बीएसए ने बुधवार को निरीक्षण में अनुपस्थित मिले औरास ब्लाक के परिषदीय विद्यालय शिवाला में कार्यरत शिक्षामित्र सुधा यादव, मियागंज ब्लाक के हैदराबाद विद्यालय में कार्यरत सहायक शिक्षक आशा और हिलौली ब्लाक के संतबक्शखेड़ा स्थित परिषदीय विद्यालय के सहायक शिक्षक सचिन गुप्ता को निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलने से एक दिन का वेतन रोक दिया है। सभी अनुपस्थित शिक्षकों व शिक्षामित्र को साक्ष्य सहित स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षक नेताओं ने विद्यालय अवधि में सभी को स्कूलों में उपस्थित रहने को कहा है।

कार्रवाई | जमीन पर कब्जे को लेकर मंगलवार को दिनदहाड़े कई राउंड हुई थी फायरिंग

## सुखलाल खेड़ा गोलीकांड में 14 नामजद समेत 34 पर रिपोर्ट

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सुखलाल खेड़ा गांव में मंगलवार को जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट होने के साथ ही कई राउंड फायरिंग हुई थी। देर रात तक दोनों पक्षों ने तहरीर नहीं दी। जिस पर जाजमऊ चौकी इंचार्ज की तहरीर पर पुलिस ने 14 नामजद समेत बीस अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल पर जांच पड़ताल की। जिसके बाद फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये हैं।

गांधी नगर पोनी रोड निवासी दीपेन्द्र शुक्ला पुत्र राम प्रकाश शुक्ला की सुखलाल खेड़ा गांव में 50 बीघा जमीन है। मंगलवार को वह अपनी जमीन पर ट्रैक्टर चलवा रहे थे, तभी सुखलाल खेड़ा निवासी मोनू यादव, रामबालक, शिवसागर, अनिल, राजेन्द्र मौके पर पहुंचे। जहां उनका आरोप है कि दीपेन्द्र ने उनकी भी तीन बीघा जमीन पर ट्रैक्टर से जुतवा दिया था।


मौके पर जांच करते एएसपी। अमृत विचार


घटना स्थल पर साक्ष्य एकत्र करती फारेंसिक टीम। अमृत विचार

● मौके पर फारेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

जिस पर एक पक्ष से कोबरा गैंग के सदस्य आ गये और 15 से 20 राउंड हवाई फायरिंग की थी। जिससे सोनू निषाद घायल हो गया था। देर रात तक दोनों पक्ष की ओर से कोतवाली में तहरीर नहीं पहुंची तो जाजमऊ चौकी इंचार्ज की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों से 14 नामजद समेत 20 अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने मौका मुआयना किया।

इसके साथ ही मौके पर फॉरेंसिक टीम पहुंची। टीम ने भी साक्ष्य जुटाये। घटना स्थल पर कोतवाल रामफल प्रजापति ने बताया कि गांव में पुलिस तैनात की गई है। अराजकतत्वों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

### मारपीट और गोलीकांड में इन पर दर्ज हुई एफआईआर

◆ मारपीट और गोलीकांड में जाजमऊ चौकी प्रभारी राजीव सिंह भदौरिया की तहरीर पर शोभित यादव, मोनू, दीपेन्द्र शुक्ला उर्फ दीपू शुक्ला, सुनील निषाद, सुरेश निषाद, निर्मल निषाद, शत्रुघन उर्फ गुण्डा स्वामी, सरवन निषाद, बब्लू उर्फ गोविंद, अरूण निषाद, आशीष, हर्षसुलर निषाद, राजेन्द्र यादव, प्रमोद यादव समेत 14 नामजद व 15-20 अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसमें पुलिस ने शोभित और मोनू को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## केबल बाक्स दगने से 6000 घरों की घंटों गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● ऋषिनगर में एबीसी केबल डालने से सुबह से शाम आपूर्ति रही बंद

● बिन्दानगर में लक कटने से तीन सौ घरों की बिजली रही ठप

**अमृत विचार।** शुक्लागंज पॉवर हाउस पर बुधवार सुबह आपूर्ति के दौरान केबल बॉक्स तेज आवाज के साथ दग गया। जिस कारण फीडर दो के करीब छह हजारों घरों की बिजली गुल रही। कर्मचारियों ने मरम्मत करने के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू की। इसी तरह ऋषि नगर में केबल डालने और बिंदा नगर में ट्रांसफार्मर खराब होने से भी घंटों बिजली गुल रही।

सुबह करीब साढ़े नौ बजे अचानक शुक्लागंज पॉवर हाउस में फीडर दो का केबल बाक्स तेज आवाज के साथ दग गया। जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। आनन फान कर्मचारियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। इस दौरान फीडर दो के करीब छह हजार घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने से लोग गर्मी में परेशान रहे।



पॉवर हाउस में केबल की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

दोपहर करीब 1:35 बजे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कर आपूर्ति चालू कराई। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं ऋषि नगर मोहल्ले में एबीसी केबल डालने को लेकर सुबह 10 से शाम 6 बजे तक बिजली गुल रही। इसके अलावा बिन्दा नगर में भी दोपहर दो बजे 630 केवीए ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जानकारी पर बिजली कर्मचारियों ने शाम साढे चार बजे से छह बजे तक मरम्मत कार्य कर बाधित आपूर्ति सुचारू की। वहीं अन्य मोहल्लों में घंटों बिजली नहीं आई।

अर्थम् महान्तमासाद्य विद्यामैश्वर्यमेव वा।
विचरत्यसमुन्नद्धो यः स पंडित उच्यते ॥

जो व्यक्ति विपुल धन-संपत्ति, ज्ञान, ऐश्वर्य, श्री इत्यादि को पाकर भी अहंकार नहीं करता, वह ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं

उन्नाव जिले में बुधवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस और टैंकर की टक्कर में 18 लोगों की मौत हो गई और 19 घायल हो गए। इससे पहले मंगलवार को दिल्ली से सिवान जा रही बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई। इस प्रकार दो दिनों में दो भीषण हादसों ने लोगों को दहला दिया है। आए दिन सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाएं महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। सड़क हादसे गंभीर चिंता का विषय है। अर्थव्यवस्था की गति को रफ्तार देती सड़कें देश के विकास एजेंडे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विश्व बैंक के अनुसार, सड़क दुर्घटनाओं से भारतीय अर्थव्यवस्था को प्रत्येक वर्ष सकल घरेलू उत्पाद का तीन से पांच प्रतिशत नुकसान होता है। रोड सेफ्टी सेल की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले उत्तर प्रदेश में वर्ष 2022 में 41 हजार से अधिक सड़क हादसे हुए। इनमें 22 हजार 595 लोगों की मौत हुई है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सड़क यातायात से होने वाली मौतों और क्षति को 2030 तक कम-से-कम 50 प्रतिशत रोकने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ 'वैश्विक सड़क सुरक्षा में सुधार' का संकल्प अपनाया। इस पर भारत ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इसके अनुरूप विश्व के 108 देश अब तक सड़क दुर्घटनाओं में दस प्रतिशत कमी लाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके विपरीत भारत में सड़क दुर्टनाएं प्रति वर्ष दस प्रतिशत की दर से बढ़ रही हैं। प्रतिवर्ष सड़कों पर वाहनों की बढ़ोतरी, शून्य फिटनेस और जुगाड़ से चलते वाहन देश में चुनौती बन चुके हैं। शिवहर (बिहार) से सवारी लेकर चली इस दुर्घटनाग्रस्त बस के बारे में भी इसी तरह की जानकारी मिल रही है।

केंद्र सरकार ने बीते वर्ष मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से इसके प्रावधानों को कठोर बनाने का प्रयास किया था। साथ ही वाहन सुरक्षा के लिए नए इंजीनियरिंग मानक लागू किए गए थे। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा का जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। यह इस ओर संकेत करता है कि भारत के कानून प्रवर्तन तंत्र में कहीं-न-कहीं कमी विद्यमान है। कानून प्रवर्तन के लिए ज़िम्मेदार राज्य सरकारें इस ओर उदासीन बनी हुई हैं। ऐसी दुर्घटनाओं में लोगों की मौतों को रोकने के उपाय जरूर किए जाएं। आवश्यक है कि लोगों के व्यवहार में परिवर्तन का प्रयास किया जाए। दुर्घटना के पश्चात तत्काल प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराना और पीड़ित को जल्द-से-जल्द अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करना कई लोगों की जान बचा सकता है। आम लोगों को इस कार्य के प्रति जागरूक किया जाए। लोगों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए।

# आहार के बारे में एकांगी सलाह की अवैज्ञानिकता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

रोटी सेंकने के लिए आंच लकड़ी को जला कर बनाई गई है, पशु के गोबर से बनाए हुए सूखे हुए उपले की है या पत्थर के कोयले की, यह स्थिति भी रोटी के गीले आटे के पकने का समय निर्धारित करती है।

अनाज के आटे से रोटी बनाने, धातु और टेराकोटा के पात्रों जैसे माध्यम का एक अनोखा और अंतरंग रिश्ता पारंपरिक रीति पर चलने वाले संस्कारित भारतीय समाज में आज भी कायम है। चिकनी मिट्टी से बनाए हुए चूल्हे (ओपन हर्थ) और तंदूर में सेंकी सिर्फ हथेलियों और अंगुलियों की दाब और करवट आदि क्रियाओं के इस्तेमाल से बढ़ाई जाने वाले रोटी के अलावा यह जानना महत्वपूर्ण है कि रोटी बनाने के भीगे हुए आटे के एक टुकड़े की लोई को रोटी की आकार देने के लिए इस पर हथेलियों को गीला करके पानी की परत चढ़ा कर हथेलियों के बीच लेकर, थपलिया कर पतला करते हुए अमाप बढ़ाया जाता है। एक अन्य विधि में हथेली पर घी का लेप चढ़ा कर, लोई को थपलियाकर एक निश्चित आकार और आकृति में रोटी तैयार की जाती है। मक्का और बाजरे के आटे से रोटी बनाने के लिए हथेलियों पर बारम्बार पानी की परत चढ़ानी होती है। गेहूं का आटा, मोटा पिसा है या बारीक, इसमें कौन से और अन्न का आटा मिलाया गया है, यह भी सिकाई से रोटी के पकने और इसे एक निश्चित स्वाद देने के लिए जरूरी होता है। मक्का और बाजरा के अनाजों का आटा महीन ही होना चाहिए। रोटी सेंकने के लिए आंच लकड़ी को जला कर बनाई गई है, पशु के गोबर से बनाए हुए सूखे हुए उपले की है या पत्थर के कोयले की, यह स्थिति भी रोटी के गीले आटे के पकने का समय निर्धारित करती है। रोटी का स्वाद इस तथ्य पर निर्भर करता है अनाज की किस्म क्या है और आटे में कितनी मात्रा में कौन से पोषक तत्व मौजूद हैं। रोटी सेंकने के लिए और सिकने के दौरान आंच (हीट या रेडिएशन) कितनी मात्रा में कितनी देर तक और किस एंगिल से रोटी की भीतर प्रवेश करती है। आंच को संग्रहीत करके रखने वाले तंदूर या खुले डिजाईन वाले चूल्हे में रोटी को उलटने-पलटने की वजह यही है कि रोटी के सर्फेस को हर तरफ से एकसा सेंक मिले। गैस के चूल्हे पर पकाई जाने वाली रोटी में स्वाद पैदा करना भी एक हुनर है। रोटी या अन्य पकवानों के रंधने-पकने के लिए थर्मल एम्बियन्स एंड एनवायरनमेंट का काफी बड़ा रोल है।

कार्यालय में एक दिन मेरे पास गाज़ियाबाद से एक व्यक्ति आया जिसने एक फ्लोर मिल लगाई हुई थी। मुझसे पूछा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएमआर) के प्रयोगशाला संस्थानों में से किसी एक में आटे में पोषक तत्वों की किस्म की पहचान, इनकी मात्रा का आकलन और गुणवत्ता की परीक्षा करवाई जा सकती है। मैंने कहा कि प्राइवेट पार्टीज का काम हम नहीं करते। अपनी बात को जारी रखते हुए उसने बताया कि अखबार में एक इश्तिहार देकर हमारी मिल ने क्लेम किया था कि इस मिल का आटा औरों की मिल के आटे की बनिस्पत अधिक पोषक और प्रोटीनयुक्त है। उन दिनों फ़ूड सेफ्टी एंड स्टैण्डर्ड अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया का वजूद नहीं था। आमतौर से मार्किट में उपलब्ध एक फूड प्रोडक्ट के बारे में तब ऐसे दावे जिसके बारे में मालिक ने अन्य वैसे ही ब्रांड प्रोडक्ट्स के मुकाबले में कहीं बेहतर बता दिया, तो इसकी इसको लीगल चुनौती देने के मामले मोनोपोलिस्टिक एंड रेस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रैक्टिसेस कमीशन में शिकायत करके उठाए जाने चाहिए, इतना भी मालूम नहीं था। किसी व्यक्ति ने अदालत में पीएँफ़ए एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज कर दिया। सुनवाई से पहले ही यह मिल मालिक मुझसे मिलने आया था। उसने मुझसे कहा कि उसका दावा गलत था और उसने फ़ूड बायो-न्यूट्रीएंट्स बनाने वाली किसी भी इंडस्ट्रियल कंपनी से विशुद्ध प्राकृतिक प्रोटीन खरीद कर अतिरिक्त रूप से न तो अपनी फैक्ट्री द्वारा तैयार आटे में मिलवाई और न ही यह जांच करवाई थी कि सिर्फ उसके द्वारा पीसे गए गेहूं के आटे में प्रोटीन की कितनी मात्रा प्रति 100 ग्राम पहले से उपलब्ध थी। मैंने इस व्यक्ति को सलाह दी कि अदालत में वह बिना हिचक लिखित में मुआफिनामा जमा करवा दे और आश्वासन दे कि भविष्य में लैब जांच करवाए बिना कोई दावा नहीं करेगा। उसे मामूली जा जुर्माना करने की घोषणा के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया था। देखा गया है कि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन में जो दावा अकसर किया जाता है उसे एक पोषण विज्ञानी नहीं बल्कि पोषाहार सलाहकार समर्थन देता या प्रोमोट करता दिखता है। इनमें सेलिब्रिटीज़ तो अनेक हैं।

डाइट और डिज़ीज के सह-संबंधों और शरीर में किस रूट से किन पोषक तत्वों को नार्मन हेल्थ के चलते हुए नियमित रूप से ग्रहण करना लाभकारी होता है आमजन को इसकी वैज्ञानिक जटिलताओं का आभास नहीं है।

पिछले दिनों अंग्रेजी भाषा के एक अखबार के में मैंने एक खबर की हैडलाइन-विच रोटी इज बेस्ट फॉर वेटलॉस? फाइंड आउट व्हाट न्यूट्रीशनिशट्स से, देखी जिसने मुझे चौंकाया है। एक व्यक्ति के शरीर का वजन उसकी आयु और जेंडर के हिसाब के हिसाब के अलावा डाइट की किस्म, मात्रा एवं दिनचर्या के अलावा उसके लाइफ स्टाइल से भी जुड़ा होता है। यह भ्रम है कि केवल रोटी को आधार बनाकर शरीर के वजन को आदर्श केटेगरी में बनाए रखा जा सकता। उक्त खबर की हैडलाइन एक पोषाहार सलाहकार के कथन के आधार पर है और यह आंशिक रूप से अवैज्ञानिक और अमान्य इसलिए है कि यह खतरनाक है। ऐसी बात करने का वैज्ञानिक और कानूनी अख्तियार फिजियोलॉजिस्ट, न्यूट्रीशनिश्ट्स, बायो-केमिस्ट और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट को होता है।

रोटी के सेंकने के तौर-तरीके, आटे की किस्म -जैसे कि एकल अनाज या मिश्रित अनेक अनाज, पर रोटी की गुणवत्ता और पोषक मान निर्भर होता है। मोटे अनाज और मोटा पिसे हुए आटे में रेशा और प्रोटीन के अलावा और भी बहुत कुछ मिला होता है जिसके बारे में तथ्यात्मक और भरोसेमंद जानकार भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के अंतर्गत काम करने वाले संस्था नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन (हैदराबाद) की पुस्तक न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ़ इंडियन फूड्स में दर्ज की गई है। लोगों को मालूम नहीं है कि एक न्यूट्रीशनिश्ट्स उपरोक्त फील्ड्स में प्रशिक्षित और अनुभवी डॉक्टर-तिकड़ी के निर्देशन में एक बड़े अस्पताल, जैसे कि एम्स जिसमें रिसर्च भी होती है, में काम करता है तब वह इनकी निगरानी में होता है। लेकिन स्वतंत्र होकर मार्किट में प्रैक्टिस करने वाले न्यूट्रीशनिश्ट्स पर निगरानी कौन रखता है? वैसे तो अपनी तरफ से कोई एक न्यूट्रीशनिश्ट्स किसी को भी त्रुटिपूर्ण सलाह नहीं देता लेकिन अस्पताल में काम करने वाले न्यूट्रीशनिश्ट्स की डाइट योजना को एक सीनियर डॉक्टर दस्तखत करके ही मंजूरी देता है और मरीज़ को फॉलो-अप करवाने की हिदायत देता है जैसेकि टाइप-2 के नॉन-इन्सुलिन डिपेंडेंट डायबिटिक से पीड़ित एक व्यक्ति के लिए किया जाता है।

डाइट और डिज़ीज के सह-संबंधों और शरीर में किस रूट से किन पोषक तत्वों को नार्मन हेल्थ के चलते हुए नियमित रूप से ग्रहण करना लाभकारी होता है आमजन को इसकी वैज्ञानिक जटिलताओं का आभास नहीं है। एक बायो-केमिकल प्रोसेस के रूप में स्वतंत्र रूप से समझना भी इन्हें कठिन है। एक-पक्षीय और स्वतंत्र शोध कार्य के नतीजे भी कभी एक डॉक्ट्रिन के बतौर व्यक्ति पर लागू नहीं किये जाते बल्कि ऐसा करने से शरीर पर पड़ने वाले संयुक्त प्रभाव देखकर ही इन्हें विवेकपूर्ण होकर लागू किया जाता रहा है। सिर्फ रोटी और इस आधार पर कि इसे फलां किस्म के अनाज और अनाजों में मिश्रण से बनाया गया है और यह अनेक व्यक्धियों और विकारों को दूर रखने में सहायक है, एक विवेकपूर्ण कथन नहीं है। एक ही विषय से संबद्ध अनेक पक्षों पर सैंकड़ों तरह से डिजाईन किए गए शोध के नतीजे एक्सपर्ट्स की निगाह में संयुक्त जानकारी से जिस समग्रता और विवेक का बुध करते हैं उसी के अनुसार अपार अनुभवी डॉक्टर्स शारीरिक व्याधियों और विकारों की नैदानिकी और उपचार का फैसला लेते हैं और दवा का चुनाव करते हैं। इसलिए यह प्रचारित करना कि रोटी के स्रोत अनाजों की किस्म ऐसी हो, वैसी हो और इन्हें बदलने या ऐसा सेंक कर खाने से यह लाभ होगा, कोलेस्ट्रोल कम होगा, डायबिटीज में फायदा होगा, कैंसर पनपने की संभावना कम होगी, मोटापा विकसित नहीं होगा, शुगर कम होगी आदि, नितांत एकांगी कथन हैं और विज्ञान सम्मत भी नहीं। विज्ञान सम्मत अगर कुछ है तो वह टेक्स्टबुक्स हैं जो एक समय विशेष की हद में प्रिसीजन इनफार्मेशन होती है। यह भी रिसर्च की तत्परता और विशालता को देखते हुए हमेशा 90 प्रतिशत को ही छू पाती हैं। बाकी 10 प्रतिशत की पूर्ति रिसर्च जर्नल्स में छपे पर्चों की जानकारी में दर्ज होती है।

## प्रसंगवश

# क्यों होते हैं हाथरस जैसे हादसे

एक तरफ विज्ञान मंगल और चांद के रहस्यों की थाह लेने में जुटा है, लेकिन भोले बाबा सरीखे तमाम नाम इस समाज में अपना ऐसा मायाजाल फैलाए हैं, जिनकी गिरफ्त में आम जनता है। आमतौर पर धार्मिक आयोजनों या धर्मस्थलों पर भारी भीड़ उमड़ती है। गहरी आस्था के चलते लोग अपने आराध्य के दर्शन करने या उनके बारे में सत्संग-प्रवचन सुनने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। भोले बाबा के सत्संग को लेकर पुलिस के खुफिया तंत्र ने अपनी रिपोर्ट सत्संग से पहले ही तैयार की थी। इस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि सत्संग में सवा लाख से अधिक भीड़ जुटेगी। यहां पर एलआईयू ने अप्रिय घटना होने की आशंका भी रिपोर्ट में व्यक्त की थी, लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदारों ने सत्संग में जुटने वाली भीड़ की बात को गंभीरता से नहीं लिया और इसका परिणाम सामने आ गया। सत्संग समापन के बाद हुई भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गईं।



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

हाथरस में सत्संग स्थल पर ढाई लाख लोग मौजूद थे। इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अंदाजा न तो आयोजकों को था और न ही जिला प्रशासन को। इसलिए इस संख्या के हिसाब से मौके पर व्यवस्था ही नहीं की गई थी, जबकि सत्संग स्थल के अंदर की व्यवस्था आयोजकों को संभालनी थी और बाहर कानून-व्यवस्था पर प्रशासन और पुलिस को नजर रखनी थी, क्योंकि इस आयोजन के लिए जिला प्रशासन से बाकायदा अनुमति ली गई थी। इसके बावजूद सत्संग स्थल पर न तो श्रद्धालुओं के प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वार नहीं थे।

ऐसे आयोजनों में एक साथ भीड़ का रेला आता है तो धक्के के कारण लोग एक-दूसरे के ऊपर चढ़ने लगते हैं। इस दौरान लोग खुद के शरीर को ही नियंत्रित नहीं कर पाते हैं। ऐसे में अगर एक व्यक्ति भी भीड़ में गिर जाता है तो लोग चाहते हुए भी खुद को रोक नहीं पाते हैं और उस पर चढ़ जाते हैं।

नतीजा यह होता है कि भीड़ में किसी के गिरने, बेहोश होने या मौत की अफवाह फैलती है और बचने के लिए लोग भागने लगते हैं। भीड़ में शामिल लोग, खासकर बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं इस भगदड़ का सबसे ज्यादा शिकार होते हैं। इसके लिए स्थानीय प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार होता है, जो आस्था के आगे हाथ खड़े कर देता है। छोटे स्थल पर अधिक लोगों की भीड़ बढ़ने पर भी वह लोगों को रोकता नहीं है।

हाथरस के मामले में भी ऐसा ही देखने को मिल रहा है। बताया जा रहा है कि हाथरस में अनुमति और आकलन से कहीं ज्यादा भीड़ पहुंच गई थी। इसके बावजूद प्रशासन तमाशबीन बना रहा और न तो आयोजन निरस्त किया और न ही लोगों को रोकने की कोशिश की।

इस तरह की दुर्घटना भविष्य में न हो इसके लिए सभी धार्मिक लोगों को दो चीजों का पालन करना होगा। पहला कि उन्हें अपने जीवन में धर्म का पालन करना होगा। दूसरा अधर्म होते हुए न देखने का प्रण लेना होगा कि मैं अधर्म नहीं होने दूंगा। अगर रोक नहीं सकता, तो विरोध करूंगा। और विरोध भी नहीं कर सकता तो कम से कम वहां से हट जाउंगा। मेरे घर में अगर मेरे सामने कचरा पड़ा है, तो उसे हटाना मेरा धर्म है। ऐसे ढोगी लोगों का हर स्तर पर बहिष्कार होने चाहिए। इस दुर्घटना के बाद धार्मिक संस्थाएं भी सक्रिय हुई हैं।

हाथरस हादसे से सुर्खियों में छाए भोले बाबा समेत 20 ढोंगी बाबाओं को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। सभी 13 अखाड़ों के बीच इसकी सहमति बन चुकी है। कुंभ मेला प्रशासन के साथ 18 जुलाई को होने जा रही बैठक में अखाड़ा परिषद की ओर से इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। मेला अधिकारी को कहा जाएगा कि इन ढोंगी स्वयंभू बाबाओं को मेले में बसने में भूमि और सुविधाएं न दी जाएं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के मुताबिक भोली भाली जनता को भ्रमित कर अपने भक्तिजाल में फंसाने वाले तरह-तरह के रूपों वाले पाखंडी बाबाओं की सूची अखाड़ा परिषद ने तैयार कर ली है। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में अपनी दुकानें नहीं सजाने देंगे। इस बारे में सभी तेरह अखाड़ों के प्रतिनिधियों की सहमति बन चुकी है कि पाखंडी बाबाओं की सूची जारी की जाए। ऐसे ढोंगी बाबाओं को महाकुंभ में बसने के लिए भूमि और शिविर की सुविधाएं नहीं दी जाएं, इसकी मांग मेला प्रशासन के समक्ष रखेंगे।

# विपक्षियों के सामने संभलने में लगी है भाजपा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कई उच्चस्थ पदाधिकारी आपसी ईर्ष्या द्वेष या महत्वाकांक्षा में एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं।

मोदी जी का योग्यतम शीर्ष नेतृत्व भाजपा को अभी भी पूरी मजबूती से संभाले हुए है किंतु पार्टी को अगले प्रधानमंत्री की खोज में अभी से लग जाना चाहिए और यदि यह जिम्मा परंपरा से राष्ट्रीय सेवक संघ पर है तो उसे भी इस दिशा में सक्रिय हो जाना चाहिए। जैसे कि तिब्बती लामाओं में अगले दलाईलामा की तलाश की जाती है। जहां मौजूदा दलाईलामा ही यह बता देता है कि उनके पश्चात जन्म लेने वाले पीठाधीश को किन शारीरिक लक्षणों से पहचाना जाएगा। और वैसे ही लक्षणों वाले सद्य जन्में शिशु की तलाश गहनता से शुरु हो जाती है ताकि रिक्त स्थान पर अगले दलाईलामा को तत्काल प्रतिष्ठापित किया जा सके। बिना अंतराल के।

विचारणीय यह होगा कि मोदी जैसा कोई दूसरा क्या सहजता से मिल पाएगा? और क्या स्वयं मोदी जी यह अग्रिम चयन कर देंगे? यह असंभाव्य है। क्योंकि मोदी जैसा कोई और हो यह फिलहाल भाजपा में दिखता नहीं। वैसा गतिशील व्यक्तित्व, वैश्विक इमेज का जन प्रतिनिधि, भारत को एक उल्लेखनीय आर्थिक शक्ति बना देने वाला प्रधानमंत्री और कई रिकार्ड अपने नाम करने वाला विलक्षण व्यक्तित्व कोई दूसरा हो सकता है?

अभी तक तो 'मोदी-योगी' का एक आश्वस्ति भरा शब्द युग्म जन जन के जुबान पर था। मगर उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के प्रदर्शन ने इसमें डेंट लगा दिया है। मोदी जी का कद तो बरकरार रहा और अगर उसमें भी तनिक इफ्स ऐंड बट्स लगा तो उसका भी उत्तरदायी उत्तर प्रदेश ही है। सोचिए यदि वे गुजरात में कहीं से प्रत्याशी होते तो क्या बनारस जैसे हल्के मार्जिन से विजयी होते? तो उनके आभामंडल की यह तनिक सी फीकी हुई चमक के जिम्मेदार वे स्वयं नहीं हैं। प्रदेश की भाजपा पार्टी और बनारस के कृतघ्न मतदाता हैं। प्रतिकूलताओं के बाद भी मोदी जी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद को सुशोभित करने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

यह भी बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा के कई उच्चस्थ पदाधिकारी आपसी ईर्ष्या द्वेष या महत्वाकांक्षा में एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं। ऐसे में मोदी के बाद कौन का चयन एक टेढ़ी खीर है। अभी किसी संभावना पर मुहर लगा देना संभव नहीं लगता। क्योंकि जिस तरह मोदी जी ने पद के अनुरुप अपने को साबित कर दिखाया है वैसी क्षमता का कोई दूसरा भाजपा नेतृत्व में दिख नहीं रहा। इस प्रतिष्ठापरक पद के लिए पहले किसी भी महत्वाकांक्षी भाजपाई को खुद को साबित करना होगा। क्या आसन्न उपचुनाव ऐसा कोई संकेत दे पाएंगे या फिर उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनाव ही कुछ स्थिति स्पष्ट कर पाएंगे? इसलिए कि ज्यादातर प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश ने ही दिए हैं। फिलहाल तो भाजपा विपक्षियों के बढ़े मनोबल के सामने संभलने में लगी हुई है। किंतु अभी भी आम जनता की दृष्टि में कोई तात्विक बदलाव भाजपा में नहीं दिख रहा है। नीट की परीक्षा, हाथरस हादसा आदि मुद्दों पर उसकी कार्यशैली वही पुराने ढ़र्रे वाली है, जो आमजन को पसंद नहीं। जबकि चाल चरित्र और चेहरे का दम रखने वाली पार्टी को तत्काल इन पर कड़े निर्णय लेना चाहिए था और जनसंशयों को उभरने का अवसर नहीं देना था। नारायण साकार स्वामी को क्लीन चिट मिला रहना देखिएगा भाजपा के लिए काऊंटर प्रोडक्टिव होगा। खिसके दलित वोट की भरपाई क्या इससे होगी? भारी संशय है।

भाजपा को वोट बैंक के ऐसे नारदमोहों से बचना चाहिए। ऐसे व्यामोह से दूर रहना चाहिए। किसी भी नेतृत्व का, जनता में उसकी इमेज, वोट की पिपासा से नहीं बल्कि उसके राज काज से स्थापित होती है। और भाजपा ने पहले यह कर भी दिखाया है। भगवा पार्टी के कोर वोटर अभी भी उसका दामन थामे हैं। प्रदेश में मुसलमान यादव और दलित का नया समीकरण मजबूत हो रहा है। इस कटु सत्य को आत्मसात करके रणनीति बनानी होगी। और वह केवल है-स्वच्छ प्रशासन और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था तथा अधिकाधिक नौकरियों के अवसर।

भाजपा में बिखरे वोटबैंक के जाति-मजहब के नेताओं के कान उमेठने का वक्त अब आ गया है। उन्हें अल्टीमेटम मिल जाना चाहिए कि अब नहीं तो फिर कभी नहीं। क्यों उन्हें पाला पोषा जा रहा है और मलाईदार पदों पर यथावत बनाये रखा गया है? उनकी जवाबदेही क्यों नहीं? यदि भाजपा अपने डुलमुल और ढीले ढाले तेवर को त्यागकर कठोर फैसले लेने लेंगे तो देखिएगा उसकी फिर जनता में जय जय होने लगेगी।

## सोशल फोरम

# परंपरा

बंगाल की दुर्गा पूजा हो या महाराष्ट्र की गणेश पूजा। इन दोनों अवसरों पर केमिकल रंगों और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियों को बहते जल के स्रोतों में प्रवाहित किया जाता है। रसायनों से जलीय जीवन और जल स्रोतों को हुए नुकसान की अक्सर चर्चा होती है और इनको रोकने के प्रयास भी होते हैं। फिर भी गणेश चतुर्थी या दुर्गा पूजा के बाद नदी या समुद्र तट पर बिखरी टूटी फूटी मूर्तियों को कचरे के रूप में ढोये जाने का दृश्य किसी भी आस्थावान को विचलित कर सकता है। लेकिन हम विचलित नहीं होते। क्योंकि यही हमारी परंपरा है। और परंपराओं के साथ कोई खिलवाड़ हमें बर्दाश्त नही। भले ही पर्यावरण को कितनी भी क्षति हो।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

उड़ीसा की मशहूर रथ यात्रा के बारे में पढ़कर हैरत हुई कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के रथ बनाने के लिए पांच अलग-अलग किस्म के कुल 865 वृक्षों की लकड़ी लगती है। और उससे भी बड़ी हैरानी की बात की शायद ये रथ हर साल बनाए जाते हैं। एक मित्र को अपनी जमीन पर लगे वृक्षों को काटने के लिए परमिशन चाहिए। सरकारी परमिशन के बगैर लोग अपने लगाए, अपने घरों के वृक्ष भी नही काट सकते। इतने कठोर नियमों के बीच मेरा ध्यान बार-बार 865 वृक्षों पर चला जाता है। छतीसगढ़ का हंसदेव जंगल हो या मुंबई का आरे जंगल। लोगों ने इनको बचाने के लिए लंबी लड़ाइयां लड़ी। भारतीय संस्कृति में पेड़ों का बहुत महत्व है। झारखंड में सरहुल पर्व पर साल वृक्ष की पूजा होती है। उड़ीसा में वट सावित्री के दिन स्त्रियां वट वृक्ष की पूजा करती हैं। राजस्थान में खेजड़ी के वृक्ष की पूजा की जाती है। सनातन में पीपल के वृक्ष को भी पूजा जाता है। क्या ये बात अजीब नही कि एक तरफ पारंपरिक रूप से हम पेड़ों की पूजा करते हैं और दूसरी तरफ परंपरा के नाम पर वृक्ष काटे भी जाते हैं। अफसोस होता है कि पेड़ों को पूजने वालों के देश मे जंगल का रकबा लगातार घट रहा है। हमे ये मानना होगा कि हमारी संस्कृति, पूजा, परंपरा इन जंगलों को बचाने में नाकामयाब रही है।

-फेसबुक वॉल से

# क्या भारत सीबीडीसी को सफल बना सकता है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) की प्रस्तावित शुरूआत के साथ भारत अपनी मौद्रिक प्रणाली में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के कगार पर है। यह कदम डिजिटल मुद्राओं और ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी में बढ़ती वैश्विक रुचि के बीच आया है, जो दुनिया भर के वित्तीय क्षेत्रों में व्यापक डिजिटल क्रांति को दर्शाता है। हालांकि, डिजिटल मुद्रा का आगमन साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता और भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे की समग्र तैयारी के बारे में प्रासंगिक सवाल उठाता है।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा किसी देश की फ़िएट मुद्रा का एक डिजिटल रूप है, जिसे केंद्रीय बैंक द्वारा जारी और विनियमित किया जाता है। बिटकॉइन या एथेरियम जैसी क्रिप्टोकरेंसी के विपरीत, जो विकेंद्रीकृत हैं और केंद्रीय प्राधिकरण के बिना संचालित होती हैं, सीबीडीसी सरकार द्वारा केंद्रीकृत और नियंत्रित होता है। सीबीडीसी का लक्ष्य डिजिटल मुद्राओं के लाभों-जैसे गति, कम लेनदेन लागत और बढ़ी हुई वित्तीय समावेशन - को पारंपरिक फिएट मुद्राओं से जुड़ी स्थिरता और विश्वास के साथ जोड़ना है। भौतिक नकदी के विपरीत, सीबीडीसी केवल डिजिटल रूप में मौजूद है, जिससे लेनदेन सहज और त्वरित हो जाता है।

डिजिटल भुगतान सफलता भारत के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में पिछले एक दशक में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई), भारत इंटरफेस फॉर मनी (भीम) और आधार-सक्षम भुगतान प्रणाली जैसी पहलों ने भारतीयों के लेनदेन के तरीके में क्रांति ला दी है। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में यूपीआई लेनदेन प्रति माह 2 बिलियन का आंकड़ा पार कर गया, जो डिजिटल भुगतान प्रणालियों में व्यापक रूप से अपनाने और विश्वास का संकेत देता है।

भारत अपने साइबर सुरक्षा ढांचे को बढ़ाने में प्रगति कर रहा है, लेकिन डिजिटलीकरण की तीव्र गति के लिए इन उपायों के निरंतर विकास और मजबूती की आवश्यकता है।

वर्तमान साइबर सुरक्षा अवसंरचना-राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीतिः 2013 में शुरू की गई इस नीति का उद्देश्य सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे को साइबर खतरों से बचाना है।

ऐसे कई उदाहरण हैं जहां डिजिटल वित्तीय प्रणालियों से समझौता किया गया है। उदाहरण के लिए, एक प्रमुख बिटकॉइन एक्सचेंज माउंट गोक्स की हैकिंग के कारण 450 मिलियन डालर से अधिक का नुकसान हुआ। 2019 में भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र की हैकिंग सबसे सुरक्षित प्रणालियों में भी कमजोरियों को उजागर करती है।

भारत में सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी की शुरूआत वित्तीय प्रणाली को और आधुनिक बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ाने का एक आशाजनक अवसर प्रस्तुत करती है। हालाँकि, इस पहल की सफलता महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा जोखिमों को संबोधित करने और सहायक बुनियादी ढांचे की मजबूती सुनिश्चित करने पर निर्भर करती है। डिजिटल भुगतान की सफलता से सीखकर और साइबर सुरक्षा ढांचे को लगातार विकसित करके, भारत डिजिटल मुद्रा के फलने-फूलने के लिए एक सुरक्षित वातावरण बना सकता है। एक सफल सीबीडीसी की राह में एक सुरक्षित, लचीला और समावेशी डिजिटल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और नागरिकों के समान प्रयासों की आवश्यकता होगी।

# पुराणों की कहानियों से

हम हिंदू हैं, सनातनी हैं। हम वेद, पुराण, उपनिषद आदि सब पर दृढ़ विश्वास रखते हैं। अगर थोड़ी गहराई में जाकर खुद को पूछें कि हमारे तैंतीस वैदिक देवता कौन थे तो टंटा शुरू। तैंतीस नहीं, तैंतीस करोड़। तैंतीस कम पड़ता है। कोटि के दो अर्थों पर प्रवचन न दें। चलो, तैंतीस ही सही। कितने हिंदू उन तैंतीस देवताओं का नाम भी जानते हैं? बारह आदित्य। कौन? क्या हम उनके नाम और उनकी कीर्ति के बारे में जानते हैं? क्या उनकी कभी पूजा भी की? कोई रिश्ता है हमारा उनसे? एक फूल, एक धूपबत्ती कभी उनके नाम? रोज अजीबोगरीब प्रवचन मोबाइल पर आते रहते हैं। कौन थे बारह आदित्य? कौन थे ग्यारह रुद्र? कौन थे आठ वसु? उन्होंने क्या किया? है कोई नामलेवा? और हम हिंदू हैं। सनातनी हैं। श्रीमद् देवी भागवत कहता है कि व्यास ने पुराणों की रचना ही इसीलिए की कि जिनकी पहुंच वेदों तक नहीं है उनका कल्याण हो। वे सनातनी बने रहें।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अठारह पुराण। यह भी कम पड़ा। तो बहुत सारे उपपुराण। हजारों कहानियां। रोमहर्षण सूत थे, ब्राह्मण्यां क्षत्रियासूतः, याने वर्णसंकर। वही सूत जी हुए। व्यास के शिष्य। और कौन व्यास जी? वही जो मत्स्यगंधा और पराशर के पुत्र थे। महा ज्ञानी व्यास। उन्हीं के शिष्य सूत जी। प्रवचन कर्ताओं में सर्वश्रेष्ठ। हर जगह सूत जी बोलते भये।

विष्णु पुराण, शिवपुराण, वराह पुराण, कूर्म पुराण, नृसिंह पुराण, वामन पुराण, मत्स्य पुराण, देवी भागवत, कृष्ण भागवत, पद्मपुराण, गरुड़ पुराण, नारद पुराण, मार्कण्डेय पुराण, अग्नि पुराण, वायु पुराण, स्कंद पुराण, ब्रह्मांड पुराण। और भी कई। यहां हमारा उद्देश्य पुराणों के नाम गिनाना नहीं है। पुराणों का मुख्य उद्देश्य जो भी रहा हो, उनकी कहानियों से हिंदू अनेक सेक्ट बने।

# शिक्षामित्र के पति की गला रेत कर हत्या

## बिवांर थाना क्षेत्र के अतरार के कंपोजिट स्कूल में दिव्यांग शौचालय के पीछे शव मिलने से फैली सनसनी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बिवांर थाना क्षेत्र के अतरार गांव के परिषदीय विद्यालय में मंगलवार रात शिक्षामित्र के पति की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह स्कूल में शौचालय के पीछे शव मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का दौरा कर छानबीन की।

बिवांर थाना क्षेत्र के अतरार निवासी संदीप सिंह (45) पुत्र अर्जुन सिंह की कंपोजिट स्कूल में दिव्यांग शौचालय के पीछे धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने बताया कि संदीप सिंह मंगलवार की देर शाम घर से निकला था। जब देर रात तक घर वापस नहीं आया तो उसकी तलाश की गई, लेकिन रात में कुछ भी सुराग नहीं लग सका।

बुधवार सुबह खोजबीन के दौरान कंपोजिट स्कूल के अंदर शौचालय के पीछे हत्यायुक्त लाश मिली। संदीप की पत्नी अर्चना सिंह गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र हैं, जिनके दो बच्चे ऋषभ (17) और नमन (15) हैं। हत्या की सूचना पर बिवांर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल पर छानबीन की। पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि घटना की गहराई से जांच-पड़ताल की जा रही है।



अतरार गांव में रोती-बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार



घटनास्थल पर छानबीन करतीं पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

### पार्टी के दौरान हुआ विवाद

परिजनों ने बताया कि संदीप सिंह गांव के ही दत्ता पंडित पुत्र रामप्रकाश तिवारी के साथ शराब पीने के लिए घर से निकला था। पता चला है कि शराब पार्टी के दौरान विवाद हुआ था। इसी के बाद उसकी हत्या की गई। रात भर परिवार के लोग इंतजार करते रहे, लेकिन वह वापस नहीं आया। तब उसकी तलाश की गई।

### खुलासे के लिए टीम गठित: एसपी

हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने भी घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने वारदात का खुलासा करने के लिए टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे ने ही सब्बल से की थी पिता की हत्या

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार:** जमीन बेचकर रुपये जुआ, शराब में उड़ाने और शराब पीकर घर में उत्पात मचाने से खफा होकर पुत्र ने ही पिता की हत्या सब्बल मारकर की थी और फरार हो गया था। पुलिस ने बुधवार को इसका खुलासा करके आरोपी को जेल भेजा है।

बीते 4 जुलाई को वार्ड संख्या तीन का निवासी धनीराम वर्मा मृत पाया गया था। उसके शरीर पर गंभीर चोटें थी। मृतक की पत्नी उमा देवी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से मृतक का छोटा पुत्र धर्मेंद्र कुमार घर से फरार था। पुलिस ने बुधवार को धर्मेंद्र कुमार को कस्बे की रानी लक्ष्मीबाई तिराहा से गिरफ्तार करके घटना का खुलासा किया है।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी पुत्र छोटा।

पुलिस हिरासत में हत्यारोपी पुत्र ने बताया कि पिता पैतृक जमीन बेचकर रुपए जुआ शराब में बर्बाद कर रहा था और शेष बची जमीन बेचने की फिराक में था। मना करने पर शराब पीकर आए दिन गाली गलौज करता था। इसी से आजिज होकर सब्बल मारकर हत्या की थी। पुलिस ने सब्बल बरामद कर आरोपी को जेल भेजा है।

# तीन बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

संवाददाता, बिंदकी-फतेहपुर

**अमृत विचार।** उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिए तालाब नहाने गए तीन बच्चों की डूबकर मौत हो गई। जिससे उनके परिजनों समेत पूरे गांव में हड़कम्प मच गया। तीनों बच्चे कक्षा दो के छात्र थे।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के जनता गांव में बुधवार को अपरान्ह करीब तीन बजे कक्षा दो के पढ़ने वाले अंश रैदास (9) पुत्र अर्जुन रैदास, विष्णु रैदास (8) पुत्र गौरेलाल रैदास एवं आयुष प्रजापति (8) पुत्र सुनील प्रजापति स्कूल से पढ़ कर घर वापस आए। आसपास रहने वाले तीनों विद्यार्थियों ने अपने-अपने घर जा कर स्कूल बैग रखा और खाना खाया। इसके बाद तीनों बच्चे घर से खेलने के लिए निकल गये। खेलते-खेलते उमस भरी गर्मी से राहत पाने के लिये घर से करीब ढाई सौ मीटर दूर तालाब में जाकर नहाने लगे। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। यह देखकर तालाब के समीप ही बकरियां चरा रहीं बच्चियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और गांव जाकर बताया। घटना की जानकारी होते ही परिजन एवं ग्रामीण तालाब के पास पहुंचे।

ग्रामीणों ने तालाब में घुस कर तीनों बच्चों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीनों बच्चों की मौत हो गई थी। जिंदगी की उम्मीद में बच्चों को बिंदकी सीएचसी पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बिंदकी संजय पाण्डेय ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तीनों को मौत हो चुकी थी। पुलिस ने तीनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।



घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

### वज्रपात से किसान की मौत, एक झुलसा

**इटावा।** बुधवार की दोपहर बारिश के बाद कड़की तेज आकाशीय बिजली ने दो लोगों के साथ खेत में चर रही 13 बकरियों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक किसान की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से झुलस गया। इसके अलावा 13 बकरियों की भी मौत हो गई। बकेवर व भरथना क्षेत्र में दो मकानों पर भी बिजली गिरी जिससे मकान क्षति ग्रस्त हो गए। साथ की बिजली के उपकरण फुंक गए। झुलसे व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना बसरेहर क्षेत्र के गांव खुड़ीसर में रहने वाले महेंद्र सिंह सेंगर उर्फ छोटे बुधवार को अपने खेत पर काम कर रहा था। अचानक आकाशीय बिजली गिर जाने से वह बुरी तरह से झुलस गया। परिवार वालों ने जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ग्राम प्रधान व परिजनों ने बसरेहर थाना प्रभारी समित चौधरी को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने गांव आकर विस्तृत छानबीन की।

# थानाध्यक्ष के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट जारी

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- फर्रुखाबाद की कोर्ट ने हमीरपुर एसपी को दिए निर्देश
- हत्या के एक मुकदमे में दरोगा की होनी है गवाही

**अमृत विचार:** फर्रुखाबाद में हत्या के एक मामले में गवाह रहे सुमेरपुर थानाध्यक्ष के खिलाफ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने गैर जमानती वारंट जारी कर हमीरपुर पुलिस अधीक्षक को तामील कराने के निर्देश दिए हैं। गैरजमानती वारंट जारी होने के बाद थानाध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ गई हैं।

मौजूदा सुमेरपुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार कई साल पहले फर्रुखाबाद जिले के कमालगंज थाने में तैनात थे। वहां तैनाती के दौरान हत्या के एक मुकदमे में वह गवाह हैं। अदालत में यह मुकदमा राज्य सरकार बनाम रामसेवक विचाराधीन है। मुकदमा काफी पुराना होने के कारण उच्च न्यायालय ने अति शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए हैं, लेकिन दरोगा के हाजिर नहीं होने के कारण मुकदमे का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

फर्रुखाबाद के अपर जिला सत्र न्यायाधीश विष्णुचंद्र वैश्य ने हमीरपुर पुलिस अधीक्षक को भेजे गए गैर जमानती वारंट में निर्देशित किया है कि वह गैर जमानती वारंट एवं धारा 350 का नोटिस स्वतः तामील कराएं और दरोगा राकेश कुमार को 18 जुलाई को न्यायालय में हाजिर कराएं। अदालत का वारंट मिलते ही एसपी ने थानाध्यक्ष को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं।


# विकास के नाम पर हुई धांधली की हो जांच : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पूर्व मुख्यमंत्री निजी कार्यक्रम में हुए शामिल, भाजपा सरकार को बताया हर मोर्चे पर फेल

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपाइयों को देश का सबसे बड़ा भू माफिया करार देते हुए कहा है कि पवित्र राम मंदिर के निर्माण स्थल अयोध्या में भाजपाइयों ने बड़े पैमाने पर बेशकीमती जमीन अपने नाम करवा ली है। गृह जिले इटावा में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े हुए लोग विपक्ष को भू माफिया बताते हैं जबकि असल भू माफिया भाजपा के लोग हैं,जिन्होंने अयोध्या की ही बेसकीमती जमीन को नहीं बक्सा है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछले सात सालों से सर्किल रेट न बढ़ाना, स्थानीय लोगों के ख़िलाफ़ एक आर्थिक षड्यंत्र है। इसकी वजह से अरबों रुपये के भूमि घोटाले हुए हैं। हम अयोध्या में तथाकथित विकास के नाम पर हुई 'धांधली' और भूमि सौदों की गहन जांच और समीक्षा की मांग करते हैं। महंगाई के मुद्दे पर यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के मजाकिया अंदाज पर तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश के कृषि मंत्री महंगाई के मुद्दे पर आमजन का मजाक तो उड़ा ही रहे हैं, साथ ही हंसते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि हाथरस हादसा सीधे-सीधे उत्तर प्रदेश सरकार की विफलता का बड़ा कारण है। अधिकारियों के खिलाफ जरूर कार्रवाई अमल में ला दी गई है लेकिन कार्यक्रम की अनुमति के बाद भी सुरक्षा व्यवस्था और अन्य इंतेजामत क्यों नहीं किए गए। एसआईटी जांच में बेशक अधिकारियों को दोषी पाया जा चुका है लेकिन अभी न्यायिक जांच का भी नतीजा सामने आना बाकी है। सपा प्रमुख कहा कि सरकार के लोग झूठ से सरकार चलाना चाहते हैं, जमीनी हकीकत से दूर हैं, महंगाई बढ़ी है इसके जिम्मेदार खुद हैं। मुख्यमंत्री योगी के बयान सपा सरकार में चाचा-भतीजे नौकरी के नाम पर लूट मचाने से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि हर नौकरी में इन लोगों ने घोटाला किया है। आरएसएस की किताब में जनसंख्या वृद्धि से जुड़े सवाल पर यादव ने कहा कि वह किताब हमें दे देना हम जला देंगे। यादव ने कहा कि मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है इसके लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है।



निजी कार्यक्रम में शिरकत करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं सांसद डिंपल यादव।

### विधायक की फाइल लटकाने में एसडीएम हटाए गए

**बांदा।** इलाहाबाद-झांसी शिक्षक खंड से विधान परिषद सदस्य की फाइल को लंबित रखना आखिरकार एसडीएम नरैनी विकास यादव को महंगा पड़ गया। डीएम ने उन्हें तत्काल हटाकर मुख्यालय में डिप्टी कलेक्टर बना दिया है और उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर सत्यप्रकाश को नरैनी तहसील की कमान सौंप दी है। एसडीएम नरैनी के हटाए जाने को लेकर जिले में चर्चाओं का बाजार गरम रहा। डीएम नगेंद्र प्रताप ने एसडीएम नरैनी विकास यादव को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए डिप्टी कलेक्टर मुख्यालय के पद पर तैनात कर दिया है। वहीं मुख्यालय में डिप्टी कलेक्टर रहे सत्यप्रकाश को नरैनी तहसील का उप जिलाधिकारी बनाया है। जिलाधिकारी ने तबादलों का कारण जनहित व कार्यहित को बताया है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 429 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2024-25/ दिनांक: 05/07/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पद्मा केशव गोस्वामी पत्नी केशव गोस्वामी | श्री राजू पुत्र लटोरा | जुल्हैटी-1 | 15 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर



**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 425 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2024-25/ दिनांक: 05/07/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मालती देवी पत्नी जयहिन्द | श्री पवन कुमार पुत्र रामगोपाल | दीवानपुरा-1 | 13 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर



**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक: 319 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2024-25/ दिनांक: 13/06/2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री महेन्द्र पुत्र चन्द्रमौलि | श्री लक्ष्मीकान्त तिवारी पुत्र चन्द्रमौलि तिवारी | जुल्हैटी-1 | 15 | 528 | पंजीकृत दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर


# चलन में नहीं लेकिन परीक्षा शुल्क में चवन्नी-अठन्नी भी किए शामिल

**अमृत विचार पड़ताल**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- हाईस्कूल में 500.75 रुपये तो इंटर में 600.75 रुपये शुल्क रखा गया है

**अमृत विचार।** बाजारों में इन दिनों लोग एक-दो रुपये के सिक्के लेने से मना कर देते हैं लेकिन माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में फीस इस तरह से निर्धारित की है कि उसमें चवन्नी व अठन्नी भी देनी पड़ेगी। भारतीय मुद्रा की यह छोटी इकाई अब देखने तक को नहीं मिलती है। इसका एक ही रास्ता है कि निर्धारित से अधिक शुल्क जमा करें। यूपी बोर्ड ने कोषागार में जमा करने को हाईस्कूल संस्थागत परीक्षार्थी का जो शुल्क जारी किया है वह 500.75 रुपये है। हाईस्कूल क्रेडिट सिस्टम संस्थागत की फीस 200.75 रुपये है। दोनों ही तरह की फीस में 25-25 पैसे प्रधानाचार्य के प्रयोग के लिए शामिल हैं। इंटरमीडिएट में संस्थागत परीक्षार्थी का शुल्क 600 रुपये 25 पैसे रखा गया है। कृषि भाग एक व दो में भी इतना ही शुल्क निर्धारित है। दूसरी ओर हाईस्कूल व्यक्तिगत परीक्षार्थियों, क्रेडिट सिस्टम व विनियम के तहत अतिरिक्त विषय की परीक्षा के लिए अंकपत्र का शुल्क डेढ़-डेढ़ रुपये घोषित है। व्यक्तिगत में 50-50 पैसे प्रधानाचार्य के लिए शामिल हैं। यही हाल इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों में से संस्थागत व व्यक्तिगत के लिए भी है।

### आरबीआई, सरकार से बंद हो चुकी अठन्नी-चवन्नी

एक बैंक के जिम्मेदार ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) व भारत सरकार से भारतीय मुद्रा के लेने से कोई भी व्यक्ति या बैंककर्मी मना नहीं कर सकता है। एक रुपये का नोट या सिक्का भारत सरकार से जारी होता है। एक रुपये से अधिक की राशि आरबीआई से निकलती है। चवन्नी व अठन्नी लीगल टेंडर (चलन) नहीं रहे।

# वाहन की टक्कर से दो दोस्तों की मौत

**पैलानी।** पैलानी थाना के निवाइच गांव निवासी शिवा (18) पुत्र महावीर प्रसाद द्विवेदी मंगलवार की रात घर से अपने मामा रजनीकांत के घर गोखरही जाने को कह कर निकला था। वह अपने दोस्त अर्जुन उर्फ गोलू सिंह चंदेल (18) पुत्र रमेश निवासी पिपरहरी के साथ बाइक पर किसी अन्य दोस्त के जन्मदिन पार्टी में बिछवाही गांव चले गए। जहां से देर रात लौटते समय पपरेंदा-तिंदवारी मार्ग के बछेउरा मोड़ पर उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में शिवा की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसका साथी गोलू गंभीर रूप से घायल हो गया। पीएचसी तिंदवारी में गोलू को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# जच्चा-बच्चा की मौत, सड़क पर शव रख कर किया हंगामा

संवादादाता, माधौगढ़ जालौन

**अमृत विचार।** प्रसव के दौरान नवजात तथा बाद में प्रसूता की मौत हो गई। इस पर परिजनों ने निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाकर शव अस्पताल के पास सड़क पर रखकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के चितौरा गांव निवासी विक्रम सिंह ने अपनी 28 वर्षीय पत्नी उषा देवी को प्रसव के लिए 5 जुलाई को माधौगढ़ के निजी अस्पताल बालाजी में भर्ती कराया था। यहां उसी दिन प्रसव हुआ, जिसमें बच्चा मृत निकाला गया।

इसके बाद महिला की हालात में सुधार नहीं होने पर निजी अस्पताल की महिला चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया, परिजनों ने महिला को उरई के एक अन्य अस्पताल में भर्ती कराया, जहां महिला की हालत में सुधार न होने पर झांसी मेडिकल कालेज के लिए 9 जुलाई को रेफर किया गया। यहां इलाज दौरान बुधवार की रात महिला की मृत्यु हो गई। परिजन महिला का शव माधौगढ़ ले आए और शव को बीच सड़क में रखकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि शुरुआती समय ही महिला को सही इलाज मिला होतो तो जच्चा और बच्चा दोनों की जान बच जाती।

**अमृत विचार विशेष** | उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने तैयार किया लेआउट व नक्शा

# इत्र पार्क में बनेगा विश्वस्तरीय रेस्टोरेंट व गेमिंग जोन

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

**अमृत विचार।** इत्र पार्क में विश्वस्तरीय रेस्टोरेंट व गेमिंग जोन भी बनाया जाएगा, जिससे कि पर्यटक अधिक से अधिक आकर्षित हों। उनके ठहरने के लिए एक तीन सितारा गेस्ट हाउस व स्वीमिंग पूल भी बनाए जाने की योजना है। उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने इन सुविधाओं के लिए नक्शा और लेआउट तैयार कर लिया है। उसका एस्टीमेट बनाकर शासन से बजट की मांग की गई है। अधिकारियों का कहना है कि बजट मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

जिले के प्रमुख उत्पाद को विश्वस्तर पर पहचान देने के लिए सपा शासनकाल में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नींव रखी थी और इसके लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किनारे ठठिया कस्बे के निकट अलीपुर अहाना गांव में 100 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया था। इस इत्र पार्क में भूखंड खरीदने के बाद कारोबारी इत्र उत्पाद तैयार कर सकेंगे और विभिन्न देशों में इसका निर्यात भी कर सकेंगे। इत्र पार्क में 64 भूखंड बनाए गए हैं, जिनमें 24 का आवंटन भी कर दिया गया है। इन भूखंडों पर इत्र कारोबारी अपने कारखाने व शोरूम स्थापित कर सकेंगे। पार्क के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक कट भी प्रदान किया गया है, जिससे कि लखनऊ या आगरा की तरफ से आने वाले पर्यटकों को कोई दिक्कत न हो। यूपीसीडा के अधिकारियों ने बताया कि इत्र पार्क को विश्वस्तरीय आधुनिक स्वरूप देने के लिए यहां रेस्टोरेंट तथा तीन सितारा गेस्ट हाउस भी प्रस्तावित किया गया है। साथ ही बच्चों के लिए परफेक्ट गेमिंग जोन व स्वीमिंग पूल भी बनाये जाने की योजना है।




एक्सप्रेस-वे के किनारे निर्माणाधीन इत्र पार्क का भव्य प्रवेश द्वार। अमृत विचार




इत्र पार्क की बनाई गई ग्लोसाइन चहारदीवारी। अमृत विचार

### इत्र संग्रहालय पर भी विचार

उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की तरफ से इत्र पार्क में एक संग्रहालय बनाने की योजना पर भी मंथन चल रहा है। इस संग्रहालय में पुरातन विधि से इत्र बनाने के उपकरणों और बर्तनों सहित उससे जुड़ी कई चीजों को संग्रहीत किया जाएगा। एक फोटो गैलरी भी होगी, जिसमें इत्र कारोबार से जुड़े दुर्लभ चित्रों को प्रदर्शित किया जाएगा। यूपीसीडा के अधिकारियों का कहना है कि अभी संग्रहालय का प्रस्ताव नहीं किया गया है।



इत्र पार्क को विश्व स्तर का बनाने के लिए कई प्रस्ताव हैं, जिसमें रेस्टोरेंट व गेस्ट हाउस प्रमुख हैं। शासन से बजट की मांग की गई है। पहले भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है, इस माह पांच इत्र कारोबारियों ने रजिस्ट्री कराई है। इस साल दिसंबर तक पार्क को शुरू करने की योजना है। -मंसूर कटियार, क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीसीडा


**कार्यालय ग्राम पंचायत भाउपुर चौरासी विकास खंड- राजेपुर जनपद- फर्रुखाबाद**

पत्रांक- 01 प्रकाशन-2024-2025 दिनांक 10/07/2024

निर्माण आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-2025 भाऊपुर चौरासी की कार्ययोजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर समिग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 11.07.2024 से 17.07.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय मे निविदा विक्रय की जाएगी एवम् दिनांक 17.07.2024 को शाम 4 बजे निर्माण कार्य सीमित द्वारा निविदा खोली जाएगी।

| क्र0 | कार्य योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (रू0 में) | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | राज्य वित्त/ केंद्रीय वित्त | सीसी रोड से रमेश चंद्र के घर तक इंटर लॉकिंग कार्य | बिल ऑफ क्वांटिटी | 132803 | 2% | 100/ |

नियम व शर्तें - निविदादाता का का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफडीआर, एनएससी व चेक द्वारा ली जाएगी।

दीप्ती तिवारी
प्रधान

अशोक कुमार
सचिव ग्राम पंचायत

भाउपुर चौरासी विकास खंड -राजेपुर जनपद- फर्रुखाबाद

# जमीन हड़पने के मामले में एसडीएम समेत 5 निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार ने जिलाधिकारी को दिये एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

**अमृत विचार।** फिरोजाबाद के सिरसागंज तहसील में गलत तरीके से भूमि का विक्रय करने, संदिग्ध रूप से अपने करीबियों को जमीन दिलाने के मामले में कड़ा एक्शन लेते हुए राज्य सरकार ने उप जिलाधिकारी, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल और पेशकार को निलंबित कर दिया है। जांच के लिए गठित कमेटी की अनुशंसा के बाद यह कार्रवाई की गई है। शासन की ओर से डीएम को इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार के सतर्कता विभाग की ओर से इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच के भी निर्देश दिए गए हैं।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि उप जिलाधिकारी फिरोजाबाद विवेक राजपूत ने सिरसागंज तहसील में तैनाती के दौरान जून 2024 में ग्राम रुधैनी की जमीन से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए अवर न्यायालय द्वारा पारित आदेश को खारिज कर संदिग्ध रूप से आदेश पारित किया गया। आदेश के महज पांच दिन के अंदर अनियमित तरीके से पद का दुरुपयोग करते हुए भूमि अपने गृह जनपद के निवासियों व अन्य सगे संबंधियों को दिला दी गई। इस मामले में प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाते हुए प्रदेश शासन ने विवेक राजपूत को तत्कालीन प्रभाव से निलंबित कर दिया व विभागीय कार्रवाई की संस्तुति कर दी है। इसी प्रकार, प्रभारी तहसीलदार-नायब तहसीलदार नवीन कुमार पर भी पद का दुरुपयोग कर राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से जमीन हड़पने व सरकारी सेवक आचरण नियमावली के उल्लंघन पर कार्यालय राजस्व परिषद ने कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया।

लेखपाल अभिलाष सिंह को भी जमीन हड़पने व फसल बर्बादी के संबंध में की गई शिकायत की जांच में दोषी पाए जाने पर उपजिलाधिकारी द्वारा निलंबित किया गया और विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ एफआईआर के भी निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश के सतर्कता विभाग की ओर से उपजिलाधिकारी विवेक राजपूत, नायब तहसीलदार नवीन कुमार, राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह, लेखपाल अभिलाष सिंह और उपजिलाधिकारी के रीडर प्रमोद शाक्य की आय से अधिक संपत्ति की जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, शासन की ओर से इन सभी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ विधिक कार्रवाईकिए जाने की संस्तुति हुई।

# दोस्ती निभाने को तीन युवकों ने खाया जहरीला पदार्थ, एक की मौत

संवाददाता, बंडा (शाहजहांपुर)

- बंडा क्षेत्र के रहने वाले हैं युवक, पुलिस को घटना की जानकारी नहीं
- खेत पर टहलने गए थे, साथ साथ जीने-मरने की कसम के साथ खा लिया जहरीला पदार्थ

**अमृत विचार।** दोस्ती निभाने के लिए तीन युवकों ने जहरीला पदार्थ खा लिया। एक युवक ने दम तोड़ दिया। जबकि दो का पूरनपुर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में पुलिस को जानकारी नहीं दी गई।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव रनमस्तपुर बुजुर्ग के मजरा मानपुर गौंटिया निवासी तीन युवकों में घनिष्ठ दोस्ती थी। तीनों एक साथ जीने-मरने की कसमें खाया करते थे। मंगलवार शाम तीनों युवक खेतों की ओर टहलने गए। जहां कुछ ऐसा हुआ कि दोस्ती की कसम खाते हुए तीनों ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। गांव के एक युवक ने तीनों को बेसुध देखा तो परिजनों को सूचना दी। एक युवक के परिजन उसे बंडा सीएचसी ले गए जहां डॉक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन परिजन उसे पीलीभीत के निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दो युवकों को पूरनपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बंडा थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी।

# बारिश का बदला पैटर्न, प्रदेश में भारी बारिश के बन रहे आसार

## विशेषज्ञ बोले : पर्यावरण परिवर्तन से अचानक हो रहा परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मौसम के पैटर्न में तेजी से बदलाव आया है। इसका असर शुरुआती बारिश में देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, दो दशक बाद बारिश की मात्रा में बढ़ोतरी हुई है। पर्यावरणविद् इसको लेकर जलवायु परिवर्तन बता रहे हैं।

अमौसी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि जुलाई के दस दिनों में लखनऊ सहित आसपास जनपदों में 60 फीसदी से अधिक बारिश हो चुकी है। दो दशक पूर्व जो बारिश का औसत बीस दिनों में आता था, वो इस दस दिनों के भीतर ही रिकार्ड किया गया है। आसपास जनपदों में तो बारिश की प्रतिशतता 200-400 फीसद तक पहुंच चुकी है। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक, मॉनसून ट्रफ के आने से बारिश अच्छी हो रही है। इसके बाद शुक्रवार को मध्यम से तेज बारिश के आसार हैं। आने वाले तीन दिनों में भारी बारिश के आसार हैं।

**प्रदेश के 18 जनपदों में 60 - 80 तक हुई बारिश:** मौसम अनुसंधान केंद्र के मुताबिक, प्रदेश के पूर्वी हिस्से में जुलाई माह के इन दस दिनों में 59.1 फीसद बारिश हो चुकी है। मध्य क्षेत्र में ये आंकड़ा 50.2 प्रतिशत तक पहुंचा है। लखनऊ और आसपास क्षेत्रों में मानसून सीजन में अब तक 319.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है, जो सामान्य का 44.8 प्रतिशत है।

**इन जनपदों में हुई सामान्य से अधिक वर्षा:** बरेली जनपद में 538 फीसद वर्षा रिकार्ड की गई। बाराबंकी 228 फीसद रही। गोरखपुर 246 फीसद, शाहजहांपुर 213 फीसद, मुरादाबाद 250 फीसद, पीलीभीत 264 फीसद, एटा 268 फीसद, बलिया 233 में फीसद और बिजनौर में 185 फीसद वर्षा रिकार्ड की गई है।

### ग्रीन हाउस गैसों के प्रभाव से बिगड़ रहा संतुलन

- शासन द्वारा बनी गंगा समिति के सदस्य और वरिष्ठ पर्यावरणविद् डॉ. वेंकटेश दत्ता ने बताया कि वातावरण में घुलने वाली कार्बन डाइ ऑक्साइड, मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड गैसें वाहन, कल कारखाने सहित अन्य स्रोतों से निकलकर वायुमण्डल में एक परत बना रही है। जिसके कारण धरती का तापमान बढ़ा है। वर्ष 2023-24 में तापमान में हुई बढ़ोतरी इसका बड़ा कारण है। थिंक टैंक काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर की एक रिपोर्ट के मुताबिक दो दशक बाद बारिश में इन दस दिनों में कई गुना बढ़ोतरी हुई है।

### बदलाव को रोकने के लिए वृक्ष रहेंगे कारगर

- पर्यावरण संतुलन पर लंबे समय से शोध कर रहे बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. नवीन अरोड़ा का कहना है कि माइक्रो-एनालिसिस के माध्यम से डिकोडिंग इंडियाज चेंजिंग मॉनसून पैटर्न की रिपोर्ट तैयार की गई है। इसमें वर्ष 1982-2023 के मध्य हुई बारिश को आधार बनाया गया है। पता चला है कि पिछले 10 साल में मॉनसून पैटर्न में अनियमित बदलाव आया है, जियकी मुख्य वजह जलवायु परिवर्तन है। इस असंतुलन को रोकने के लिए केवल एक मात्र उपाय पेड़ों की संख्या को बढ़ाना कारगर रहेगा।

### रामगंगा का जलस्तर 160.980 मीटर

**बरेली।** बारिश की वजह से रामगंगा का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। इससे आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बुधवार शाम 4 बजे तक रामगंगा का जलस्तर 160.980 मीटर था। 161 के बाद खतरा बढ़ जाएगा। बाढ़ खंड विभाग के अफसरों ने बाढ़ चौकियों और सुरक्षा समितियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। 161 मीटर जलस्तर पहुंचने पर रामगंगा के आसपास के खेतों में पानी भर जाएगा। नदी का पानी आबादी क्षेत्र में भी पहुंच सकता है। हालांकि, अभी रामगंगा में मिलने वाली खो और कोसी नदी में पानी डिस्चार्ज नहीं किया गया है। नदी में आसपास के क्षेत्रों में रुका बरसात का पानी पहुंच रहा है।

### प्रदेश में लखनऊ रहा सबसे गर्म

प्रदेश में लखनऊ सबसे रहा सबसे गर्मप्रदेश में लखनऊ का दिन का तापमान सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 28.4 रहा। दूसरे स्थान पर वाराणसी रहा, यहां दिन का तापमान 37.8 रहा। वहीं न्यूनतम पारा 27.6 रिकार्ड किया गया। कानपुर में अधिकतम 37.6 और न्यूनतम 29.9 रहा। बाराबंकी 35.5 और 26.4 रहा। हरदोई 34 और 29.5 रहा। बलिया 34.5 और 27 रहा। वहीं मेरठ का अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम 26.2 रिकार्ड किया गया।

### वाराणसी में सबसे अधिक वर्षा

24 घण्टे के भीतर वाराणसी में 60 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। दूसरे स्थान पर कानपुर रहा, यहां 35.3 मिमी वर्षा हुई। बाराबंकी में 14, लखनऊ में 10.4 और हरदोई में 2 एमएम वर्षा रिकार्ड की गई। बलिया में 16 और मेरठ में वर्षा का औसत 6.2 रहा।

### यहां बहुत भारी बारिश की संभावना

लखीमपुर खीरी, सीतापुर, गोरखपुर, देवरिया, संतकबीरनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर।

**बिजली गिरने की संभावना :** सीतापुर, बरेली, बस्ती, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदांयू, संभल, प्रयागराज, कौशांबी।

# पहली बार खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा

संवाददाता, दिल्ली

- पिछले 10 वर्षों में उत्पादन में 315 फीसद एवं बिक्री में 400 फीसद की वृद्धि
- 10 वर्षों में नए रोजगार सृजन करने के क्षेत्र में 81 फीसद की ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी



**अमृत विचार।** पहली बार खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार गया है। पिछले 10 वर्षों में उत्पादन में 315 फीसद एवं बिक्री में 400 फीसद की वृद्धि हुई है। 10 वर्षों में नए रोजगार सृजन करने के क्षेत्र में 81 फीसद की ऐतिहासिक बढ़ोत्तरी हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 में उत्पादन, बिक्री और नए रोजगार सृजन का नया रिकॉर्ड बनाया है। केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने नई दिल्ली के राजघाट स्थित कार्यालय में वित्त वर्ष 2023-24 के अनंतिम आंकड़े जारी किये हैं। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी ने खादी की बिक्री को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। पिछले सभी आंकड़ों को पीछे छोड़ते हुए वित्त वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 399.69 फीसद (लगभग 400 फीसद), उत्पादन में 314.79 फीसद (लगभग 315 फीसद) और नए रोजगार सृजन में 80.96 फीसद (लगभग 81 फीसद) की बढ़ोत्तरी हुई है। केवीआईसी के इस शानदार प्रदर्शन ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प साकार करने और भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार केवीआईसी के उत्पादन की बिक्री वर्ष 2023-24 में 1.55 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई है। उन्होंने कहा आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि मेक इन इंडिया, वोकल फार लोकल और स्वदेशी उत्पादों पर देश की जनता का भरोसा बढ़ा है।

# बिजली की चपेट में आने से तीन की मौत

**प्रयागराज।** बुधवार को हंडिया क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। घटना से गांव के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

हंडिया के विझमनिया जरांव निवासी नागेश्वर बिंद (45) घर के पास धान की रोपाई कर रहा था। उसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरु हो गई। उसी समय आकाशीय बिजली गिर गई। वह उसकी चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक गांव में ही जनरल स्टोर चलता था। घर पर ही रहकर खेती किसानी भी करता था। इसी प्रकार मिश्री गांव की सुमन देवी (40) व श्वेता (17) अपने-अपने खेतों में धान की रोपाई कर रही थीं। उसी बीच अचानक दोनों आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई।

# 75 हजार के इनामी को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली समेत कई प्रदेश में आरोपी पर दर्ज हैं ठगी के 39 मुकदमे
- रुपये दोगुना करने का झांसा देकर लोगों के साथ करता था ठगी

**अमृत विचार :** बरेली समेत कई प्रदेश के लोगों के साथ करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले 75 हजार रुपये के इनामी ग्राम ततारगंज थाना घूरपुर प्रयागराज के रहने वाले ज्ञानेश पाठक को स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने बुधवार को महाराष्ट्र के शहर नागपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर कोतवाली, किला थाना में पांच-पांच ठगी के मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी पर बरेली पुलिस ने 25 हजार और उत्तराखंड पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

एसटीएफ की फील्ड इकाई प्रयागराज की टीम काफी समय से आरोपी की तलाश कर रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपाधीक्षक शैलेश प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में एक टीम गठित की गई। टीम को सूचना मिली कि आरोपी ज्ञानेश महाराष्ट्र के नागपुर क्षेत्र में है। टीम ने बुधवार को आरोपी को नागपुर में इंद्रप्रस्थ नगर स्थित साई मंदिर के पास उसे गिरफ्तार कर लिया। टीम के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह लोगों से धोखाधड़ी और ठगी करने का एक गिरोह चलाता है।

उसके गिरोह में आठ लोग शामिल हैं। उसने 2012 में साथियों के साथ मिल कर जेकेवी मल्टीस्टेट क्रेडिट कोआपरेटिव सोसायटी लिमिटेड और जेकेवी रियल स्टेट डेवलपर लिमिटेड के नाम से कंपनी खोली थी। जिसका कार्यालय लखनऊ में बनाया और खुद सोसायटी का अध्यक्ष बना। आरोपी और उसके साथियों ने धन को दोगुना करने का झांसा देकर लोगों के लाखों रुपये जमा कराए। सोसायटी की प्रदेश के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार आदि राज्यों में सौ से अधिक शाखाएं थीं। वर्ष 2018-19 में व्यक्तियों के रुपये का भुगतान करीब 20 से 25 करोड़ किया, लेकिन, वर्ष 2019-20 से सोसायटी के किसी भी सदस्यों का भुगतान नहीं किया गया और उनका पैसा गबन कर लिया गया। उसके साथ उसके साथी और वह रुपये लेकर फरार हो गए। प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य राज्यों में विभिन्न जिलों में 39 ठगी के मुकदमे दर्ज हैं।

# उमेशपाल हत्याकांड: विजय मिश्रा हिस्ट्रीशीटर घोषित

संवाददाता, प्रयागराज

- हत्या से पहले असद को मिली थी लोकेशन
- अतीक - अशरफ का वकील रहा है विजय मिश्रा

**अमृत विचार:** राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह रहे अधिवक्ता उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों की हत्या के मामले में एक और चार्ज शीट खोली गई है। इस हत्याकांड के छठवे आरोपी की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

माफिया अतीक अहमद व अशरफ के वकील रहे विजय मिश्रा को पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर घोषित कर दिया। इस समय विजय मिश्रा नैनी जेल में बंद है। उस पर आरोप है कि वह भी उमेश पाल हत्याक़ांड की साजिश में शामिल रहा है। उसपर यह भी आरोप है कि उमेश पाल जब कचेहरी से घर के लिए निकला तो उसकी लोकेशन अशरफ और असद को दी गई थी। इसका खुलासा खान सौलत हनीफ ने किया था। विजय को खान सौलत हनीफ की ही तरह 'बी' श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया है।

# सीसीटीवी फुटेज न दिखाने पर पुजारी की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली/बहेड़ी

- बहेड़ी क्षेत्र के गांव भूड़ा बहादुरपुर की घटना, तीन भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** बहेड़ी क्षेत्र के गांव भूड़ा बहादुरपुर में मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज न दिखाने पर दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ। दोनों पक्षों की ओर से पथराव किया गया और बुजुर्ग पुजारी की सीने में ईंट लगने से मौत हो गई।

गांव के प्राचीन शिव मंदिर में पुजारी गुरु चरनदास पूजा पाठ करते थे। मंदिर में गांव के ही 70 वर्षीय भूपराम भी पूजा पाठ करते थे। कुछ समय पहले गुरु चरनदास मंदिर छोड़कर चले गए। उसके बाद भूपराम ही मंदिर में पूजा-पाठ करने लगे। कुछ लोगों को लगा कि मंदिर में आने वाला चढ़ावा भूपराम अपने पास रख रहे हैं। इस पर गांव के ही प्रीतमराम के बेटे कपिल ने मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। आरोप है कि कपिल ने भूपराम से कैमरे लगाने के पैसे मांगे। मंगलवार को मंदिर से कुर्सियां चोरी होने पर सीसीटीवी फुटेज दिखाने को लेकर भूपराम के बेटे गौरीशंकर की कपिल से कहासुनी हो गई थी। बुधवार सुबह भूपराम के घर के सामने से कपिल गालियां देते हुए जा रहा था। इसका विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। एक पक्ष से भूपराम के बेटे गौरी शंकर और सर्वेश और दूसरे पक्ष से प्रीतमराम, कपिल और उसका भाई अनिल आ गए। दोनों तरफ से ईंट-पत्थर चलने लगे। आरोप है कि एक ईंट भूपराम के सीने में लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए अस्पताल भेजा लेकिन भूपराम की मौत हो गई।

> बुजुर्ग की हत्या के मामले में तीन आरोपियों पर हत्या समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> – मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी

### दुकान पर लाठी-डंडे लेकर पहुंचे आरोपी

भूपराम के बेटे गौरीशंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार को गांव के मंदिर पर कपिल ने सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। मंदिर से कुछ कुर्सियां चोरी हो गई थीं तो उन्होंने कपिल से कैमरे की फुटेज दिखाने को कहा था लेकिन उसने इन्कार कर दिया था। इस दौरान दोनों में कहासुनी हो गई थी। बुधवार सुबह 8 बजे उनका भतीजा दीपक दुकान खोल रहा था कि तभी कपिल, रवि और अनिल अपने हाथों में लाठी-डंडे लेकर आए और गालीगलौज करने लगे। दीपक और उनके पिता भूपराम ने विरोध किया तो सभी ने लाठी-डंडों से पिटाई करते हुए ईंटों से मारना शुरू कर दिया। सभी ने भूपराम के सिर और सीने में ईंटों से हमला कर गला दबाकर हत्या कर दी। उन्होंने बचाने का प्रयास किया तो उनकी पिटाई भी कर दी।

# पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह के मामले में बहस 19 को

संवाददाता, सुलतानपुर

- आचार संहिता उल्लंघन के आरोपी हैं पूर्व मंत्री

**अमृत विचार:** पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने अभियोजन की तरफ से बहस पूरी की। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने बचाव पक्ष की बहस के लिए 19 जुलाई की तारीख नियत की है। विशेष लोक अभियोजन के मुताबिक मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मोतिगरपुर थाने के उप-निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

आस्था | हल्द्वानी के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी की निवासी हैं 21 वर्षीय हर्षिका

# कान्हा के लिए 15 वर्ष रखा करवाचौथ उन्हीं के साथ लेंगी फेरे

भूपेश कन्नौजिया, हल्द्वानी



बहन हर्षिका को संगीत कार्यक्रम में लाते भाई।

**अमृत विचार।** कहते हैं अगर किसी चीज को दिल से चाहो तो पूरी कायनात उसे तुमसे मिलाने में लग जाती है पर हल्द्वानी की हर्षिका की कहानी थोड़ी अलग है। यहां उसे प्यार भी हुआ तो सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीकृष्ण से। गुरुवार को उसकी शादी उसी पालनहार से है।

हल्द्वानी के प्रेमपुर लोश्ज्ञानी से सटे इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी पूरन चंद्र पंत की 21 वर्षीय पुत्री हर्षिका बचपन से दिव्यांग है। उसके शरीर का निचला हिस्सा काम नहीं करता है। अपने दैनिक कार्यों के लिए उसे दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। भगवान श्रीकृष्ण को दिल से अपना सर्वस्व मान चुकी हर्षिका वृंदावन से लाई गई श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ सात जन्मों तक साथ रहने की कसमें और वायदों के साथ अपनी मांग में कान्हा के नाम का सिंदूर धारण करेगी। यह पूछने पर की क्या तुम कान्हा की दुल्हन हो, बिना जुबान खोले उसकी आंखें ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आगाध प्रेम दर्शा देती हैं। बुधवार को मोहल्ले में डीजे बज रहा था। महिलाएं ढोलक की थाप पर मंगल गीत गा रही थीं। एक तरफ मेहंदी की तैयारियां चल रहीं थीं और दूसरी तरफ हर्षिका अपने प्रभु से मिलन की आस में सकुचाई बैठी थी। वह पिछले 15 वर्षों से भगवान श्रीकृष्ण को अपने हृदय में संजोए बैठी है। आज (गुरुवार) शादी है पर वो विदा होकर अपने ससुराल (वृंदावन) नहीं जाएगी, बल्कि घर वाले भगवान श्रीकृष्ण को घर जमाई बनाने जा रहे हैं।

**आज पिता करेंगे भगवान को कन्यादान:** हर्षिका के पिता पूरन को पैरालायसिस है। परिवार मूलरूप से बागेश्वर का रहने वाला है। वर्ष 2021 में हल्द्वानी आकर बस गए। आज पिता अपनी बेटी का कन्यादान करेगा, भाई बहन को डोली पर बैठाएगा और पूरा मोहल्ला बारात लेकर घर पहुंचेगा।

### बंद कमरे में करती है कान्हा से बात

- मां मीनाक्षी पंत बताती हैं कि बचपन से ही हर्षिका में भगवान श्रीकृष्ण को लेकर प्रेमभाव है। वह बंद कमरे में मूर्ति के साथ बात करती है, रोती है हंसती है और पूछने पर टालमटोल कर जाती है। कक्षा पांच तक पढ़ी हर्षिका को हिंदी, अंग्रेजी का ज्ञान है, वह टैक्नोलॉजी का भी इस्तेमाल कर लेती है। मगर उसे एक ही चीज नागवार गुजरती है और वो है श्रीकृष्ण के साथ राधा का नाम। जब कोई राधा-कृष्ण का नाम साथ लेता है तो वह गुस्सा हो जाती है। उसने अपनी शादी के लिए वृदांवन जाकर खरीदारी की। वहां से श्रीकृष्ण के श्रृंगार के सामान के साथ अपने श्रृंगार का सामान भी खरीदा।

### बोले पंडित जी...ये प्रेम है, समर्पण है, शादी ऐतिहासिक होगी

- इस कलयुग में प्रेम, समर्पण, त्याग, बलिदान जैसी बातें किताबी हो चली हैं पर इस खास शादी को कराने का मौका मिल रहा है तो अपने को धन्य समझ रहा हूं। यकीन हो गया कि आज भी प्रेम की कोई सीमा नहीं। यह कहना है पंडित चंद्रशेखर तिवारी का जो इस शादी को अपने सहयोगी पंडित मनोज जोशी के साथ पूर्ण कराएंगे। उनका मानना है कि ईश्वर ने उन्हें इस कार्य के लिए चुना है तो इसमें उनका भी कल्याण निश्चितरूपसे होगा।

# जुड़वा बच्चियों के जन्म से नाराज पिता ने की दोनों की हत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- बेटे की चाह में उठाया अमानवीय कदम, पुलिस ने किया गिरफ्तार
- पत्नी को बताया कि बीमारी की वजह से हो गई बच्चियों की मौत



**अमृत विचार।** बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बेटे की चाह रखने वाले 32 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी तीन दिन की जुड़वा बच्चियों की कथित तौर पर हत्या कर दी और उन्हें अपने घर के पास दफना दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी नीरज सोलंकी को हरियाणा के रोहतक से गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने बताया कि स्थानीय लोगों को पूठ कलां गांव के पास एक अस्थायी श्मशान घाट परिसर में शिशुओं के शव मिले।

उन्होंने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक सोलंकी ने तीन जून को अपनी बेटियों की हत्या कर दी थी। गोयल ने कहा कि अदालत से अनुमति मिलने के बाद शवों को पांच जून को बाहर निकाला गया और मंगोलपुरी स्थित एसजीएम अस्पताल के मुर्दाघर में रखा गया। डीसीपी ने बताया कि सोलंकी ने कथित तौर पर अपनी तीन दिन की बेटियों को इसलिए मार डाला क्योंकि वह बेटा चाहता था।

बच्चियों का जन्म हरियाणा में एक निजी अस्पताल में हुआ था। गोयल ने बताया कि सोलंकी अपनी पत्नी से यह झूठ बोल कर बच्चियों को दिल्ली लाया था कि किसी बीमारी की वजह से उन्हें बचाया नहीं जा सका।

दिल्ली लाने के बाद उसने बच्चियों को मारकर दफना दिया। डीसीपी ने बताया कि आरोपी फरार था और शुरू में सोलंकी के पिता को पकड़ा गया जिसने बताया कि बेटियों के जन्म से वह खुश नहीं था। उन्होंने बताया कि पोस्ट मार्टम के बाद बच्चियों के शव उनकी मां को सौंप दिए गए। सोलंकी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## एक नजर

### मरीजों को घर पर ही मिलेंगी होमकेयर सेवाएं

अमृत विचार,लखनऊ : मैक्स एट होम ने राजधानी में अपनी सेवाएं शुरू कर दी। इसके बाद मरीजों को किसी भी प्रकार की दिक्कत या इलाज की सुविधा घर पर ही उपलब्ध होंगी। इसका उद्देश्य लखनऊ वासियों को उच्च गुणवत्ता वाली, व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करना है।गोमती नगर स्तिथ मैक्स सहारा हास्पिटल में बुधवार को होमकेयर सेवाओं का उद्घाटन करते हुए डॉ. संदीप बुद्धिराजा ने कहा, "मैक्स एट होम का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों को अच्छी और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है।

### रात में खिलाएं फाइलेरिया बचाव की दवा

अमृत विचार,लखनऊ : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन( एनएचएम ) की मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोवेल ने कहा की फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी को दवा खिलाना है, यदि दिन में लोग नहीं मिल रहे तो रात में दवा खिलाये इसके लिए आशा के साथ कोई पुरुष वर्कर रखा जाए। साथ ही सभी डेटा ई-कवच पर दर्ज किया जाए, इसे आशा मॉडुल में भी जोड़ा गया है। एनएचएम निदेशक, बुधवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबोधित कर रही थी।

### पर्यटकों के लिए शुरू होगी होम-स्टे योजना

अमृत विचार,लखनऊ : पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामवासियों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए पर्यटकों को गांवों में भ्रमण कराया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग, हर पर्यटक गांव में होम-स्टे जैसी योजना पर कार्य कर रहा है। प्रथम चरण में 229 गांवों को पर्यटन गांवों के रूप में विकसित किया जायेगा।पर्यटन मंत्री ने बुधवार को बताया कि पर्यटन सेक्टर को गांवों तक ले जाया जाएगा। चयनित गांवों में ठहरने के लिए उत्तम व्यवस्था की जा रही है। हर पर्यटक गांव में होम-स्टे बनाये जा रहे हैं।

# ई-कोर्ट से गैरहाजिर पर एक तरफा होगा फैसला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेरा ने लंबित मामलों पर बिल्डर व आवंटी को दिया अंतिम मौका
- लखनऊ व गौतमबुद्ध नगर की शिकायतों पर होगी सुनवाई

**अमृत विचार :** उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) लखनऊ व गौतमबुद्ध नगर के लंबित 42 मामलों की सुनवाई ऑनलाइन करेगा। सुनवाई में शामिल होने के लिए आवंटियों व बिल्डरों को आखिरी मौका दिया है। इनके उपस्थित न होने पर एकतरफ फैसला सुनाया जाएगा।

रेरा के ई-कोर्ट में घर खरीदारों की लखनऊ में 23 व गौतमबुद्ध नगर में 19 शिकायतें लंबित हैं। सुनवाई के दौरान किसी में आवंटी तो किसी में बिल्डर उपस्थित नहीं होते हैं। इस वजह से मामलों का समाधान नहीं हो पा रहा है। ऐसे में रेरा ने संबंधित आंवटियों और बिल्डरों को सुनवाई का अंतिम मौका दिया। जिन्हें सार्वजनिक सूचना जारी करके हरहाल में ऑनलाइन सुनवाई में उपस्थित होने को कहा है और जुड़ने के लिए ई-मेल व रजिस्टर मोबाइल नंबरों पर लिंक भेजा है। इसके बाद भी सुनवाई में उपस्थित नहीं होते हैं तो रेरा अधिनियम के प्रावधानों के तहत एकतरफा फैसला देगा।

**लखनऊ में बिल्डरों की परियोजनाएं**

रोहटल प्रोजेक्ट्स, शामियाह इंटरनेशनल बिल्डर्स, अलावाह कन्स्ट्रक्शन्स, अर्थ इन्फ्रस्ट्रक्चर्स, गृह वाटिका होम्स, आइकोनिक इंफरवेंचर, यूनीवर्ल्ड बिल्डर्स, वन प्लस इन्फ्रस्ट्रक्चर्स, प्रत्यक्ष इंफ्रा डेवलपर्स, प्रापलरिटी इंफ्रास्ट्रक्चर, शाइनसिटी शॉपर्स, अलाया कन्स्ट्रक्शन्स।

**गौतमबुद्ध नगर के ये बिल्डर**

प्रापलरिटी इंफ्राटेक, एयरविल स्मार्ट सिटी, अर्थकॉन इंफ्राकॉन, एमएसएक्स रियलटर्स, सुपरसोनिक इंटेरटेन्मेंट, आधार इंफ्राटेक, कॉस्मिक स्ट्रक्चर्स, न्यू ओखला इन्डस्ट्रीअल डेवलपमेंट अर्थॉरिटी, एच 2 ओ कन्स्ट्रक्शन्स, ओम रियल्टी कन्स्ट्रक्शन्स।

## आलोक रंजन के 383 डॉलर खाते से कटे, एफआईआर

**अमृत विचार,लखनऊः** पूर्व आईएएस अधिकारी आलोक रंजन के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़े एक एफआईआर गोमतीनगर थाने में दर्ज हुआ है।

उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि उनके एसबीआई क्रेडिट कार्ड से बिना उनको सूचना दिए 383 यूएस डालर काट लिए गए। यह धनराशि किसने और क्यों काटी इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में उनके साथ फ्राड किया गया है। एसएचओ ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# चयनित शिक्षक 19 को पाएंगे मेडिकल कॉलेजों में तैनाती

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** अंबेडकरनगर, आजमगढ़ समेत प्रदेश के सात राजकीय मेडिकल कॉलेजों में, उप्र. लोकसेवा आयोग द्वारा चयनित शिक्षकों की नियुक्ति होनी है। बतौर सहायक आचार्य के पद नियुक्त होने वाले अभ्यर्थियों को कॉलेज आवंटित करने के लिए 19 जुलाई को चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय, जवाहर भवन में आयोजित की जाएगी।

यह जानकारी देते हुए चिकित्सा शिक्षा विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि अंबेडकरनगर, आजमगढ़, जालौन, कन्नौज, सहारनपुर, बांदा और बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेजों में भर्ती के लिए अधियाचन भेजा गया था। चयनित शिक्षकों की सूची सार्वजनिक हो चुकी है, सभी को कॉलेज आवंटन के लिए काउंसलिंग में बुलाया गया है।

# दो विधायकों समेत 19 आरोपियों को 26 तक करें गिरफ्तार

## विशेष न्यायाधीश ने गिरोह बंद अधिनियम के तहत दिया आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ



- जखनिया विधायक बेदी राम और ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे पर कार्रवाई के आदेश
- आरोपियों के पास से रेलवे भर्ती ग्रुप डी संबंधित प्रश्न पत्र हुआ था बरामद

**अमृत विचार :** गिरोह बंद अधिनियम के एक मामले में गाजीपुर के जखनिया विधायक बेदी राम और भदोही के ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे सहित 19 आरोपियों के हाजिर न होने पर अदालत ने पुलिस को 26 जुलाई तक उनकी गिरफ्तारी का वारंट की तामील करने के आदेश दिए।

गिरोह बंद अधिनियम के विशेष न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने कहा है कि अभियुक्त शिव बहादुर सिंह, दीनदयाल, संजय श्रीवास्तव, बेदी राम ,अवधेश सिंह के अलावा पूर्व से अनुपस्थित चल रहे विधायक विपुल दुबे, कृष्ण कुमार, मनोज कुमार मौर्य, शैलेश कुमार सिंह, रामकृपाल सिंह, भद्रमणि त्रिपाठी, आनंद कुमार सिंह, कृष्णकांत ,धर्मेंद्र कुमार, रमेश चंद्र पटेल ,मोहम्मद असलम ,सुनील कुमार एवं अख्तर हुसैन को गिरफ्तारी वारंट के माध्यम से तलब किया जाता है। अदालत ने इंस्पेक्टर कृष्णा नगर को आदेश दिया है कि वह अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें । इसी के साथ-साथ अदालत ने आरोपियों के जमानतदारों को नोटिस भी जारी किया है। अदालत ने कहा है कि आगामी 26 जुलाई को सभी आरोपियों के हाजिर होने पर आरोप तय किए जाएंगे। विशेष अधिवक्ता लक्ष्मण प्रसाद दीक्षित के अनुसार, 26 फरवरी 2006 को तत्कालीन एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडे एवं उनकी टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था।पुलिस ने दावा किया था कि आरोपियों के पास से रेलवे भर्ती ग्रुप डी के 26 फरवरी 2006 की परीक्षा से संबंधित प्रश्न पत्र के अलावा कई वाहन बरामद हुए थे।

## हाथरस कांड पर एसआईटी की रिपोर्ट राजनीति से प्रेरित : मायावती

**अमृत विचार,लखनऊः** बसपा सुप्रीमो मायावती ने हाथरस में सत्संग भगदड़ कांड पर एसआईटी द्वारा सरकार को पेश की गई रिपोर्ट को राजनीति से प्रेरित बताया है। उन्होंने कहा कि निर्दोष महिलाओं व बच्चों आदि की दर्दनाक मौत सरकारी लापरवाही काजीता जागता प्रमाण है, बावजूद घटना को गंभीरता से नहीं लिया गया।

बसपा प्रमुख ने बुधवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर एसआईटी की रिपोर्ट पर दुःखद बताते हुए कहा, एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट में मुख्य आयोजक भोले बाबा की भूमिका पर खामोशी साध ली, जो कि चिंताओं का कारण है। उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के बजाए उसे क्लीनचिट देने का प्रयास किया गया है। सरकार जरूर ध्यान दे ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# विजय माल्या और नीरव मोदी के बाद अब राशिद नसीम पर लगेगा एफईओए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



आरोपी राशिद नसीम।

- यूपी मे भगौड़े आर्थिक अपराधी के खिलाफ पहली बार हो रही कार्यवाई
- ईडी ने शुरू की तैयारी, 1000 करोड़ की धोखाधड़ी का कथित सरगना है आरोपी

**अमृत विचारः** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) 1000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के कथित सरगना, शाइन सिटी ग्रुप के चेयरमैन राशिद नसीम के खिलाफ भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम (एफईओए), 2018 के तहत मामला दर्ज कर सकता है।

बता दें कि एफईओए, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत गठित किसी भी विशेष अदालत को उन आर्थिक अपराधियों की सभी संपत्तियों और परिसंपत्तियों को जब्त करने का अधिकार देता है, जिन पर 100 करोड़ रुपये से अधिक के अपराधों में आरोप हैं और जो भारतीय अदालतों के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहकर अभियोजन से बच रहे हैं।

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार है जब यूपी में किसी भगोड़े आर्थिक अपराधी के खिलाफ यह अधिनियम लगाया जाएगा। शराब कारोबारी विजय माल्या और हीरा व्यापारी नीरव मोदी के खिलाफ यह अधिनियम लगाया गया था, जो सैकड़ों करोड़ रुपये के बैंक ऋण को चुकाने में चूक करने के बाद देश छोड़कर भाग गए थे।

ईडी की जांच से पता चला कि अपराध की आय उनके और उनके करीबी व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित विभिन्न अन्य कंपनियों को हस्तांतरित की गई थी। ईडी की जांच में अब तक 128 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई है।

उन्होंने कहा कि ईडी जल्द ही लखनऊ की विशेष पीएमएलए अदालत में एफईओए के तहत एक आवेदन दायर करेगी, जिसके बाद अदालत उन्हें घोषित भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित कर सकती है। इससे पहले, ईडी ने शाइन सिटी घोटाले से संबंधित एक मामले में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत जांच के सिलसिले में आसिफ नसीम (राशिद के भाई), अमिताभ कुमार श्रीवास्तव और मीरा श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने शाइन सिटी धोखाधड़ी मामले में राशिद नसीम, उनके छोटे भाई आसिफ और शाइन सिटी ग्रुप के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज लगभग 250 एफआईआर के आधार पर पीएमएलए अधिनियम के तहत जांच शुरू की थी, जिसमें उन्होंने जनता से लगभग 800-1000 करोड़ एकत्र किए थे। ईडी की जांच से पता चला कि अपराध की आय उनके और उनके करीबी व्यक्तियों द्वारा नियंत्रित विभिन्न अन्य कंपनियों को हस्तांतरित की गई थी। ईडी की जांच में अब तक 128 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई है।

# आम महोत्सव में दिखेंगे 800 से अधिक किस्म के आम

राज्य ब्यूरो,लखनऊ




जानकारी देते मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

- मुख्यमंत्री कल महोत्सव की करेंगे शुरुआत

**अमृत विचारः** विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजधानी में 12 जुलाई शुक्रवार को तीन दिवसीय आम महोत्सव की शुरुआत करेंगे। प्रदर्शनी में विशेष आकर्षण के रूप में 120 से अधिक किस्म के आम होंगे। साथ ही लगभग 800 से अधिक आम की प्रजातियां महोत्सव में देखने को मिलेगी।

उद्यान राज्य मंत्री बुधवार को अपने सरकारी आवास पर प्रेस कान्फ्रेंस सम्बोधित कर रहें थे। उन्होंने बताया कि आम महोत्सव में करीब 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे। आम से बने विभिन्न पकवान एवं व्यंजन भी प्रदर्शित किये जायेंगे, साथ ही प्रतिभागियों द्वारा तैयार आम के पकवानों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उद्यान मंत्री ने बताया कि आम उत्पादन में स्वरोजगार के साथ ही आमदनी की भरपूर सम्भावनाएं हैं। आम उत्पादकों के लिए पैकहाउस से लेकर निर्यातकों, खुदरा व्यापारियों और रेस्टोरेन्ट को एक मंच पर लाकर आम की बिक्री और खपत बढ़ाने का कार्य किया है। दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में 3.20 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगभग 58 लाख मीट्रिक टन से अधिक आम उत्पादित होता हैं।

# नीट पीजी काउंसिलिंग में शामिल होने के लिए इंटर्नशिप जरूरी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य के चिकित्सा संस्थान व राजकीय मेडिकल कॉलेजों में परास्नातक पाठ्यक्रम( पीजी ) में दाखिले के लिए राज्य स्तर पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। आरक्षण के नियमों का अनुपालन करते हुए पीजी सीटों पर दाखिले लिए जाएंगे। यह दिशा- निर्देश चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिए गए हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा द्वारा मंगलवार को जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि, नीट पीजी2024 की मेरिट लिस्ट में शामिल राजकीय सेवा में कार्यरत अर्थात पीएमएचएस संवर्ग के एमबीबीएस चिकित्सकों को नियमानुसार भारांक देकर, स्टेट की मेरिट सूची में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चिकित्सा संस्थान व राजकीय मेडिकल कॉलेजों में, एमडी, एमएस, डिप्लोमा, व डीएनबी में दाखिला लेने के लिए नीट पीजी 2024 काउंसिलिंग में, वहीं अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकेंगे, जिनकी इंटर्नशिप 15 अगस्त तक पूरी हो रही हो या हो चुकी हो।

# 10 पीपीएस अफसरों के किए तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रवीण और असीम चौधरी को कुंभ मेला की कमान

**अमृत विचारः** शासन ने बुधवार को 10 और पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। पीपीएस प्रवीण सिंह चौहान को महाकुंभ मेले की सुरक्षा की कमान सौंपी गई है।

प्रवीण सिंह चौहान को अपर पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला प्रयागराज बनाया गया है। वहीं, असीम चौधरी को भी अपर पुलिस अधीक्षक कुंभ मेला बनाया गया है। इसके अलावा अमित कुमार को मेरठ से उपसेना नायक चौथी वाहिनी पीएसी प्रयागराज भेजा गया है। अवनीश कुमार को मेरठ भेजा गया है। वहीं, पीपीएस अवनीश कुमार को अपर पुलिस अधीक्षक अपराध जनपद मेरठ बनाया गया है। प्रदीप कुमार वर्मा को एएसपी जालौन, वीरेंद्र कुमार प्रथम को उपसेना नायक 01 वाहिनी एसएसएफ लखनऊ, पीयूष कुमार सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त गाजियाबाद, देवेश कुमार शर्मा को एएसपी यूपीपीसीएल मुख्यालय लखनऊ, मनोज कुमार यादव को एएसपी ट्रैफिक मथुरा और कृष्णकांत सरोज को एएसपी ग्रामीण बदायूं बनाया गया है।

# बांके बिहारी मंदिर में सुरक्षा का खींचा खाका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव और डीजीपी पहुंचे मथुरा

**अमृत विचारः** प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बुधवार को ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ के नियंत्रण और सुविधा को लेकर निरीक्षण किया। कुंज गलियों में घूमने के बाद मंदिर के आसपास की स्थिति का आकलन किया और सुरक्षा का खाका खींचा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बुधवार की दोपहर करीब एक बजे मंदिर पहुंचे मुख्य सचिव और डीजीपी ने मंदिर के अंदर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं को परखा। डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह और एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने उन्हें मंदिर के अंदर की स्थितियों की जानकारी देने के साथ प्रवेश और निकास मार्गों के बारे में बताया। बताया गया कि भीड़ अधिक होने पर श्रद्धालुओं को सीमित संख्या में अंदर अगला भेजने की व्यवस्था बनाई हुई है। इसके बाद दोनो अधिकारी प्रवेश द्वार-दो होते हुए बाहर आकर पुलिस चौकी के सामने स्थित गली से होते हुए दाऊजी मंदिर तिराहा पहुंचे। यहां जुगल घाट से आने वाले रास्ते की जानकारी दी गई। यहां से अधिकारी पैदल विद्यापीठ चौराहा से हरिनिकुंज चौराहा पहुंचे। यहां से होकर श्रद्धालु मंदिर तक पहुंचते हैं। निरीक्षण के दौरान एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, मण्डलायुक्त रितु माहेश्वरी, आईजी दीपक कुमार, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह आदि मौजूद थे।

## वर्ग पहेली-127

**बाएं से दाएं**

1.1. रास्ता, मार्ग 2. तराज़ू पर चीज़ें तौलने का बटखरा, बट्टा।(मु.)- जोहना : प्रतीक्षा करना। -पड़ना : पीछे पड़ना। -कहीं बाट पड़ना : डाका पड़ना।

4. पुंज, समूह, राशि।

6. नालदार जूता।

7.1. छोटा 2. कमज़ोर, कृशकाय 3. लघु, अल्प।

8.1. निर्झर, पानी का झरना 2. सोता 3. वह धन जो हाट या बाज़ार में बैठकर सौदा बेचने वाले छोटे दुकानदारों से नित्य प्रति कर के रूप में उगाहा जाता है


9.1. तमोगुण से युक्त 2. तामस स्वभाव का।

**ऊपर से नीचे**

2. बाग या बगीचे में पेड़-पौधे उगाने और उनकी देखभाल करने वाला व्यक्ति; बाग का माली।

3.1. किसी तरल पदार्थ को सांस के साथ भीतर की ओर खींचना, नास लेना 2. उदरस्थ करना, पी जाना।

5.1. बेशऊर होने की अवस्था 2. बदतमीज़ी, नौसिखियापन, फूहड़ता।



### वर्ग पहेली -126 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 फ | ल | 2 मं | डी | ■ |
| ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ |
| ■ | 3 स | र | स | री | ■ |
| ■ | ■ | ■ | मी | ■ | 4 ब |
| 5 ना | 6 के | दा | र | ■ | ड़ |
| ■ | व | ■ | ■ | 7 सिं | ह |
| 8 ए | का | ए | क | ■ | ल |

## सुडोकू -40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | 1 | | 6 | | |
| | | 3 | 5 | | 8 | | | |
| 7 | | | | 2 | | | 9 | |
| 5 | 3 | | | 8 | | 2 | 7 | |
| 2 | | | 3 | | 5 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 9 | | | 4 | 3 |
| | 9 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | 6 | | 4 | 9 | | |
| | | 5 | | 7 | | | | 1 |

### सुडोकू -39 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 | 6 | 5 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 3 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 जुलाई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 10.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**मेष:** आज आर्थिक क्षेत्र में आय एवं व्यय का संतुलन बना रहेगा। आगंतुक मेहमान से ग्रह खर्चे में वृद्धि होगी। श्रम संघर्ष दौड़ धूप के बावजूद लाभ कम होगा। रिश्तों में मजबूती आएगी। वैवाहिक जीवन में जीवनसाथी का प्यार और सहयोग मिलेगा।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए चिंता भरा रहने वाला है कार्य क्षेत्र में आपको कुछ समस्या हो सकती हैं। आय की अपेक्षा व्यय अधिक होगा। घर में भोग विलास की सामग्री पर धन खर्च होगा। व्यापार में आय कम होने के योग हैं।

**मिथुन:** आज आपका कोई काम पूरा होने से कल आपको खुशी होगी जिस कारण आप किसी पूजा पाठ आदि का आयोजन कर सकते हैं। बैंक सेवा से जुड़े लोगों को धन एवं उपहार प्राप्त होंगे। व्यापार में आपकी सूझबूझ के कारण हानि लाभ में बदल जाएगी।

**कर्क:** आज आपके लिए स्वास्थ्य के लिए हाथ से कमजोर रहने वाला है। आपका मन-आप किसी बात को लेकर परेशान रहेगा जिसे लेकर आप जीवनसाथी से बातचीत कर सकते हैं। आर्थिक मामला में कोई भी निर्णय सोच विचार कर लें।

**सिंह:** आज व्यवसाय में आपको आपको कोई नया ऑफर मिल सकता है और आप किसी काम को लेकर यदि लंबे समय से परेशान चल रहे थे तो वह भी कल पूरा हो सकता है। आज आप अपना ऋण चुकाने में सफल होंगे।

**कन्या:** आज परिवार में यदि कोई वाद विवाद हो तो आप उसमें चुप लगाए नहीं तो वह बढ़ सकता है। आर्थिक लेनदेन में मामलों में सतर्कता रखें। जहां तक संभव हो अधिक धन न लें। घर में भौतिक सुख साधनों की वस्तु पर खर्च होगा। वाहन आदि का कार्य कर सकते हैं।

**तुला:** आज काम की अधिकता रहने के कारण आप थोड़ा परेशान रहेंगे, जिस कारण आप अपने परिवार के सदस्यों को समय थोड़ा काम देंगे। कार्य क्षेत्र में किसी अधीनस्थ लाभ होगा। आय बढ़ेगी। पैतृक धन संपति मिलेगी।

**वृश्चिक:** आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी महत्वपूर्ण कार्य की बाधा दूर होने से रुका हुआ धन मिलेगा। बौद्धिक कार्य को करने वालों को विशेष सफलता मिलेगी। आपके परिवार में लोग आपकी बातों का पूरा मन रखेंगे जिसे देखकर आपको खुशी होगी।


**धनु:** आज नौकरी में अपेक्षित धन लाभ न होने से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। धन किसी अनजान व्यक्ति को न दें अन्यथा वह लेकर भाग जाएगा। व्यापार में पिता से सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन का खर्चा सोच विचार कर करें। वाहन खरीद सकते हैं।

**मकर:** आज आमदनी कम खर्च अधिक होगा। आर्थिक क्षेत्र में पुराने आय स्रोतों पर अधिक ध्यान देना पड़ेगा। प्रेम संबंध में अत्यधिक धन व्यय होगा। नौकरी में कोई आपसी मतभेद होने से आपकी आय पर असर पड़ेगा। संतान के करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण लेना पड़ सकता है।

**कुंभ:** आज का दिन आपके लिए आनंद में रहने वाला है आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आर्थिक क्षेत्र में किए गए परिश्रम से सफलता प्राप्त होगी। पूर्व से रुका हुआ धन प्राप्त होगा। नवीन संपत्ति वाहन आदि खरीदने के योग बन सकते हैं।

**मीन:** आज आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। व्यापार में अच्छी आय होने के योग हैं। नौकरी में पदोन्नति संग वेतन वृद्धि होगी। प्रेम संबंध में धन, मान का लाभ मिलेगा। उधार वापस मिलेगा। विदेश से धन एवं उपहार प्राप्त होंगे।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 01.04 तक तत्पश्चात उत्तराफाल्गुनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तेरी कसम — सुबह : 08.40
- हीरो — रात : 09.17


&pictures
- टॉयलेट — सुबह :10.45
- धमाल — रात : 07.30

SONY PIX
- हैनकॉक — सुबह : 11.23
- लाइट आउट — शाम : 05.39

ZEE CINEMA
- सीटीमार — सुबह : 10.31
- ऑपरेशन जावा — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- जुर्माना — सुबह : 07.49
- कुछ कुछ होता है — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू का पांव केले के छिलके पर पड़ा और वो फिसल कर गिर गया...
सोनू उठा और फिर आगे चला, तो दूसरे छिलके में पांव पड़ा और फिर फिसल कर गिर गया...
सोनू फिर उठा और थोड़ा आगे और चला, तो उसे तीसरा छिलका दिख गया...
सोनू रोते- रोते बोला - धत तेरे की, अब फिर से फिसलना पड़ेगा...

पत्नी- मैंने जन्मदिन पर गिफ्ट में गहने मांगे और तुमने दिया "खाली डिब्बा कितनी शर्म आई मुझे फ्रेंड्स के आगे
रामू- शर्म ही तो औरतों का गहना है पगली।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.) :** गेहूंदड़ा 2400–2410 आर. आर.21 2550–2600 गेहूं फारम 2600–2700 जौ 2000–2100 ज्वार 2000–4000 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200–2400 **दलहन (प्रति क्वि.) :** चना 6300–6400 अरहर 9000–10000 मसूर 5500–5600 मटर 3700–3800 उड़दहरा 11000–11500 उड़दकाला 8000–9000 मूंग 7800–8000 **दाल (प्रति क्वि.) :** अरहर फूल 16600–16700 अरहर स्पेशल 14600–14700 चना दाल 7900–8000 मटर दाल 4550–4650 मसूर मलका 7200–7250 मसूर दाल 7400–7450 उड़द दाल 9000–13300 उड़द धोवा 10000–13000 मूंगदाल 8100 –9700 मूंग धोवा 9700–11000 **चावल (प्रति क्वि.) :** अरवा 2800–3500 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000–4000 बासमती न02. 7000–8000 **आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) :** आटा 1400–1460 मैदा 1380–1450 सूजी 1440–1460 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) :** शाहपसंद 1370–1410 **तिलहन (प्रति क्वि.) :** लाही 5600–5800 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 11500–12200 मूंगफली दानाशिवपुरी 10000–11200 बटाली 8600–10500 सेहुआं 4000–4500 **तेल (प्रति क्वि.) :** सरसों कोल्हू 12100–12200 अलसी 10100–10200 अण्डी 12800–13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन) :** सोयाबीन 1565–1564 **खली (प्रति क्वि.) :** सरसों 2600–2650 अलसी 4900–5000 अण्डी 1400–1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) :** बावर्ची 1565–1564 मयूर 1565–1564

## सर्राफा

कानपुर

| | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94100 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55600–55800 |


# मुनाफावसूली से लुढ़का बाजार

## सेंसेक्स ने 426.87 और निफ्टी ने 108.75 अंक का लगाया गोता

**मुंबई, एजेंसी**

विश्व बाज़ार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में आज शेयर बाजार क़रीब आधे प्रतिशत तक लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 426.87 अंक अर्थात 0.53 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,924.77 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.75 अंक यानी 0.45 प्रतिशत टूटकर 24,324.45 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.19 प्रतिशत उतरकर 47,450.68 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत की गिरावट लेकर 53,779.98 अंक पर आ गया।

बीएसई में कुल 4021 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2576 में मुनाफावसूली जबकि 1363 में लिवाली हुई वहीं 82 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही। बीएसई में एफएमसीजी, तेल एवं गैस, हेल्थकेयर, पावर और यूटिलिटीज समूह की 0.69 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर शेष 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.87, सीडी 0.78, ऊर्जा 0.12, वित्तीय सेवाएं 0.34, इंडस्ट्रियल्स 0.62, आईटी 0.99, दूरसंचार 0.44, ऑटो 1.65, बैंकिंग 0.64, कैपिटल गुड्स 0.44, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.26, धातु 1.60, रियल्टी 0.07, टेक 0.76 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.25 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.60, जर्मनी का डैक्स 0.79 और जापान का निक्केई 0.61 प्रतिशत मजबूत रहा।







● निफ्टी की 27 कंपनियों में गिरावट जबकि 23 में तेजी रही

## टाटा संस के सूर्य कांत यूएसआईएसपीएफ के निदेशक मंडल में

**वाशिंगटन।** भारत के कॉर्पोरेट क्षेत्र के दिग्गज एवं टाटा संस के वरिष्ठ सलाहकार सूर्य कांत यूएस इंडिया स्ट्रेटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के निदेशक मंडल में शामिल हो गए हैं। यूएसआईएसपीएफ के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मुकेश अघी ने कहा, सूर्य कांत का नेतृत्व रणनीतिक साझेदारी की रूपरेखा तैयार करने और उसका मार्गदर्शन करने में मदद करेगा। अमेरिका और भारत के बीच मजबूत साझेदारी को बढ़ावा देने में प्रौद्योगिकी स्टार्टअप और एसटीईएम शिक्षा की बदलती गतिशीलता को वह समझते हैं। सूर्य कांत ने एक बयान में कहा, भारत और अमेरिका के बीच संबंध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं।

# एनबीएफसी की जानकारियों की गुणवत्ता पर जताई चिंता

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने कुछ गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) की तरफ से दी गई जानकारियों की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए लेखा परीक्षकों से उचित गुणात्मक जानकारी सुनिश्चित कराने को कहा है।

राव ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, वैधानिक ऑडिटर वित्तीय विवरणों में हितधारकों का विश्वास बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह बैंकिंग उद्योग के मामले में खासतौर पर महत्वपूर्ण है क्योंकि इसकी पूरी इमारत भरोसे पर बनी है और सबसे बड़े बाहरी हितधारक यानी जमाकर्ता विखंडित और असंगठित होते हैं।

उन्होंने मंगलवार को वाणिज्यिक बैंकों और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के वैधानिक लेखा परीक्षकों और मुख्य वित्त अधिकारियों (सीएफओ) के सम्मेलन में यह बात कही। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि वित्तीय विवरणों का खुलासा पारदर्शिता की आधारशिला हैं क्योंकि ये प्रबंधन की जानकारी और बाहरी उपयोगकर्ता के बीच की खाई को पाटते हैं। व्यापक खुलासे और संक्षिप्तता के बीच संतुलन बनाना एक कठिन काम है।



● आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने उचित जानकारी सुनिश्चित कराने को कहा

## एआईबीओसी ने रूपम रॉय को फिर महासचिव चुना

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कनफेडरेशन (एआईबीओसी) ने रूपम रॉय को फिर से महासचिव चुना है। एआईबीओसी बैंक अधिकारियों की सबसे बड़ी यूनियन है। गुवाहाटी में आयोजित 13वीं त्रैवार्षिक आम परिषद की बैठक के दौरान बालचंद्रन पी एम को भी एआईबीओसी का फिर से अध्यक्ष चुना गया। एआईबीओसी ने बैठक में कहा कि इस कार्यक्रम में लगभग सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बैंक अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी संबद्धों के लगभग 1,100 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, एआईबीओसी और सेंटर फॉर फाइनेंशियल अकाउंटेबिलिटी (सीएफए) द्वारा संयुक्त रूप से मेरी ब्याज दर कहां है? शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की गई।

## इंफ्रास्ट्रक्चर बांड से एसबीआई ने 10,000 करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपने छठे इंफ्रास्ट्रक्चर बांड के माध्यम से 7.36 प्रतिशत की कूपन दर पर 10,000 करोड़ रुपये जुटाए। बैंक ने यहां जारी बयान में कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और 18,145 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं तथा यह 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले लगभग 3.6 गुना अधिक अभिदानित हुआ। प्राप्त बोलियों की कुल संख्या 120 थी, जो बोलियों की विविधता के साथ व्यापक भागीदारी को दर्शाती है।

# विकसित भारत का खाका पेश कर सकता है आने वाला बजट : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

● वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनले ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस महीने पेश किये जाने वाले बजट में 2047 तक विकसित भारत के लिए खाका और राजकोषीय मजबूती के लिए मध्यम अवधि की योजना पेश कर सकती हैं। वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनले ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया है। रिपोर्ट में कहा गया, राजकोषीय सूझ-बूझ वाले रुख के साथ हमारा अनुमान है कि राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर जोर बना रहेगा। साथ ही भौतिक, सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे तक पहुंच में सुधार के साथ लक्षित सामाजिक क्षेत्र पर ध्यान दिया जाएगा।

सीतारमण 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करेंगी। ब्रोकरेज कंपनी ने अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा लक्ष्य जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के 5.1 प्रतिशत पर बना रहेगा। यह अंतरिम बजट में तय लक्ष्य के अनुरूप है। साथ ही सरकार अगले वित्त वर्ष तक इसे 4.5 प्रतिशत पर लाने के लक्ष्य पर कायम रहेगी। वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.6 प्रतिशत था। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अपेक्षा से अधिक लाभांश मिलने के साथ राजकोष के मोर्चे पर गुंजाइश बेहतर हुई है। इससे पूंजीगत व्यय की गति बनाये रखने और लक्षित कल्याणकारी उपायों पर खर्च बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## बीवाईडी ने एट्टो 3 को भारत में उतारा

**नई दिल्ली।** चीन की इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता बी वाई डी ने भारतीय बाजार में एट्टो 3 को लॉन्च करने की घोषणा की है जिसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 24.99 लाख रुपए है। कंपनी ने आज यहां कहा कि अब कंपनी इस ईवी के 2024 संस्करण को लाई है। इसके नए वेरिएंट के साथ ही ब्लैक संस्करण भी लॉन्च की गई है। यूरो एनसीएपी में सेफ्टी के लिए पांच स्टार हासिल करने वाली बीवाईडी की इस इलेक्ट्रिक एसयूवी को भारत में 24.99 लाख रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर लॉन्च किया गया है। यह कीमत इसके डायनेमिक वेरिएंट की है।

# टाटा और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने घटाए एसयूवी के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया

टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की कीमतों में कटौती की है। एसयूवी की बिक्री बढ़ाने के प्रयास के तहत इन कंपनियों ने यह कदम उठाया है। टाटा मोटर्स ने अपनी प्रमुख एसयूवी हैरियर (14.99 लाख रुपये) और सफारी (15.49 लाख रुपये) की शुरुआती कीमतों में बदलाव किया है। अन्य लोकप्रिय एसयूवी मॉडल पर 1.4 लाख रुपये की कटौती की गई है।

टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने बयान में कहा, इलेक्ट्रिक वाहनों के संबंध में नेक्सन.ईवी पर की गई कटौती (1.3 लाख रुपये तक) ने इसे सबसे सुलभ बना दिया है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त पंच.ईवी के दाम में भी 30 हजार रुपये तक की कटौती की गई है। महिंद्रा एंड महिंद्रा के अनुसार, उसकी एक्सयूवी700 सभी सुविधाओं से लैस एएक्स7 की शुरुआती कीमत अब 19.49 लाख होगी। इसमें दो लाख रुपये से अधिक की कटौती गई है।



## एक नजर

### समलैंगिक विवाह मामले में पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई स्थगित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने के अपने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई नई पीठ के गठन तक बुधवार को स्थगित कर दी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ को आज (10 जुलाई) न्यायाधीश कक्ष में इस मामले पर सुनवाई करनी थी। इस बीच पांच सदस्यीय इस पीठ के सदस्य न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने मामले से अपने को अलग कर लिया। इस वजह से पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी और नई पीठ के गठन होने तक इस मामले को स्थगित कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इनकार करने वाला फैसला 17 अक्टूबर 23 को सुनाया था।

### बिभव कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह इस बारे में आदेश 12 जुलाई को सुनाएगा कि आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहायक बिभव कुमार को जमानत दी जाए या नहीं। न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कुमार के वकील तथा दिल्ली पुलिस एवं मालीवाल की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनने के बाद कुमार की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। पुलिस की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने जमानत अर्जी का विरोध करते हुए कहा कि जांच जारी है और 16 जुलाई को या उससे पहले आरोपपत्र दाखिल कर दिया जाएगा।

### शंभू बॉर्डर पर अवरोधक हटाने का कोर्ट का आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा सरकार को अंबाला के निकट शंभू बॉर्डर पर लगाए गए अवरोधक एक सप्ताह के भीतर हटाने का बुधवार को आदेश दिया। किसान अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी से वहां डेरा डाले हुए हैं। दरअसल संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों के समर्थन में जब दिल्ली की ओर बढ़ने की घोषणा की थी तब हरियाणा सरकार ने फरवरी में अंबाला–नयी दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवरोधक लगा दिए थे।

# केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करती है सीबीआई : उच्चतम न्यायालय

## पश्चिम बंगाल के वाद को विचारणीय बताते हुए केंद्र की आपत्ति को किया खारिज

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के एक वाद की विचारणीयता पर केंद्र की आपत्ति को खारिज करते हुए कहा कि सीबीआई केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करती है। न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में सहमति वापस लिए जाने के बाद भी सीबीआई के तफ्तीश करने के विरोध में राज्य द्वारा दायर मुकदमे की विचारणीयता पर केंद्र की आपत्ति को खारिज कर दिया। पश्चिम बंगाल सरकार ने सीबीआई को 16 नवंबर, 2018 को राज्य में मामलों की जांच करने या छापे मारने के लिए दी गई अनुमति को वापस ले लिया था।



शीर्ष अदालत ने कहा कि दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 के एक प्रावधान के अनुसार भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के तहत अपराधों के मामलों को लेकर नियंत्रण केंद्रीय सतर्कता आयोग के पास है। न्यायालय ने डीएसपीई कानून के अनेक प्रावधानों का जिक्र करते हुए कहा, हम यह भी पाते हैं कि स्थापना, शक्तियों का प्रयोग, अधिकार क्षेत्र का विस्तार, डीएसपीई का नियंत्रण, सबकुछ भारत सरकार के पास है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने व्यवस्था दी थी कि मुकदमा विचारणीय है। पीठ ने कहा, ''हमारे विचार से सीबीआई एक शाखा या अंग है जिसकी स्थापना डीएसपीई कानून द्वारा लागू वैधानिक योजना के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा की गई और वह भारत सरकार के अधीन है। पीठ ने अपने 74 पन्नों के फैसले में कहा, इतना ही नहीं, जिन अपराधों को केंद्र सरकार आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचित करती है, उनमें ही डीएसपीई द्वारा जांच की जा सकती है। इसने कहा कि डीएसपीई अधिनियम की धारा 4 के तहत, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराधों को छोड़कर, जिसमें अधीक्षण केंद्रीय सतर्कता आयोग के पास होगा, अन्य सभी मामलों में डीएसपीई का नियंत्रण केंद्र सरकार के पास होगा।

**बैल दौड़ प्रतियोगिता**



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में धान के खेत में बैल दौड़ प्रतियोगिता के दौरान प्रतियोगी। ● एजेंसी

# आदमी को ढोने की प्रथा की समाप्ति होगी बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर बोले गडकरी

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि जिस दिन एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी को ढोने की प्रथा (साइकिल रिक्शा से ढोने की प्रथा) समाप्त होगी, वह ऐतिहासिक दिन और उपलब्धि होगी। गडकरी ने भारत विकास परिषद के 62वें स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा देश के विभिन्न क्षेत्रों में अभी भी एक आदमी द्वारा दूसरे आदमी के ढोने की परम्परा कायम है और मैं इस परम्परा को समाप्त करने क लिए प्रयासरत हूं।

उन्होंने कहा इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए ई- रिक्शा और ई- कार्ट जैसे कदम उठाया है। जिस दिन हमारे देश से यह कुप्रथा समाप्त हो जाएगी, वह दिन मेरे जीवन का और हम सभी के लिए ऐतिहासिक दिन होगा।

# कठुआ हमले को लेकर 51 हिरासत में

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में हुए हमले में शामिल आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दौरान एक ट्रक चालक और 50 अन्य लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार यह ट्रक शुरू में माचेडी-किंडली-मल्हार पहाड़ी सड़क पर सेना के वाहनों के पीछे था।

सोमवार को हुए इस हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी सहित पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। टिप्पर चालक पर संदेह जताया गया है और अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या उसने पुलिया पर पास मांगकर जानबूझकर (सैन्य) काफिले के निकलने में देरी कराई थी। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, आमतौर पर इन इलाकों में सेना के वाहनों को प्राथमिकता दी जाती है, लेकिन टिप्पर ने फिर भी पास मांगा, जिससे दोनों वाहनों की गति धीमी हो गई।



● हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी सहित पांच सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे

अधिकारियों ने बताया कि चार जिलों के घने जंगलों में रुक-रुककर हो रही बारिश के बीच सेना और पुलिस का तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि अभियान कठुआ, उधमपुर और भद्रवाह से शुरू किया गया और इसके परिणामस्वरूप सुरक्षाबलों ने घात लगाकर किए गए हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए 50 लोगों को हिरासत में लिया है।

# बीएमसी ने बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहाया

**मुंबई, एजेंसी**

● बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले में बीएमसी ने की कार्रवाई

बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) ने शहर के उस बार में किए गए अनधिकृत निर्माण को ढहा दिया, जहां बीएमडब्ल्यू हिट-एंड-रन मामले का मुख्य आरोपी कथित तौर पर दुर्घटना को अंजाम देने से कुछ घंटे पहले गया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बीएमसी ने जुहू स्थित वाइस-ग्लोबल तापस बार में यह कार्रवाई की और 3,500 वर्ग फुट के अवैध निर्माण को गिरा दिया।

बीएमसी के एक अधिकारी ने बताया कि के-वेस्ट वार्ड कार्यालय की टीम आज सुबह वाइस-ग्लोबल तापस बार पहुंची और उसके अंदर किए गए अनधिकृत निर्माण और बदलावों को ध्वस्त कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को बीएमसी ने बार का निरीक्षण किया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि वहां कोई अनधिकृत निर्माण या बदलाव तो नहीं किया गया है।

# नीतीश ने पैर छूने की पेशकश कर शर्मिंदा किया

**पटना, एजेंसी**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को यहां रोडवेज परियोजना का जिम्मा संभाल रही एक निजी कंपनी के एक प्रतिनिधि को पैर छूने की पेशकश कर शर्मिंदा करने की कोशिश की। पटना में जेपी गंगा पथ के दूसरे चरण का लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री जैसे ही वहां से चलने के लिए उठे तो सामने खड़े निर्माण एजेंसी के इंजीनियर से कहा कि तेजी से काम को पूरा करें। उन्होंने कहा कि जल्दी से जल्दी काम पूरा होना चाहिए.. कहिए तो आपके पैर भी छू लेंगे। कुमार इंजीनियर का पैर छूने के लिए जैसे ही आगे बढ़े, वहां मौजूद पथ निर्माण विभाग के सचिव प्रत्यय अमृत ने हाथ जोड़कर उनका रास्ता रोक लिया और ऐसा नहीं करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा तथा स्थानीय सांसद रवि शंकर प्रसाद भी मौजूद थे।



● निर्माण एजेंसी के इंजीनियर से कहा कि जल्दी काम पूरा होना चाहिए

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने एक्स पर एक वीडियो फुटेज साझा करते हुए लिखा, एक कमजोर बेबस मुख्यमंत्री के कारण बिहार में होना वही है जो चंद सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों ने ठाना है क्योंकि अधिकारी भी जानते है कि ये 43 सीट वाली तीसरे नंबर की पार्टी के मुख्यमंत्री है।

## राहुल पर टिप्पणी करने वाले भाजपा विधायक पर रिपोर्ट

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर भाजपा के विधायक भरत शेट्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगलुरु शहर पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने यहां संवाददाताओं को बताया कि मंगलुरु नगर निगम के कांग्रेस पार्षद के. अनिल द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद कवूर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।

# बाल विवाह में शामिल लोगों को अभियोजित करने से समस्या का समाधान नहीं होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि बाल विवाह में संलिप्त लोगों को अभियोजित करने से इस समस्या का समाधान नहीं होगा क्योंकि इसके सामाजिक आयाम हैं। साथ ही, शीर्ष अदालत ने देश में बाल विवाह के मामलों में वृद्धि का आरोप लगाते हुए दायर की गई जनहित याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। केंद्र ने दलील दी कि राज्यों में जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इस पर, शीर्ष अदालत ने कहा, ये कार्यक्रम, व्याख्यान जमीनी स्तर पर वास्तव में चीजें नहीं बदलते हैं।

गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन' ने 2017 में शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को बखूबी लागू नहीं किया जा रहा है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील और केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की दलीलें सुनीं और इसके बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने कहा, यह केवल अभियोजन का मामला नहीं है।

## खेल डायरी

### रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड क्रिकेट का केंद्रीय अनुबंध

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड के भारतीय मूल के क्रिकेटर रचिन रविंद्र को वनडे विश्व कप सहित पिछले एक साल में शानदार प्रदर्शन के कारण पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। इस 24 वर्षीय ऑलराउंडर को उन 20 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है जिन्हें न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 2024-25 के सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध दिया है। रविंद्र ने पिछले सत्र में 578 रन बनाए और वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों में चौथे नंबर पर रहे। वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें आईपीएल की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स में 1.80 करोड रुपए में खरीदा था। वह सर रिचर्ड हैडली मेडल हासिल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। तीन अन्य खिलाड़ियों बेन सियर्स, विल ओरूर्के और जैकब डफी को भी पहली बार न्यूजीलैंड के केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया है। अनुबंध पाने वाले खिलाड़ियों में फिन एलन, टॉम ब्लंडेल, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, जैकब डफी, मैट हेनरी, काइल जैमीसन, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, हेनरी निकोल्स, विल ओरूर्के, एजाज पटेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ईश सोढ़ी, टिम साउथी, विल यंग शामिल हैं।

### चयनकर्ता वहाब और रज्जाक बर्खास्त

**लाहौर।** पाकिसतान क्रिकेट बोर्ड ने टी-20 विश्वकप के निराशाजनक अभियान के बाद चयनकर्ताओं वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को बर्खास्त कर दिया है। रज्जाक पाकिस्तान की महिला टीम के भी चयनकर्ता थे और उन्हें पद से हटा दिया गया। इन दोनों की विदाई का आधिकारिक ऐलान इस सप्ताह के आखिर में होगा। वहाब को पीसीबी चैयरमैन मोहसिन नकवी का बहुत करीबी माना जाता है। वहाब रियाज और अब्दुल रज्जाक को हटाए जाने के बाद पाकिस्तान की चयन समिति में मोहम्मद युसुफ, असद शफीक और डेटा एनालिस्ट बिलाल अफजल बचे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि चयन समिति का पुर्नगठन होगा और समिति में एक मुख्य चयनकर्ता भी होगा। इस चयन समिति के सदस्यों की संख्या भी सात से कम होगी। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान पिछले चार वर्षो में छह मुख्य चयनकर्ता देख चुका है। वहाब से पहले हारून राशिद, शाहिद अफरीदी, इंजमाम उल हक, मोहम्मद वसीम और मिस्बाह उल हक भी छोटे-छोटे कार्यकाल में चयनकर्ता बन चुके हैं।

### सूर्यकुमार टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**दुबई।** स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आईसीसी की नवीनतम पुरुष टी-20 अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। जिंबाब्वे में चल रही शृंखला में अच्छे प्रदर्शन के बाद रुतुराज गायकवाड़ की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। सूर्यकुमार 821 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 844 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 797 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (755), मोहम्मद रिजवान (746) और जोस बटलर (716) का नंबर उनके बाद आता है। जिंबाब्वे के खिलाफ दूसरे टी-20 में भारत की 100 रन की आसान जीत के दौरान 47 गेंद में नाबाद 77 रन की पारी खेलने वाले गायकवाड़ 13 स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत की आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 विजेता टीम के अधिकांश सदस्यों को जिंबाब्वे दौरे से आराम दिए जाने के बाद पांच मैच की शृंखला में भारत के बैकअप खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने और टीम में जगह पक्की करने का मौका मिला है।

### राष्ट्रपति ने किया डूरंड टूर्नामेंट की ट्रॉफियों का अनावरण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित समारोह में डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफियों का अनावरण किया। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने डूरंड कप टूर्नामेंट 2024 में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि फुटबॉल विश्व के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। जब पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हजारों प्रशंसकों के सामने खेलते हैं, तो खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि वे जीतें या हारें खेल में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए और उन्हें दूसरी टीमों का सम्मान करना चाहिए। कभी-कभी खेल में आवेग और जुनून होता है, लेकिन खिलाड़ियों को भावनाओं पर काबू पाने और खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करना चाहिए।

# भारत ने जिम्बाब्वे को 23 रनों से हराया

## तीसरे टी-20 में भारतीय कप्तान गिल ने जड़ा अर्धशतक, शृंखला में बनाई 2-1 की बढ़त



मैच के दौरान शॉट खेलते यशस्वी जयसवाल ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

कप्तान शुभमन गिल (66) और ऋतुराज गायकवाड़ (49) रनों की शानदार पारियों के बाद वॉशिंगटन सुंदर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर भारत ने बुधवार को तीसरे टी-20 मैच में जिम्बाब्वे को 23 रनों से हरा कर पांच मैचों की शृंखला में 2-1 से बढ़त बना ली हैं।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 3.1 ओवर में 19 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। वेस्ले मधेवीरे (1), तड़िवनाशे मारुमानी (13) और ब्रायन बेनेट (4)रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद डिओन मेयर्स और कप्तान सिकंदर रजा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने सिकंदर रजा (15) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसी ओवर की आखिरी पर सुंदर ने जोनाथन कैंपबेल (1) रन को भी आउट कर दिया। डिओन मेयर्स और क्लाइव मडांडे के बीच 77 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी करते हुए मैच का रुख मोड़ने का प्रयास किया। मडांडे ने 26 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुये 37 रन बनाए। डिओन मेयर्स ने 49 गेंदों मे सात चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद (65) रनों की पारी खेली। वेलिंग्टन मसाकाट्जा 10 गेंदों में (18) रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी और 23 रन से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने 15 रन देकर तीन विकेट लिये। आवेश खान को दो विकेट मिले। खलील अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।


अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते कप्तान शुभमन गिल। ● एजेंसी

इससे पहले आज यहां भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यशस्वी जयसवाल और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 67 रन जोड़े। नौवें ओवर में सिकंदर रजा ने यशस्वी जयसवाल को ब्रायन के हाथों कैच आउट कराकर जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। जयसवाल ने 27 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से (36) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये पिछले मैच के शतकवीर अभिषेक शर्मा (10) सिकंदर रजा के शिकार बन गये। 18वें ओवर में मुजराबानी ने शुभमन गिल को रजा के हाथों कैच आउट करा कर जिम्बाब्वे के लिए तीसरा विकेट हासिल किया। गिल ने 49 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के लगाते हुये सर्वाधिक (66) रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 28 गेंदों में 49 रन बनाए। संजू सैमसन सात गेंदों में (12) और रिंकू सिंह (1) रन पर नाबाद रहे। निर्धारित 20 ओवरों में भारत ने चार विकेट पर 182 रन बनाये और जिम्बाब्वे को जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया।

**49** रनों की शानदारी खेल कर ऋतुराज ने भारत को कम स्कोर पर रुक जाने से बचाया

### स्कोर बोर्ड

| भारत | 182/4 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल का बेनेट बो रजा | 36 | 27 | 4/2 |
| शुभमन गिल का रजा बो मुजरबानी | 66 | 46 | 7/3 |
| अभिषेक शर्मा का मरुमानी बो रजा | 10 | 9 | 1/0 |
| रुतुराज का माधेवेरे बो मुजरबानी | 49 | 28 | 4/3 |
| संजू सैमसन नाबाद | 12 | 7 | 2/0 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 8, गेंदबाजी : बेनेट 1-0-15-0, नगारवा 4-0-39-0, चतारा 3-0-30-0, मुजरबानी 4-0-25-2, रजा 4-0-24-2, मसाकाद्जा 3-0-25-0, माधेवेरे 1-0-19-0

| जिंबाब्वे | 159/6 (20 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| | रन | गेंद | 4/6 |
| वेस्ली माधेवेरे का अभिषेक बो आवेश | 1 | 2 | 0/0 |
| ताडिवनाशे मरुमानी का दुबे बो खलील | 13 | 10 | 3/0 |
| ब्रायन बेनेट का बिश्नोई बो आवेश | 4 | 5 | 1/0 |
| डियोन मायर्स नाबाद | 65 | 49 | 7/1 |
| सिकंदर रजा का रिंकू बो सुंदर | 15 | 16 | 3/0 |
| कैंपबेल का स्थानापन्न (पराग) बो सुंदर | 1 | 2 | 0/0 |
| क्लाइव मेडांडे का रिंकू बो सुंदर | 37 | 26 | 2/2 |
| वेलिंगटन मसाकाद्जा नाबाद | 18 | 10 | 1/1 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : खलील 4-0-15-1, आवेश 4-0-39-2, बिश्नोई 4-0-37-0, सुंदर 4-0-15-3, अभिषेक 2-0-23-0, दुबे 2-0-27-0

## टी-20 विश्व कप में महत्वपूर्ण होगी पूजा की भूमिका : मंधाना

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 शृंखला में किए प्रदर्शन से प्रभावित हैं और उनका मानना है कि बांग्लादेश में अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्व कप में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 शृंखला में 8 विकेट लिए। उन्होंने तीसरे और अंतिम मैच में 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने इस मैच में 10 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की शृंखला 1-1 से बराबर की। मंधाना ने कहा पहले दो मैच में विकेट सपाट था और ऐसे में इस तरह का प्रदर्शन शानदार है। हमें उम्मीद है कि पूजा विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह लंबी अवधि की शृंखला थी और एक गेंदबाज होने के नाते उसने जैसा प्रदर्शन किया उससे मैं हैरान हूं। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 के अलावा तीन वनडे और एक टेस्ट मैच भी खेला।


● वस्त्राकर द. अफ्रीका के खिलाफ पूरी शृंखला में शानदार प्रदर्शन किया

## पैरा निशानेबाज रूबिना और स्वरूप को ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली।** भारतीय पैरा निशानेबाज रूबिना फ्रांसिस और स्वरूप उन्हाल्कर ने बुधवार को वाइल्डकार्ड (बाईपारटाइट नियम) के अंतर्गत पेरिस पैरालंपिक का कोटा हासिल किया जिससे इन खेलों में पैरा निशानेबाजों की संख्या 10 हो गई।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने रूबिना (महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1) और स्वरूप (पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल एचएच1) के लिए वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह किया था। पिछले साल हांग्झोऊ एशियाड खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज रूबिना और स्वरूप अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में निरंतर प्रदर्शन करते रहे हैं जिससे पीसीआई ने वाइल्डकार्ड स्थान के लिए आग्रह करने का फैसला किया। राष्ट्रीय पैरा निशानेबाजी कोच सुभाष राणा ने कहा था कि इन दोनों के कोटा स्थान करीब से चूक जाने के बाद उन्होंने वाइल्ड कार्ड के लिए आग्रह किया था।

## 75 वर्ष के हुए भारतीय क्रिकेट को सुनहरे दिन देने वाले गावस्कर

नई दिल्ली, एजेंसी

अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर को उनके 75वें जन्मदिन पर शुभकामनाओं का तांता लगा रहा और उनकी कलात्मक बल्लेबाजी को याद किया गया। गावस्कर को क्रिकेट जगत के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में गिना जाता है। वह टेस्ट क्रिकेट में 10000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने 'एक्स' पर लिखा जन्मदिन की शुभकामनाएं, सुनील गावस्कर। आपकी बल्लेबाजी तकनीक इतनी बेहतरीन थी कि आप आक्रामक और रक्षात्मक दोनों तरह से समान रूप से खेल सकते थे। हर चीज के लिए शुभकामनाएं। गावस्कर क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कमेंटेटर बन गए जिसमें उन्होंने अपार सफलता हासिल की। उन्हें दुनिया के सबसे सम्मानित कमेंटेटरों में गिना जाता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गावस्कर को बधाई देते हुए लिखा लिटिल मास्टर आज 75 साल के हो गए। भारतीय टीम की बल्लेबाजी क्रांति का मार्ग प्रशस्त करने वाले गावस्कर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।


● बीसीसीआई समेत भारतीय खेल जगत के दिग्गजों ने दी लिटिल मास्टर को बधाई

## भारतीय हैंडबॉल टीम में लखनऊ के सुयश सहित प्रदेश के चार खिलाड़ी चयनित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. के मो. तौहीद को जयपुर में आयोजित यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी जोन 2 एशिया के लिए चयनित भारतीय यूथ हैंडबॉल टीम का कोच बनाया गया है। टूर्नामेंट के लिए चयनित भारतीय टीम में जगह बनाने वाले यूपी के चार खिलाड़ियों में से लखनऊ के सुयश अवस्थी और गोरखपुर के मनीष यादव का चयन यूथ टीम में किया गया है। वहीं, गोरखपुर के ज्ञान गौरव और मानवेंद्र यादव का चयन भारतीय जूनियर हैंडबॉल टीम के लिए किया गया है।

भारतीय टीम में उप्र के चार खिलाड़ियों के चयन पर उप्र हैंडबाल संघ की अध्यक्षा अलका दास, महासचिव डॉ.आनन्देश्वर पाण्डेय, कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह और संयुक्त सचिव डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी सहित सभी पदाधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। हैंडबॉल इंडिया के महासचिव तेजराज सिंह ने भारतीय टीम की घोषणा करते हुए बताया कि यूथ व जूनियर पुरुष आईएचएफ ट्रॉफी जोन 2 एशिया प्रतियोगिता 10 से 14 जुलाई तक जयपुर राजस्थान में होगी।


भारतीय हैंडबॉल खिलाड़ियों के साथ टीम के कोच।

## रिबाकिना सेमीफाइनल में पहुंचीं

लंदन, एजेंसी

पूर्व चैंपियन एलेना रिबाकिना ने बुधवार को यहां एलिना स्वितोलिना को सीधे सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई।


वर्ष 2022 की चैंपियन रिबाकिना ने 21वीं वरीय स्वितोलिना को क्वार्टर फाइनल में 6-3, 6-2 से हराया। चौथी वरीय रिबाकिना महिला एकल में बची शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं। पच्चीस साल की इस खिलाड़ी की ऑल इंग्लैंड पर 21 मैच में यह 19वीं जीत है। रिबाकिना सेमीफाइनल में 31वीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने दो पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन के बीच हुए मुकाबले में 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। रोलां गैरो पर 2021 की विजेता क्रेसिकोवा दूसरे सेट में 1-4 से पिछड़ रहीं थी लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं।


जीत के बाद दर्शकों का अभिवादन करतीं एलेना रिबाकिना। ● एजेंसी

### डि मिनोर हटे, जोकोविच सेमीफाइनल में पहुंचे

**लंदन।** दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कूल्हे की चोट के कारण बुधवार को एलेक्स डि मिनोर के हटने पर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया के नौवें वरीय डि मनोर ने सेंटर कोर्ट पर जोकोविच के खिलाफ होने वाले क्वार्टर फाइनल मुकाबले से घंटों पहले टूर्नामेंट से हटने की घोषणा की। डि मिनोर ने कहा बेशक यह वह घोषणा नहीं है जो मैं करना चाहता था। मैं टूट चुका हूं। उन्होंने बताया कि सोमवार को चौथे दौर में आर्थर फिल्स पर जीत के दौरान उन्होंने क्रैक की आवाज सुनी थी। जब वह मैच समाप्त हुआ तो डि मिनोर सावधानी से नेट की ओर गए लेकिन बाद में मीडिया से बात करते समय उन्होंने स्थिति की गंभीरता को कम करके आंका।

## अल्कराज और मेदवेदेव ने जीते क्वार्टर फाइनल मुकाबले



**लंदन।** स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्कराज और रूस के पांचवें वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव बुधवार को विंबलडन चैंपियनशिप में अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीत गये। क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 21 वर्षीय अल्कराज ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अमेरिका के टॉमी पॉल को 5-7, 6-4, 6-2, 6-2 से हराया। मैच के बाद अल्कराज ने कहा पहला सेट हारने के बाद मैंने अपने आपको मानसिक रूप से मजबूत किया। यह मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था, लेकिन मुझे पता था कि यह एक लंबा मैच है। मैंने अगले सेट में जीत हासिल की और मैं खुश हूं। वहीं दूसरे क्वार्टरफाइनल में 28 वर्षीय मेदवेदेव ने दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी जैनिक सिनर को 6-7(7), 6-4, 7-6(4), 2-6, 6-3 से हराने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। इस जीत के साथ ही मेदवेदेव ने 22 वर्षीय इटली के खिलाड़ी के खिलाफ लगातार पाँच मैच हारने का सिलसिले को खत्म किया। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में अल्कराज और मेदवेदेव के बीच मुकाबला होगा।

## बॉलीवुड हलचल



### पूजा ने पूरी की फिल्म देवा की शूटिंग

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी आने वाली एक्शन-थ्रिलर फिल्म देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। पैन इंडिया स्टार पूजा हेगड़े, जिनका 2024 का कैलेंडर काफी रोमांचक और व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर देवा की शूटिंग पूरी कर ली है। रॉय कपूर फिल्म्स और जी स्टूडियो द्वारा निर्मित इस फिल्म में पूजा हेगड़े के साथ शाहिद कपूर भी हैं। शूटिंग पूरी होने के बाद पूजा ने निर्देशक रोशन एंड्रयूज और निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर तथा क्रू के साथ मिलकर केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया। इससे पहले, पूजा ने फिल्म सूर्या 44 के लिए सुंदर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में एक शूटिंग शेड्यूल भी पूरा किया था, जिसमें वह प्रसिद्ध अभिनेता सूर्या के साथ अभिनय कर रही हैं। देवा अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है, और फैंस इस रोमांचक एक्शन से भरपूर फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। देवा और सूर्या 44 के अलावा पूजा हेगड़े नाडियाडवाला ग्रैंडसन की सनकी और कुछ अघोषित प्रोजेक्ट्स में भी नजर आएंगी।

### करण और बादशाह के साथ नजर आएगी नोरा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही, गायक करण औजला और बादशाह के साथ नए प्रोजेक्ट में नजर आएगीं। नोरा फतेही ने अपने खास डांस कौशल और आकर्षक स्क्रीन उपस्थिति के साथ मनोरंजन की दुनिया में अपने लिए एक जगह बनाई है। वह जो भी काम चुनती है उसमें सर्वश्रेष्ठ लाने में कोई कसर नहीं छोड़ती। हाल ही में नोरा से पूछा गया कि जब उनका नाम फिल्म बैड न्यूज के वायरल गाने तौबा-तौबा के लिरिक्स में शामिल किया गया, जिसने इंटरनेट पर धूम मचा दी, तो उन्हें कैसा लगा। नोरा ने कहा, मैं घबरा गई! मैंने करण औजला का नया गाना सुना, और मुझे लगा कि यह मेरा नाम है। लेकिन क्या वह मेरा जिक्र कर रहा है या किसी और नोरा का, मेरा और उसका और बादशाह का एक ग्रुप है। और मैंने पूछा करण, क्या तुम मेरा जिक्र कर रहे हो? और वह बोला हाँ! बिल्कुल तुम! मैंने कहा करण, मैं आधिकारिक तौर पर अब इतिहास और पॉप कल्चर का हिस्सा हूँ, तुम्हारा शुक्रिया!



## फ्रांस को हराकर फाइनल में पहुंचा स्पेन

बर्लिन, एजेंसी

युवा सनसनी लैमिन यामल और दानी ओल्मो के शानदार गोलों की बदौलत स्पेन ने फ्रांस पर 2-1 की रोमांचक जीत दर्ज करते हुए यूरो 2024 के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

मैच के दौरान मैदान पर स्पेन के 16 वर्षीय यामल ने विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गोल दागकर अपनी टीम की मैच में वापसी कराई और इसके साथ ही यूरोकप में सबसे कम उम्र के गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया। स्पेन ने मैच की शुरुआत शानदार तरीके से की। लेकिन नौवें मिनट में काइलियन एमबाप्पे के बेहतरीन पास रैंडल कोलो मुआनी ने हेडर के जरिए गोल दागकर फ्रांस को बढ़त दिलाई। इसके चार मिनट बाद स्पेन डैनी ओल्मो ने फ्रांसीसी रक्षापंक्ति को भेदते हुए गेंद को नेट में डालकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। दूसरे हाफ में फ्रांस ने वापसी का प्रयास करते हुए कई हमले किए। स्पेन ने दबाव को झेलते हुए मजबूत रक्षात्मक रुख अपनाया। मैच में आखिर तक स्पेन की रक्षापंक्ति ने मजबूती से डटे रहकर फाइनल में प्रवेश किया।



### फाइनल में, यामल ने बनाया रिकॉर्ड

**म्यूनिख।** लैमिन यामल यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। स्पेन की तरफ से 16 वर्ष के यामल ने 21वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके चार मिनट बाद डैनी ओल्मो ने निर्णायक गोल किया। यामल ने मैच के बाद कहा, शुरू में गोल खाने के बाद हम मुश्किल स्थिति में थे। मैंने सिर्फ गेंद पर कब्जा किया और उसे सही तरह से गोल में डाला। मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत अधिक नहीं सोचता हूं। बस अपने खेल का आनंद लेता हूं और टीम की मदद करने की कोशिश करता हूं। मैं गोल करके और टीम की जीत से बहुत खुश हूं। स्पेन की निगाह रिकॉर्ड चौथे खिताब पर टिकी हैं। रविवार को फाइनल में इंग्लैंड या नीदरलैंड का सामना करेगा।

### मेसी ने दागा 109वां गोल अर्जेंटीना फाइनल में

**ईस्ट रदरफोर्ड (न्यू जर्सी)।** लियोनेल मेसी के अपने करियर के 109वें अंतरराष्ट्रीय गोल और वर्तमान टूर्नामेंट के पहले गोल के दम पर गत चैंपियन अर्जेंटीना ने कनाडा को 2-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंटके फाइनल में प्रवेश किया। अर्जेंटीना की तरफ से जूलियन अल्वारेज़ ने 22वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मेसी ने 51वें मिनट में एन्जो फर्नांडीज के शॉट को गोल में भेज कर उसकी बढ़त दोगुनी की। मेसी के सामने तब गोलकीपर मैक्सिम क्रेप्यू थे लेकिन इस स्टार फुटबॉलर के आगे उनकी एक नहीं चली। मेसी ने अर्जेंटीना के लिए अपने पिछले 25 मैचों में 28 गोल किए हैं। वह कोपा अमेरिका में अब तक 14 गोल कर चुके हैं जो रिकॉर्ड से तीन गोल कम हैं। अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में मेसी से अधिक गोल पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के नाम पर दर्ज हैं जिन्होंने अभी तक 130 गोल किए हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## अंतरिक्ष से आई तस्वीर



नासा ने बुधवार को कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिसमें अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर का दिखाई दे रहे हैं। दोनों ने अंतरिक्ष से विज्ञानियों से संवाद किया। नासा ने कहा है कि दोनों की वापसी में देरी हो गई है, लेकिन उनके लिए लंबे समय तक के लिए पर्याप्त आपूर्ति मौजूद है। एजेंसी

## यूएई में भारतीय मूल के डॉक्टर ने किया बच्ची का यकृत प्रतिरोपण

**दुबई।** भारतीय मूल के एक डॉक्टर ने चार साल की बच्ची का सफलतापूर्वक यकृत (लिवर) प्रतिरोपण किया है जो यूएई में अपनी तरह का पहला ऑपरेशन है। जीवित दानदाता का यकृत लेकर बच्ची में प्रतिरोपण किया गया है। बुर्जील मेडिकल सिटी (बीएमसी) में डॉ. रेहान सैफ के नेतृत्व में चिकित्सकों की एक टीम ने इस महत्वपूर्ण सर्जरी को अंजाम दिया। अबू धाबी में जन्मी रजिया खान को प्रोग्रेसिव फैमिलियल इंट्राहेपेटिक कोलेस्टेसिस टाइप 3 (पीएफआईसी) नामक एक दुर्लभ आनुवंशिक बीमारी थी। रजिया के परिवार को पीएफआईसी के घातक परिणाम की जानकारी थी क्योंकि उनकी पहली बेटी की तीन साल पहले इसी बीमारी से भारत में मौत हो गई थी।

# एलएसी पर भारत के साथ सहयोग को चीन तैयार

**बीजिंग, एजेंसी**



विदेश मंत्री वांग यी



अजीज डोभाल

- चीन के विदेश मंत्री ने अजीत डोभाल के समक्ष रखा प्रस्ताव

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से कायम सीमा विवाद के बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीनी स्थिति से संबंधित मुद्दों को ठीक से संभालने के लिए भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मिलकर काम करने की इच्छा व्यक्त की है।

डोभाल को भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और भारत-चीन सीमा मुद्दे के लिए विशेष प्रतिनिधि के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर बधाई संदेश में वांग ने कहा कि चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे है और वैश्विक महत्व बढ़ाने वाला है। वांग विदेश मंत्री के अलावा भारत-चीन सीमा वार्ता प्रणाली के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने मंगलवार को डोभाल को भेजे अपने संदेश में कहा कि दुनिया में दो सबसे अधिक आबादी वाले विकासशील देशों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में चीन और भारत एक ऐसा रिश्ता साझा करते हैं जो द्विपक्षीय सीमाओं से परे व बढ़ते वैश्विक महत्व वाला है। वांग ने हाल में कजाकिस्तान के अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से इतर एस जयशंकर से मुलाकात की थी। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी सरकार के गठन के बाद यह भारतीय और चीनी अधिकारियों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक थी।

भारत-चीन की 3,488 किलोमीटर तक फैली सीमा के जटिल विवाद से व्यापक तौर पर निपटने के लिए 2003 में गठित, विशेष प्रतिनिधि तंत्र का नेतृत्व भारत के एनएसए और चीनी विदेश मंत्री करते हैं। गलवान में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा होने के बाद से व्यापार को छोड़कर दोनों देशों के बीच संबंध एक नए निचले स्तर पर पहुंच गए। अब तक कोर कमांडर स्तर की 21 दौर की बातचीत की है। 22वीं बैठक होने वाली है।

### भारत कई इलाकों से पीछे हटने का बना रहा है दबाव

चीनी सेना के अनुसार, दोनों पक्ष अब तक पूर्वी लद्दाख में चार बिंदुओं– गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानन दबन (गोगरा) से पीछे हटने पर सहमत हुए हैं। भारत पीएलए पर देपसांग और डेमचोक इलाकों से सेना हटाने का दबाव बना रहा है। उसका कहना है कि जब तक सीमाओं की स्थिति असामान्य बनी रहेगी तब तक चीन के साथ उसके संबंधों में सामान्य स्थिति की बहाली नहीं हो सकती। चीन का अपना पक्ष है कि सीमा का प्रश्न संपूर्ण चीन–भारत संबंधों का प्रतिनिधित्व नहीं करता, और इसे द्विपक्षीय संबंधों में उचित रूप से रखा जाना चाहिए एवं ठीक से संभाला जाना चाहिए।

## एक नजर

### ईरान के नए राष्ट्रपति 30 जुलाई को लेंगे शपथ

**तेहरान।** ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान 30 जुलाई को शपथ लेंगे। ईरानी संसद के प्रेसिडियम के सदस्य मोजतबा यूसेफी ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरानी समाचार एजेंसी आईएसएनए ने यूसेफी के हवाले से कहा 14वां चुनाव जीतने वाले राष्ट्रपति का शपथ ग्रहण समारोह 30 जुलाई को होगा। पेजेशकियान (69) ने 5 जुलाई को हुए राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की और देश के नौवें राष्ट्रपति बने। पेजेशकियान कुल 30,510,157 वोट में से 16,384,403 वोट हासिल किए और उनके प्रतिद्वंदी सईद जलीली को 13,538,179 वोट मिले। पेजेशकियान पेशे से हृदय के सर्जन हैं।

### सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत, 7 घायल

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में गौतेंग प्रांत के मेराफोंग स्थानीय नगर पालिका में बुधवार सुबह एक मिनीबस और ट्रक की टक्कर में 12 विद्यार्थियों सहित 13 लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य घायल हो गए। प्रांत में शिक्षा, खेल, कला, संस्कृति एवं मनोरंजन के लिए कार्यकारी परिषद के सदस्य माटोम चिलोएन ने बताया कि छात्रों को ले जा रही एक मिनीबस को सुबह करीब 6 :45 बजे एक पिकअप ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गयी और उसमें आग लग गयी। चिलोएन ने बताया कि बस में सवार 11 छात्र रॉकलैंड्स प्राइमरी स्कूल से थे और एक कार्लटनविले के लार्सकूल ब्लिवूरुइट्सिग से था।

### रूस यूक्रेन संघर्ष में 600 यूक्रेनी सैनिक मारे गये

**मास्को।** रूस के दक्षिणी सैन्य समूह के साथ पिछले 24 घंटों के दौरान संघर्ष में यूक्रेन सशस्त्र बलों के करीब 600 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने लगभग 600 सैनिक, छह वाहन, दो 152–मिमी डी–20 बंदूकें और दो अमेरिका निर्मित 105–मिमी एम119 हॉवित्जर तोप नष्ट हो गये। रूस के सैन्य समूह के बलों ने पांच यूक्रेनी जवाबी हमलों को विफल कर दिया है। इस दौरान यूक्रेन के करीब 510 सैनिकों की मौत हो गई है। यूक्रेन के रूस के जैपैड (पश्चिम) सैन्य समूह के साथ लड़ाई में 495 सैनिक मारे गये हैं।


# आर्थिक सहयोग बढ़ाएंगे भारत-ऑस्ट्रिया

## ऑस्ट्रिया के चांसलर ने कहा- रूस और यूक्रेन शांति प्रक्रिया में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण

**वियना, एजेंसी**

भारत एवं ऑस्ट्रिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान कर आर्थिक, शैक्षणिक एवं उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में सहयोग को विस्तार देने का फैसला किया तथा इसके साथ ही दोनों देशों ने यूक्रेन में युद्धविराम एवं शांति स्थापित करने के लिए मिल कर काम करने का संकल्प जताया। वियना की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के बीच यहां चांसलरी भवन में आयोजित द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों के बीच के रिश्तों में नयी ऊर्जा का संचार हुआ। इस दौरान उन्होंने ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर से भी मुलाकात की।

किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यात्रा 41 साल बाद हो रही है। बैठक के बाद मोदी ने कहा मेरी यह यात्रा ऐतिहासिक भी है और विशेष भी है। ये भी सुखद संयोग है कि ये यात्रा उस समय हो रही है जब हमारे आपसी संबंधों के 75 साल पूरे हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा लोकतंत्र और कानून का राज जैसे मूल्यों में साझा विश्वास, हमारे संबंधों की मजबूत नींव हैं। आपसी विश्वास और समान हितों से हमारे रिश्तों को बल मिलता है। आज मेरे और चांसलर नेहमर के बीच बहुत सार्थक बातचीत हुई। हमने आपसी सहयोग को और मज़बूत करने के लिए नई संभावनाओं की पहचान की है। हमने निर्णय लिया है कि संबंधों को रणनीतिक दिशा प्रदान की जाएगी।



ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति से हाथ मिलाते प्रधानमंत्री मोदी।



वियना में बैठक में मोदी के साथ उपस्थित जयशंकर।



मोदी संग सेल्फी लेते चांसलर नेहमर।

- यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया में चल रहे विवादों पर की चर्चा

### जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी चुनौतियां सामने खड़ी

मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर भी हमने विचार साझा किये। जलवायु के विषय में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठजोड़, आपदारोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठजोड़ (सीडीआरआई), बॉयोफ्यूल अलायन्स जैसी हमारी पहलों से जुड़ने के लिए हम ऑस्ट्रिया को आमंत्रित करते हैं। हम दोनों आतंकवाद की कठोर निंदा करते हैं। हम सहमत हैं कि ये किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। इसको किसी तरह भी न्यायोचित नहीं ठहराया जा सकता। हम संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार के लिए सहमत हैं ।

### यूक्रेन में युद्ध समाप्त होना चाहिए

चांसलर नेहमर ने अपने वक्तव्य में बैठक के बारे में कहा प्रधानमंत्री मोदी और मैं सहमत हैं कि पश्चिम और वैश्विक दक्षिण के देशों को स्विट्जरलैंड में शांति शिखर सम्मेलन में चुने गए रास्ते को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट होना चाहिए। इस संबंध में भी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। यूक्रेन में युद्ध समाप्त होना चाहिए। ऑस्ट्रिया हर संभव प्रयास करेगा और संवाद स्थल के रूप में भी काम करने के लिए तैयार है। नेहमर ने कहा, मोदी और मैं आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेंगे।

### बिजनेस फोरम महत्वपूर्ण योगदान देगा

मोदी ने कहा कि वियना में आज का बिजनेस फोरम महत्वपूर्ण योगदान देगा और हमारे आर्थिक सहयोग को बढ़ाएगा। विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में हम ऑस्ट्रियाई और भारतीय तकनीकी विश्वविद्यालयों के बीच एक महत्वपूर्ण सहयोग समझौते के बहुत करीब हैं। फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, डिजिटल बुनियादी ढांचे और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में साझेदारी करेंगे।

# कोई गलती न करें, रूस युद्ध में विफल हो रहा है : बाइडेन

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- नाटो की 75वीं वर्षगांठ पर यूक्रेन को वायु-रक्षा उपकरण दान में देने की ऐतिहासिक घोषणा की



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को यूक्रेन के लिए वायु-रक्षा उपकरण दान में देने की ऐतिहासिक घोषणा की और कहा कि रूस इस युद्ध में विफल हो रहा है। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के लिए नाटो सदस्य देशों के नेताओं का स्वागत करते हुए बाइडेन ने कहा कि अमेरिका, जर्मनी, नीदरलैंड, रोमानिया और इटली, यूक्रेन को पांच अतिरिक्त, सामरिक रूप से महत्वपूर्ण वायु-रक्षा प्रणाली उपलब्ध कराएंगे।

आगामी महीनों में अमेरिका और उसके साझेदारों की यूक्रेन को कई अतिरिक्त वायु-रक्षा प्रणालियां उपलब्ध कराने की योजना है। उन्होंने बताया कि अमेरिका यह सुनिश्चित करेगा कि जब ''हम अहम वायु-रक्षा प्रणालियां भेजें तो यूक्रेन अग्रिम मोर्चे पर हो। बाइडेन ने कहा रूस के 3,50,000 से अधिक सैनिक मारे जा चुके हैं या घायल हो गए हैं, करीब 10 लाख रूसी नागरिक, जिनमें से कई युवा लोग हैं, वे रूस छोड़कर जा चुके हैं क्योंकि उन्हें अपने देश में कोई भविष्य नहीं दिखता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा हम जानते हैं कि पुतिन यूक्रेन में रुकेंगे नहीं। लेकिन कोई गलती भी न करें, यूक्रेन पुतिन को रोक सकता है और रोकेगा।

### मेरे प्रोत्साहन के बिना नाटो गठबंधन नहीं होता : ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अन्य सदस्य देशों को अपना योगदान बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित न किया होता तो आज नाटो गठबंधन नहीं होता। ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा है कि अगर मैं राष्ट्रपति नहीं होता, तो शायद अब तक नाटो नहीं होता।

## भारतीय मूल के दो नागरिकों को धोखाधड़ी के लिए जेल

**सिंगापुर।** भारतीय मूल के दो सिंगापुरी नागरिकों को यहां की एक अदालत ने कम से कम 50 कंपनी के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में दोषी ठहराते हुए अलग-अलग अवधि के लिए जेल की सजा सुनाई है। उप लोक अभियोजक मैथ्यू चू ने अदालत को बताया कि दोषी की दो कंपनी क्वाट्र्ज रिसोर्सेज और किओरा वर्ल्डवाइड को बैंक खातों के जरिए धन प्राप्त हुआ जिसमें चीन और संयुक्त अरब अमीरात से लेनदेन भी शामिल है। स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर में बताया गया कि ईशान शर्मा (34) को चार सप्ताह जेल की सजा सुनाई गई है जिस पर आरोप है कि उसने अपने दोस्त कांधिबन लेचुमननसामी (36) को उपरोक्त दोनों कपनियों में सिर्फ नाम का निदेशक बनाया और उसे कंपनी के कामकाज में दखल नहीं देने के लिए कहा।

# हम कभी भी सेना में भारतीयों को भर्ती नहीं करना चाहते थे

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- रूस के दूतावास प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने मुद्दे के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताई

रूस ने कहा कि वह रूसी सेना में सहायक कर्मी के रूप में भर्ती किए गए भारतीयों की वापसी के भारत के आह्वान से संबंधित मुद्दे के शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहा है। उसने कहा कि उनकी भर्ती पूरी तरह से एक व्यावसायिक मामला है।

रूस के दूतावास प्रभारी रोमन बाबुश्किन ने कहा कि मॉस्को कभी नहीं चाहता था कि भारतीय उसकी सेना का हिस्सा बनें और संघर्ष के संदर्भ में उनकी संख्या नगण्य है। उन्होंने कहा हम इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ हैं। हमें उम्मीद है कि इस मुद्दे का जल्द समाधान होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के समक्ष इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया, जिसके बाद रूस ने रूसी सेना में सहायक कर्मियों के रूप में कार्यरत भारतीय नागरिकों की शीघ्र रिहाई और स्वदेश वापसी सुनिश्चित करने का वादा किया था और इसके एक दिन बाद बाबुश्किन का बयान आया। बाबुश्किन ने कहा कि इस मुद्दे को राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा हम पूरी तरह स्पष्ट कर देते हैं कि हमने कभी नहीं चाहा कि भारतीय रूस की सेना में शामिल हों। आप इस पर रूस के अधिकारियों द्वारा कभी कोई घोषणा नहीं देखेंगे।

## हूती विद्रोहियों का तीन अमेरिकी, इजराइली जहाजों पर हमला

**सना।** यमन के हूती विद्रोही समूह अरब सागर और अदन की खाड़ी में अमेरिका तथा इजराइल के स्वामित्व वाले तीन जहाजों पर हमले का किया है। अल-मसीरा टीवी ने मंगलवार को हूती प्रवक्ता याह्या सरिया के हवाले से बताया कि अमेरिका और इजरायल के जहाज माएर्स्क सेंटोसा, मार्थोपोलिस तथा एमएससी पटनारी को निशाना बनाया गया।

उन्होंने कहा कि पहले अभियान में अरब सागर में अमेरिकी जहाज, माएर्स्क सेंटोसा को कई बैलिस्टिक और अन्य मिसाइलों से निशाना बनाया गया जबकि दूसरे अभियान में अरब सागर में जहाज, मार्थोपोलिस को ड्रोन से निशाना बनाया गया क्योंकि यह जहाज इज़रायली बंदरगाह की ओर जा रहा था। उन्होंने कहा कि तीसरे अभियान में 'अदन की खाड़ी में इजरायली जहाज एमएससी पटनारी को कई ड्रोन से निशाना बनाया गया।

# सेना ने गाजा सिटी को तुरंत खाली करने का दिया आदेश

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइली सेना ने सभी फिलिस्तीनियों को गाजा सिटी को तुरंत खाली कर दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया है। इजराइली सेना ने युद्धग्रस्त क्षेत्र के उत्तर, दक्षिण और मध्य में नए सिरे से हमले शुरू किए हैं जिनमें पिछले 48 घंटों में दर्जनों लोग मारे गए हैं।

सैन्य गतिविधियों में वृद्धि ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका, मिस्र और कतर के मध्यस्थ कतर की राजधानी दोहा में इजराइली अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे, ताकि गाजा के हमास आतंकवादी समूह के साथ काफी समय से लंबित संघर्षविराम समझौते को आगे बढ़ाया जा सके। सेना ने शहर में पर्चे गिराए, जिनमें लोगों से दक्षिण की ओर जाने का आह्वान किया गया और कहा गया, गाजा सिटी एक खतरनाक युद्ध क्षेत्र बना रहेगा। इससे पहले मध्य गाजा में बुधवार तड़के इजराइल के हवाई हमले में छह बच्चों और तीन महिलाओं समेत 20 फलस्तीनी मारे गए जिनमें से कुछ इजराइली सेना द्वारा घोषित कथित सुरक्षित क्षेत्र के अंदर थे। मध्यवर्ती शहर दीर अल-बलाह और उसके आसपास के शरणार्थी शिविरों पर लगातार दूसरी रात ये घातक हमले किए गए। इजराइल का कहना है कि वह नौ महीने से जारी सैन्य हमले के बाद गाजा के विभिन्न हिस्सों में फिर से संगठित हो रहे हमास चरमपंथियों को निशाना बना रहा है।



- सेना ने उत्तर, दक्षिण व मध्य गाजा में नए सिरे से हमले शुरू किए

## कई फ्रांसीसी सांसद वामपंथी गठबंधन से मुक्ति चाहते हैं

**पेरिस।** फ्रांस में कई वामपंथी सांसदों ने प्रस्ताव दिया है कि संसदीय चुनावों में वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट (एनएफपी) गठबंधन की जीत के बाद संसद में एक अलग समूह बनाया जाए। यह जानकारी फ्रेंच ब्रॉडकास्टर बीएफएमटीवी ने दी।

निर्वाचित सांसदों ने ग्रीन्स पार्टी और फ्रांसीसी कम्युनिस्ट पार्टी, जो गठबंधन का हिस्सा हैं, को गठबंधन से अलग होने और अपना समूह बनाने की पेशकश की है। बीएफएमटीवी की रिपोर्ट के अनुसार, इस पहल की शुरुआत सांसद क्लेमेंटाइन ऑटेन, एलेक्सिस कॉर्बिएर और फ्रेंकोइस रफिन ने की, जिन्होंने मंगलवार को उक्त पार्टियों को एक आधिकारिक पत्र भेजा। सांसद क्लेमेंटाइन ऑटेन ने बताया कि नए समूह का उद्देश्य कथित रूप से जीन-ल्यूक मेलेनचॉन की फ्रांस अनबोव्ड पार्टी और सोशलिस्ट पार्टी के साथ प्रतिस्पर्धा करना है।

# मोदी–पुतिन मिलाप से अमेरिका परेशान

**वाशिंगटन/नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों तथा राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेल-मिलाप को लेकर अमेरिका चिंतित है और उसने अपनी इन चिंताओं को भारत सरकार के साथ निजी स्तर पर बातचीत में और सीधे भी प्रकट किया है। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अमेरिका की ओर से इस तरह की चिंता मोदी की मास्को यात्रा के दौरान व्यक्त की गई है।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी के पुतिन के गले मिलने के विषय में संवाददाताओं के सवालों के जबाव में कहा हम रूस के साथ भारत के संबंधों को लेकर अपनी चिंताओं के बारे में बिल्कुल स्पष्ट हैं। हमने इसे भारत सरकार के साथ निजी तौर पर और सीधे भी इसे रखा है तथा हम ऐसा करते आ रहे हैं। इस संबंध में हमारे रूख में बदलाव नहीं आया है। मोदी-पुतिन मिलाप पर यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की आपत्ति जता चुके हैं, तो क्या इसका भारत पर विश्वास और उसके साथ अमेरिका के रणनीतिक संबंधों पर कोई असर पड़ेगा इस पर मिलर ने कहा वह यूक्रेन में संप्रभुता तथा भौगोलिक अखंडता के सम्मान के लिए संयुक्त राष्ट्र के घोषणा पत्र के सिद्धांतों के अनुसार, किये जाने वाले प्रयासों को समर्थन दे।

### मोदी की रूस यात्रा की गूंज पेंटागन तक सुनाई दी

प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा की गूंज अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन में भी सुनाई दी। पेंटागन के प्रेस प्रवक्ता मेजर जनरल पैट रेडर से मोदी–पुतिन मुलाकात के समय के बारे में पूछा गया, जो उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की शिखर बैठक के ठीक पहले हुई है। उनसे सवाल किया गया कि क्या इसे देखते हुए अमेरिका भारत को हथियारों की बिक्री करने के अपने निर्णयों पर पुनर्विचार करेगा।

### रणनीतिक साझेदार बना रहेगा भारत : अमेरिका

राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन ने कहा है कि रूस के साथ संबंधों को लेकर चिंताओं के बावजूद भारत वाशिंगटन का रणनीतिक साझेदार बना रहेगा। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन और विदेश विभाग के प्रवक्ताओं ने रूस के साथ भारत के रिश्तों और मोदी के मॉस्को दौरे से जुड़े सवालों पर मंगलवार को अलग–अलग प्रतिक्रिया दी। पेंटागन के प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट राइडर ने कहा भारत और रूस के बीच काफी लंबे समय से रिश्ते हैं।

## ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं : हैरिस

**वाशिंगटन।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के चुनाव के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी लोकतंत्र को तानाशाही में बदल देंगे। हैरिस ने बाइडेन-हैरिस के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए लास वेगास में कहा डोनाल्ड ट्रंप हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलना चाहते हैं। यह कार्यक्रम पूरे देश में एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई नागरिक और प्रशांत द्वीपसमूह (एएएनएचपीआई) के मतदाताओं, समुदायों और नेताओं को संगठित करेगा।



## परिवर्तन

### कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 300 व सतही ओजोन की मात्रा 60 पीपीबी पहुंची

# मानसून आया वायु प्रदूषण में सुधार लाया

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार:** मानसून आया तो कृषि के साथ वायु प्रदूषण में राहत लाया है। मानसून की बारिश से मध्य हिमालय क्षेत्र में वायु प्रदूषण की मात्रा में काफी हद तक सुधार आ गया है। कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 300 व सतही ओजोन की मात्रा 60 पहुंच गई है। गर्मी के दौरान कार्बन मोनोऑक्साइड चार गुना, जबकि ओजोन की मात्रा ढाई गुना बढ़ गई थी।

इस बार की गर्मी कई मायनों में याद की जाएगी। जिसमें वायु प्रदूषण ने भी आसमान छूने में कसर नही छोड़ी। ओजोन व कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा सर्वाधिक रही। जिसमें कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा 800 (पीपीबी) पार्ट पर बिलियन पहुच गई थी, जो सामान्य से चार गुना अधिक दर्ज की गई। इसी क्रम में ओजोन की मात्रा 100 पीपीबी पहुच गयी थी, जो सामान्यतः 40 पीपीबी होनी चाहिए। इसकी सामान्य मात्रा 200 पीपीबी होनी चाहिए। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के मुताबिक इन दिनों 300 पीपीबी पहुच गई है। ओजोन की मात्रा में भी काफी सुधार आ गया है, जो 60 पीपीबी पहुच गया है। आने वाले दिनों में बारिश में इनकी मात्रा में अधिक सुधार आएगा और वायु प्रदूषण की स्थिति सामान्य अवस्था में लौट आएगी। पर्वतीय क्षेत्रों में वायु प्रदूषण में वृद्धि की प्रमुख वजह जंगलों की आग है। इस बार वनाग्नि ने हिमालय की तलहटी में जंगलों के जंगल स्वाहा कर दिए।



### एरीज कार्यशाला में खुलेंगे वायु प्रदूषण के रहस्य

**नैनीताल :** एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डा मनीष नाजा ने बताया कि पर्वतीय क्षेत्रों में इस बार गर्मी के दौरान वायु प्रदूषण की मात्रा में अधिक वृद्धि दर्ज की गई । एरीज वायु प्रदूषण को लेकर कार्यशाला आयोजित करने जा रहा है। जिसमें वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य हानि मुख्य एजेंडा होगा। इसके अलावा सैटेलाइट व स्पेस सैंसर आधुकनिक तकनीक के जरिए वायु प्रदूषण मापन पर चर्चा की जाएगी।